भोपाल
शुक्रवार, 26 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-04
वर्ष : 12, अंक : 177
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## ओबीसी आरक्षण पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# सर्वानुमति से सुप्रीम कोर्ट में 13% पदों को अनहोल्ड करने की हमने मांग रखी

» कांग्रेस को जल्दबाजी न करने की सलाह

» अब 8 अक्टूबर से होनी है केस की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज »भोपाल

मप्र में ओबीसी वर्ग को 27% आरक्षण मामले में 24 सितंबर से शुरू होने वाली रोजाना सुनवाई अब 8 अक्टूबर से होगी।



ओबीसी आरक्षण मामले पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेताओं को जल्दबाजी न करने की सलाह दी है। सीएम ने कहा कि मैं कांग्रेस के मित्रों से भी कहना चाहता हूं कि जल्दी न करें, हम सब साथ हैं उसका लाभ कोर्ट के सामने एकजुटता से ही रहेगा। अगर जल्दीबाजी करेंगे तो ये ओबीसी वर्ग के लिए भी नुकसानदायक रहेगा। ये किसी वर्ग के »शेष पेज 6 पर

### सबको लाभ मिले, उसी भाव पर चल रहे

सीएम ने कहा कि हमने यह कहा है कि हम प्रधानमंत्री की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना पर चलते हैं। एसटी, एससी, ओबीसी, सामान्य वर्ग सबका जो निर्धारित आरक्षण है उसका सबको लाभ मिले। उसी भाव पर चल रहे हैं। सीएम ने कहा चूंकि, 15 हजार से ज्यादा दस्तावेज फाइल हुए हैं तो उन्होंने »शेष पेज 6 पर

## प्रधानमंत्री मोदी ने दिया बड़ा संकेत... मिल सकती है और खुशखबरी

# आम जनता के कंधों से और घटेगा करों का बोझ अर्थव्यवस्था मजबूत होते ही टैक्स 'और कम' करेंगे

एजेंसी »नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने हाल के दिनों में लोगों को बड़ी राहत देते हुए जीएसटी की कीमतों में कटौती की। जीएसटी की नई दरें सोमवार यानी 22 सितंबर से लागू हो गईं। इस तोहफे के बाद के बाद पीएम मोदी ने एक और खुशखबरी दी है।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ टैक्स को और कम किया जाएगा। उन्होंने जीएसटी की दरों में और कटौती के भी संकेत दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 में एक लाख की खरीदारी पर करीब 25 हजार का टैक्स लगता था। अब वह टैक्स घटकर 5-6 हजार रुपए रह गया है। हमने भारत के लोगों की आय और बचत में वृद्धि की है। हम यहीं नहीं रुकने वाले हैं। जैसे-जैसे हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते रहेंगे, हम टैक्स को कम करना जारी रखेंगे। जीएसटी सुधारों की प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी।

» स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का ईकोसिस्टम बनाना होगा




### हमें किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि भारत जैसे देश को किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। इस बदलते समय में, अगर देश दूसरों पर निर्भर रहेंगे, तो वे अपनी वृद्धि से समझौता करेंगे। उन्होंने जोर दिया कि दुनिया अनिश्चितता और व्यवधान का सामना कर रही है, फिर भी भारत आकर्षक विकास कर रहा है। व्यापारियों और उद्यमियों का आह्वान करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाएं जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती दे। आप जो भी निर्माण कर रहे हैं, वह श्रेष्ठ गुणवत्ता का होना चाहिए। स्वदेशी उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर लोगों का विश्वास बढ़ा है और स्वदेशी को लेकर गर्व की भावना भी बढ़ी है, लेकिन हमें स्वदेशी रिसर्च पर निवेश कई गुना बढ़ाना होगा। नवाचार के बिना दुनिया ठहर जाती है, व्यापार भी ठहर जाता है। स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन, डेवलपमेंट का ईको सिस्टम बनाना होगा। »पढ़ें पेज 11 भी

## चतुर्थी: मां कूष्मांडा



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट पर नायब तहसीलदार की मौत

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के गोविंदपुरा तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार दिनेश साहू की गुरुवार को एयरपोर्ट पर ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत की सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए एयरपोर्ट पर तैनात थे। अचानक उन्हें सीने में दर्द हुआ और वे जमीन पर गिर पड़े। उनके साथी उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### सीवर सफाई करने उतरे जहरीली गैस से हादसा

**सतना।** जिले में सीवर चैंबर साफ करने उतरे तीन कर्मचारी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। हादसे ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महज चार दिन के भीतर शहर में इस तरह की यह दूसरी घटना है। हादसा गुरुवार दोपहर कोलगवां थाना क्षेत्र के कृपालपुर इलाके में त्रिवेणी पैलेस के पास हुआ है। ऐन विराट कंपनी के 3 कर्मचारियों को गड्ढे में उतारा गया था।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी में स्वदेशी जागरण सप्ताह का किया शुभारंभ, रैली में हुए शामिल

# भारत ने हर काल में चुनौतियों का सामना 'स्वदेशी और आत्मनिर्भरता' से ही किया

विशेष प्रतिनिधि »भोपाल

◆ **सीएम ने कहा** कि स्वावलंबन और स्वदेशी के बीज से ही आत्मनिर्भरता का वटवृक्ष बनेगा और भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित होगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी की ताकत से ही हमारी संस्कृति, हजारों-हजार साल से अपने गौरव-गरिमा और समृद्धता के साथ विद्यमान है। हर युग और हर काल में आई चुनौतियों का सामना भारत ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की ताकत से ही किया है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी के बल पर ही देश को आजादी दिलाई थी। उन्होंने जन-जन को विदेशी वस्तुओं को त्यागने और विदेशी वस्त्रों की होली जलाने के लिए प्रेरित किया।

अपनी माटी, अपने देश और स्वदेशी व्यवस्था के प्रति हम सबके मन में सम्मान होना चाहिए। डॉ. यादव ने गुरूवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जंयती के अवसर पर मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय स्वदेशी जागरण सप्ताह के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। यह सप्ताह महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। रवींद्र भवन में आयोजित »शेष पेज 6 पर

> अपनी माटी, अपने देश और स्वदेशी व्यवस्था के प्रति हम सबके मन में सम्मान हो

- प्रदेशवासियों को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लिए किया प्रेरित
- महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा स्वदेशी जागरण सप्ताह
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर



### किसानों और कारीगरों के परिश्रम का सम्मान जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान मिट्टी में श्रम से ही अन्न के भंडार भरते हैं। लघु उद्योग चलाने और उसमें काम करने वाले कारीगर के भी स्वावलंबन के मार्ग पर चलते हैं, उनके परिश्रम का सम्मान आवश्यक है। डॉ. यादव ने नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के त्योहारी सीजन में प्रदेशवासियों को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान की सफलता समाज के सहयोग के बिना मंजिल तक नहीं »शेष पेज 6 पर

### उपाध्याय और गांधी के विचारों में थी समानता

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी और पं दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में बहुत समानता थी। दोनों का ही विचार था कि स्वावलंबन और स्वदेशी के बीज से ही आत्मनिर्भरता का वटवृक्ष बनेगा और भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार, ब्रह्म कुमारी संगठन, पंतजलि समूह और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने स्वदेशी के प्रति अपनी प्रतिबद्धिता व्यक्त करते हुए डॉ. यादव को स्वदेशी संकल्प समर्थन-पत्र सौंपे। कार्यक्रम में स्वदेशी पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। स्वदेशी जनजागरण रैली के माध्यम से उद्योग जगत, व्यापारी बंधुओं, दुकानदारों, विक्रेताओं, छात्र-छात्राओं और समस्त समाज के सदस्यों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।*

### भोपाल, बैतूल, शिवपुरी व उज्जैन में लगेंगे स्वदेशी मेले



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वदेशी जागरण सप्ताह में स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार-प्रसार करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में इसका आयोजन किया जा रहा है। प्रसन्नता का विषय है कि आगामी माहों में भोपाल, बैतूल, शिवपुरी और उज्जैन में स्वदेशी मेले आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं। उनके मार्गदर्शन में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। आत्मनिर्भर बनते भारत की विकास यात्रा का मार्ग स्वदेशी से ही खुलता है।* »पढ़ें पेज 04 भी

## भोपाल के यात्री की पैंट में घुस गया था चूहा

# एयरपोर्ट पर चूहा कांड में डॉक्टर को हटाया, अस्पताल को नोटिस

> सफाई संभाल रही पेस्ट कंट्रोल कंपनी पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज »इंदौर




इंदौर एयरपोर्ट पर चूहे के यात्री को काटने की घटना में मैनेजमेंट एक्शन में आया है। एयरपोर्ट के मेडिकल रूम में तैनात डॉ. हर्षवर्धन सिंह को हटा दिया गया है। उनको नोटिस भी दिया गया है। डॉ. सिंह पर यात्री के इलाज में संवेदनशीलता नहीं दिखाने का आरोप है। इंदौर एयरपोर्ट पर साफ-सफाई का »शेष पेज 6 पर

### डिपार्चर हॉल में इंतजार के दौरान पैंट में घुसा था चूहा

मामला 23 सितंबर का है। भोपाल के रहने वाले अरुण मोदी इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई 6739 से बेंगलुरु जा रहे थे। उनकी पत्नी साथ थीं। फ्लाइट इंदौर एयरपोर्ट से दोपहर 3 बजकर 5 मिनट उड़ान भरती। मोदी दंपती दोपहर करीब 1 बजे एयरपोर्ट पहुंचे। फ्लाइट »शेष पेज 6 पर

## भूपेंद्र यादव होंगे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रभारी

# बिहार चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को बनाया 'प्रभारी'



एजेंसी »नई दिल्ली

» तमिलनाडु के लिए पांडा को जिम्मेदारी

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों का ऐलान किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार में प्रदेश चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। उधर, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल को प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही भाजपा ने अगले साल होने वाले तमिलनाडु चुनाव के »शेष पेज 6 पर

## मंत्री विजयवर्गीय का राहुल पर बयान

# वे बहन को चुंबन करते हैं, हम तो बहन के घर पानी तक नहीं पीते



हरिभूमि न्यूज »शाजापुर

> पटवारी बोले विजयवर्गीय को मातारानी सदबुद्धि दें

नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम पुरानी संस्कृति के लोग हैं। हमारी बहनों के गांव जीरापुर में पानी तक नहीं पीते हैं। मेरे पिताजी घर से पानी का लोटा लेकर आते थे। आज के हमारे प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं कि अपनी बहन को बीच चौराहे पर चुंबन करते हैं। ये संस्कारों का अभाव है। ये संस्कार तो विदेशी संस्कृति के हैं। इसमें उनकी गलती नहीं है। वह विदेश में पले-बढ़े हैं। ऐसे संस्कार का अनुभव »शेष पेज 6 पर

## विधवा-निसंतान महिला की संपत्ति पर किसका हक?

# शादी के बाद 'गोत्र' अलग ऐसे में मायके का हक नहीं



एजेंसी »नई दिल्ली

> संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी

सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15 (1) (बी) को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत, अगर किसी विधवा और निसंतान हिंदू महिला की बिना वसीयत के मौत हो जाती है, तो उसकी संपत्ति उसके ससुरालवालों को मिल जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हिंदू समाज में कन्यादान की परंपरा है, जिसके तहत जब एक »शेष पेज 6 पर

## बांके बिहारी जी के किए दर्शन, निधिवन की लगाई 'परिक्रमा'

### 18 कोच वाली विशेष ट्रेन से मथुरा पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**मथुरा।** गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मथुरा पहुंचीं। वह अपने परिवार के साथ ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन किए। इसके बाद निधिवन पहुंचीं और यहां उन्होंने परिक्रमा लगाई। इस दौरान मथुरा-वृंदावन में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही। राष्ट्रपति मुर्मू 18 कोच वाली विशेष ट्रेन से वृंदावन पहुंचीं। सुबह लगभग आठ बजे दिल्ली से रवाना हुई ट्रेन करीब 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन के 12 कोच केवल राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए आरक्षित »शेष पेज 6 पर

## सीबीआई की टीम करीब 10 दिन पहले आदेश लेकर आई थी

# सोनम वांगचुक के संस्थान पर सीबीआई का शिकंजा, एफसीआरए के तहत मिला लाइसेंस रद्द

एजेंसी »नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोनम वांगचुक द्वारा स्थापित हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख के खिलाफ विदेशी अंशदान अधिनियम के उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई हो रही है।

वांगचुक ने पुष्टि की कि सीबीआई टीम 10 दिन पहले आई थी। लद्दाख में राज्य के दर्जे की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह जांच शुरू हुई है।

> अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है



### गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई

सोनम वांगचुक ने बताया कि सीबीआई की एक टीम करीब 10 दिन पहले एक आदेश लेकर आई थी, जिसमें कहा गया था कि वे हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (एचआईएएल) में कथित विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन के संबंध में गृह मंत्रालय की शिकायत पर कार्रवाई कर रहे हैं। इससे पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को हिंसक हो गया था। इस हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी और 30 पुलिस »शेष पेज 6 पर

## नवरात्रि पर्व के बीच मुस्लिम पोस्टरों पर विहिप ने गहरी आपत्ति जताई

देश के कई हिस्सों में बवाल

# 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर के बाद मुंबई में महिलाएं गरबा पंडाल में 'आई लव महादेव' के बैनर लेकर पहुंची

एजेंसी »नई दिल्ली/ हरिभूमि न्यूज »भोपाल

कानपुर में 5 सितंबर को 'आई लव मोहम्मद' का बोर्ड सामने आया था। उसके बाद आई लव मोहम्मद बनाम 'आई लव महाकाल' पर देश के कई हिस्सों में पोस्टरबाजी शुरु हो गई। कानपुर से लेकर उज्जैन और गांधीनगर तक में पोस्टरबाजी का दौर शुरू हो चुका है। गांधीनगर से बड़ी खबर सामने आई है।

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद अब गरबा पंडालों में आई लव महादेव कैंपेन चल पड़ा है। इसका असर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी देखने को मिला है। मुंबई के गरबा पंडालों में युवतियां और महिलाएं 'आई लव महादेव' के पोस्टर »शेष पेज 6 पर

> गांधीनगर में उपद्रवियों ने गरबा पंडाल और गाड़ियों में लगाई आग




### 'आई लव मोहम्मद' के नारे के साथ पत्थरबाजी

गुजरात में भी आई लव मोहम्मद के नारे के साथ पत्थरबाजी करने की घटना हुई है। नवरात्रि के दौरान देहगाम के बहियल गांव में हंगामा हुआ है। नवरात्रि में चल रहे गरबा के दौरान पथराव से माहौल बिगड़ गया। आरोप है कि आई लव मोहम्मद के नारे के साथ पत्थरबाजी की गई। »शेष पेज 6 पर

### इंदौर में भी पहुंचा विवादित पोस्टर

इंदौर में भी यह विवाद पहुंच गया। शहर के चंदन नगर क्षेत्र में लगाए गए आई लव मोहम्मद के बैनरों ने नया विवाद खड़ा कर दिया। नवरात्रि पर्व की शुरुआत के बीच इन पोस्टरों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेताओं ने आपत्ति जताई। »शेष पेज 6 पर

### कर्नाटक और वाराणसी में भी बवाल

कर्नाटक के देवानगेरे में भी पोस्टर विवाद पहुंच गया है। आई लव मुहम्मदिया फ्लेक्स बोर्ड लगाने को लेकर पथराव की घटना हुई है। एसपी उमा प्रशांत ने घटनास्थल का दौरा कर हालात का मौका मुआयना किया है। एसपी ने बताया कि हम दोनों पक्षों की शिकायतों पर कार्रवाई »शेष पेज 6 पर


मा.दीदी श्रीमती
कृष्णा गौर जी
को जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
26 सितम्बर
सुरेन्द्र धोटे जी
मण्डल अध्यक्ष
DESIGN PRINT 9340129148
सौजन्यः समस्त कार्यकर्ता, अवधपुरी मण्डल गोविन्दपुरा विधानसभा, भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

4 मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा: सोयाबीन ...



5 बीएमएचआरसी: नर्सिंग छात्रा की मौत का मामला...








## खबर संक्षेप




### फर्स्ट एड बॉक्स नहीं होने पर नहीं मिलेगा परमिट

**भोपाल।** परिवहन विभाग विशेष चेकिंग अभियान चला रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार को इंदौर रूट सहित अन्य जगहों पर यात्री वाहनों की जांच की गई। बिना परमिट, फिटनेस एवं टैक्स पर एक बस को जब्त किया गया। इसके अलावा वाहन में स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ स्कूल-कॉलेज और यात्री बसों में कमियां पाए जाने पर 11 वाहनों पर 48 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। परिवहन विभाग इस पर विशेष ध्यान दे रहा है कि बगैर फर्स्ट एड बॉक्स के वाहन सड़क पर न चलें। गुरुवार को प्रदेश में 1718 यात्री बसों की जांच की गई और जिन बसों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं पाए गए, उन पर चालानी कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री बसों को परमिट जारी करने के पहले फर्स्ट एड बॉक्स की जांच की जाये। फर्स्ट एड बॉक्स न होने पर विभाग परमिट जारी नहीं करेगा।

### आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**भोपाल।** अखिल भारत यादव महासभा के नेतृत्व में यादव रेजीमेंट मांग को लेकर शुक्रवार को रेजांगला के वीर शहीदों की रज कलश वाहन यात्रा निकाली जाएगी। यह रैली 11 मील मिसरोद से बावड़िया कलां ब्रिज, कोलार गेस्ट हाउस तिराहा, मेनिट चौराहा होते हुए प्लेटिनम प्लाजा अटल पथ पर पहुंचेगी। इसके बाद यहां पर आमसभा होगी। आमसभा उपरांत रोशनपुरा चौराहा पर समाप्त होगी। रैली के आमसभा कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर प्लेटिनम प्लाजा से अपेक्स बैंक तिराहा की ओर आवागमन परिवर्तित रहेगा। रैली के दौरान कुछ समय के लिए रैली मार्ग पर यातायात परिवर्तित रहेगा।

- वाहन माता मंदिर चौराहा से लिंक रोड-2, सेकंड स्टॉप से तरूण पुष्कर होकर लिंक रोड-1 से आवागमन कर सकेंगे।
- रोशनपुरा चौराहा, रंगमहल, जवाहर चैक, भारत माता चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।

## भोपाल मेट्रो ने अंतिम परीक्षा की पहली सीढ़ी की पार

# मेट्रो में बैठे कमिश्नर रेल सेफ्टी, 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाई ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में मेट्रो शुरु होने के बाद भोपाल में भी आम लोगों के लिए मेट्रो में सफर करने की घड़ी नजदीक आ रही है। कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की हरी झंडी के बाद मेट्रो को आम लोगों के लिए शुरु कर दिया जाएगा। जिसके लिए गुरुवार को दिल्ली से आई मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम ने ट्रेन, रूट, स्टेशन और यात्रियों की सुरक्षा के जुड़े सभी पहलुओं को बारीकी से जांचा। कमिश्नर ने मेट्रो में बैठकर सुभाष नगर डिपो से एम्स तक गए। इस दौरान मेट्रो को 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया। मेट्रो की सुरक्षा अप्रूवल के बाद अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में मेट्रो को चलाया जा सकता है।

दिल्ली से आई कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम ने भोपाल मेट्रो के रोलिंग स्टाक, डिपो और ट्रेन का बारीकी से जांच की। मुख्य रेल सुरक्षा आयुक्त जनक गर्ग के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मेट्रो सुरक्षा की जांच करती रही। सबसे पहले टीम ने यात्री सुरक्षा, सुविधा वाली मेट्रो ट्रेन को देखा। टीम ने सीसीटीवी, सीटें, एसी कोच, चार्जिंग पाइंट और ट्रेन के टाइम टेबल के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर एमडी एस. कृष्ण चैतन्य, वरिष्ठ अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, अजय गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सीएमआरएस टीम ने रोलिंग स्टाक, डिपो और ट्रेन को देखा | अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में यात्रियों के लिए दौड़ेगी मेट्रो

### इंजीनियर्स ने दिया सुरक्षा प्रोटोकाल, संचालन प्रक्रिया का प्रेजेंटेशन



टीम के निरीक्षण के बाद एमपी मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड के अफसरों और इंजीनियर्स ने तकनीकी प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें सुरक्षा प्रोटोकाल, संचालन प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा की गई। अफसरों ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बारीकी से बताया।

### सीएमआरएस टीम दूसरी बार स्टेशन को देखेगी टीम

मेट्रो प्रबंधन का कहना है कि यह पहली परीक्षा पूरी हुई है और जल्द ही सीएमआरएस टीम दूसरी बार निरीक्षण करेगी। जिसमें मेट्रो रूट के स्टेशनों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की जानकारी ली जाएगी। जिसके बाद ही यात्री सेवाओं के संचालन की अंतिम मंजूरी मिलेगी।



### मेट्रो डिपो की वर्किंग को समझा, कंट्रोल रूम के बारे में भी जानकारी ली

टीम ने मेट्रो संचालन के लिए बनाए गए डिपो और कंट्रोल रूम के बारे में भी जानकारी ली। जिसमें ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, ट्रेन संचालन, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा प्रणालियों की निगरानी भी देखी। ट्रेन और स्टेशनों पर आग से सुरक्षा के उपकरणों को भी परखा।

### दो साल पहले ट्रायल अब शुरू होने की तारीख आई नजदीक

राजधानी में पहली बार मेट्रो 3 अक्टूबर 2023 को पटरी पर दौड़ी थी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया था। उसके बाद रानी कमलापति स्टेशन से एम्स तक के रूट का काम तेजी से शुरु किया गया था। करीब 6 किमी के इस रूट का काम पूरा होने में दो साल लग गए। अब नगरीय प्रशासन विभाग ने अक्टूबर में मेट्रो का कमर्शियल रन प्रस्तावित किया है। जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं, वे भोपाल मेट्रो के पहले यात्री भी बन सकते हैं। मेट्रो के जिन 3 स्टेशन का काम बचा है, उन पर फोकस किया जा रहा है। इधर मेट्रो शुरु करने के लिए रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडडर्स ऑर्गेनाइजेशन की टीम आ चुकी है। इस टीम की रिपोर्ट ओके आई। इसके निरीक्षण के बाद सीएमआरएस को डॉक्युमेंट्स सबमिट किए गए।

## निशातपुरा में राजवंश कॉलोनी की घटना

# चौथी मंजिल की छत से गिरी ग्यारह माह की बच्ची और मां, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित मित्तल कॉलेज के पास राजवंश कॉलोनी चार मंजिला बिल्डिंग की छत से गिरकर 11 महीने की बच्ची और मां की मौत हो गई। हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास का है। महिला ने बच्ची के साथ आत्महत्या की या फिर वह हादसे का शिकार हुई, पुलिस इसकी जांच कर रही है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी निशातपुरा को सौंप दी है।

पुलिस के अनुसार गौरी सिसोदिया पति जिनेंद्र सिसोदिया (30) मित्तल कॉलेज के पास राजवंश कॉलोनी में रहती थी। वह गृहणी थी। इमरत शराब कंपनी में काम करता है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि परिवार में पत्नी गौरी के अलावा 11 महीने की बेटी ओमिशा थी। तीन साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। बुधवार रात करीब 9 बजे वह पास ही दुकान पर गया था। वहां उसे पड़ोसी महिला का कॉल आया कि घर लौट आओ, हादसा हो गया है। वह घर पहुंचा तो सड़क पर पत्नी बेसुध पड़ी हुई थी। पास ही बच्ची थी। वह पत्नी और बच्ची को लेकर भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचा। वहां डॉक्टर ने गौरी को मृत घोषित कर दिया, जबकि रात में ओमिशा की मौत हो गई।

### हादसा या आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

थाना प्रभारी मनोज कुमार पटवा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हादसे से जुड़ा नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि प्रतिदिन गौरी बेटी को घुमाने के लिए छत पर ले जाती थी। बुधवार रात भी वह बेटी को छत पर घुमाने ले गई थी। इस दौरान उसने बेटी को बाउंड्रीवॉल पर बैठा दिया। बेटी ओमिशा 11 महीने की थी और चंचल थी। गौरी के हाथ से छूटकर वह नीचे गिरी थी। इसके बाद गौरी ने नीचे छलांग लगा दी। अनुमान है कि बेटी के नीचे गिरने के बाद गौरी को कुछ समझ नहीं आया और उसने भी छलांग लगा दी। करीब 40 फीट से ज्यादा की ऊंचाई होने के कारण गौरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। ओमिशा का डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन मल्टीपल इंजुरी होने के कारण ओमिशा की भी मौत हो गई।

## बार संचालक पर 20 हजार का जुर्माना

# बार परिसर में तेज आवाज में बज रहा डीजे किया जब्त, शराब भी पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भदभदा रोड के पास मेंडोरा में ट्री चेप्टर बार में रोजाना तेज आवाज में डीजे बजाने के मामले में पहुंची टीम ने डीजे जब्त कर लिया। बार संचालक पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा के साथ पहुंचे आबकारी अमले ने भी यहां से शराब जब्त की है। इधर, खाद्य सुरक्षा विभाग ने किचन में गंदगी मिलने पर नोटिस जारी किया है।

एसडीएम ने बताया कि भदभदा के पास स्थित ट्री चेप्टर बार में रोजाना तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिली थी। यहां पर तेज आवाज में बज रहे डीजे को जब्त कर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आबकारी ने भी शराब जब्त की है। बताया जा रहा है कि संचालक ने शराब का लाइसेंस नहीं लिया था। होटल मैनेजर अमन तोमर से भी पूछताछ की गई है।



### छोला सब्जी और बेसन के लिए सैंपल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना पर पहुंची टीम ने जब बार के किचन की जांच की तो, यहां गंदगी मिलने पर नोटिस दिया गया है। टीम ने यहां से तरबूज मगज, छोला सब्जी, बेसन और मेंदा की सैंपलिंग की है।

## सड़क हादसे में चोटिल हुई थी महिला

# नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय की संपत्ति कुर्क किए जाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़क दुर्घटना के दौरान चोटिल हुई महिला को क्षतिपूर्ति के रूप में जिला न्यायालय द्वारा पारित आदेश के बावजूद क्षतिपूर्ति राशि 15 लाख 73 हजार 601 रुपए का भुगतान न किए जाने पर जिला न्यायाधीश जयंत शर्मा ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मण्डल प्रबंधक कार्यालय एमपी नगर जोन 2 भोपाल की संपत्ति को कुर्क किए जाने के आदेश दिए हैं।

अधिवक्ता एलबी यादव ने बताया कि 28 नवंबर 2023 को गांधी नगर में आटो से जा रही तारा जेतमाल पत्नी राजेश जेतमाल निवासी बैरागढ़ को कार के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से जेतमाल को गंभीर चोटें आईं थीं और उनकी रीढ़ की हड्डी में ऑपरेशन कर प्लेट डाली गई थी। अधिवक्ता एलबी यादव ने न्यायालय में चोटिल हुई महिला को क्षतिपूर्ति दिलाए जाने का प्रकरण प्रस्तुत किया था।

जिला न्यायाधीश जयंत शर्मा ने 2 मई 2025 को अपने आदेश में कार केचालक, कार के मालिक और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 15 लाख 73 हजार 601 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि आवेदिका को संयुक्त रूप से अथवा पृथक-पृथक अदा किए जाने के आदेश दिए थे। क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान न किए जाने पर उन्होंने आवेदिका की ओर से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान कराए जाने का अनुरोध किया था।

# आरजीपीवी: मारपीट की घटना के बाद दोषी छात्रों पर लगाया 5 हजार रुपए का फाइन

### *एक छात्र को नोटिस जारी किया, पालकों से लिया जाएगा शपथ पत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रों के दो गुटों बीच हुई मारपीट मामले में दोषी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मामले की जांच के बाद अनुशासन समिति की बैठक में पारित अनुशंसा के आधार पर दोषी पाए गए चार छात्रों पर 5 हजार रुपए का अर्थ दंड तथा एक को नोटिस जारी किया गया है।

विवि के एपीजे अब्दुल कलाम छात्रावास में बीते 15 सितंबर 2025 को कुछ सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ मारपीट की थी। इसके अलावा अगले दिन यूआईटी सर्कल के पास भी दोपहर में सीनियर छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट संबंधी दो अलग-अलग शिकायतें प्राप्त की गई थीं। इन शिकायतों पर संचालक यूआईटी आरजीपीवी ने घटना में संलिप्त छात्रों को अनुशासन समिति, यूआईटी के सामने 22 सितंबर को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया था।




### इन पर हुई कार्रवाई

जांच में एपीजे अब्दुल कलाम छात्रावास में हुई मारपीट की घटना में छात्र अतुल राय की भूमिका संदेहास्पद पाई गई। इसलिएविभागाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि छात्र अतुल राय को अनुशासनहीनता की घटनाओं में शामिल न होने के लिए चेतावनी पत्र जारी किया जाए। वहीं, 16 सितंबर को हुई दूसरी घटना में मारपीट में अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने के मामले में दोषी चार छात्रों पर 5000 रुपए का आर्थिक दंड लगाया गया है। साथ ही, संबंधित विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों के अभिभावकों को संस्था में बुलाकर उन्हें उनके पाल्य की गतिविधियों से अवगत कराएं। उनसे नोटरी से प्रमाणित एक शपथ पत्र लें, जिसमें यह उल्लेख हो कि उनका पाल्य भविष्य में अनुशासनहीनता की गतिविधियों में शामिल नहीं होगा। इन छात्रों में पवन रजक, दुष्यंत कुमार, रितेश यादव, शरद यादव का नाम शामिल है।

# पुलिस अफसर और कर्मचारियों का डेटा लीक होने का खतरा, सख्त निर्देश जारी

### अब एमपीएसईडीसी के कर्मचारियों की होगी चैकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय ने अपने अफसर और कर्मचारियों का डेटा कहीं लीक न हो जाए, इसके चलते स्कैनिंग सेंटर पर मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमपीएसईडीसी) के कर्मचारियों के प्रवेश को लेकर सख्त निर्देश जारी किए है।

इन कर्मचारियों की मदद से प्रदेश पुलिस अपना इलेक्ट्रॉनिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (ई-एचआरएमएस) पोर्टल में पुलिस अफसरों और कर्मियों का डेटा स्टोर कर रही है। करीब दो महीने बाद पुलिस मुख्यालय को इसका आभास हुआ कि एमपीएसईडीसी द्वारा दिए गए कर्मचारी से उनका गोपनीय डेटा लीक हो सकता है। पुलिस के स्कैनिंग सेंटर में एमपीएसईडीसी के कर्मचारियों के प्रवेश को लेकर अब निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि पुलिस की सेवा पुस्तिकाओं के दौरान डेटा की सुरक्षा की जा सके। इसलिए पुलिस की सभी ईकाइयों को यह बताया गया है कि सर्विस रिकॉर्ड स्कैनिंग के दौरान एमपीएसईडीसी द्वारा अधिकृत प्राइवेट संस्था तथा उनके कर्मचारियों द्वारा यह डेटा उनके गैर शासकीय कंप्यूटर, मोबाइल, स्टोरेज, क्लाउड में स्टोर या सेव करना वर्जित है। यह डेटा कर्मचारियों द्वारा कार्यस्थल से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। इसके चलते स्कैनिंग के दौरान डेटा सिक्योरिटी के लिए निर्देश दिए गए हैं कि स्कैनिंग सेंटर में एमपीएसईडीसी के कर्मचारी या उनके द्वारा अधिकृत कर्मचारियों के आने व जाने के दौरान गहन तलाशी ली जाए।

### यह है ई-एचआरएमएस

ई-एचआरएमएस मध्य प्रदेश पुलिस के सभी कर्मियों के सेवा रिकॉर्ड को ऑनलाइन कर रही है। इसका उद्देश्य कागजी कार्रवाई को कम करना और दक्षता, पारदर्शिता बढ़ाना है। इसमें पुलिसकर्मियों और अफसरों की सेवा पुस्तिका को डिजिटल रूप दिया जाएगा। भविष्य में स्थानांतरण और अवकाश के लिए आवेदन इसी पोर्टल से किए जा सकेंगे।

### सेंटर पर स्टोरेज डिवाइस भी नहीं ले जा सकेंगे साथ

ई-एचआरएमएस पोर्टल के लिए पुलिस अफसर और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की स्कैनिंग की जा रही है। एमपीएसईडीसी द्वारा अधिकृत प्राइवेट संस्था द्वारा बारी-बारी से सर्विस रिकॉर्ड स्कैनिंग का कार्य किया जा रहा है। इसमें अफसरों और पुलिसकर्मियों के डाटा को अतिसंवेदनशील माना गया है।

## पंजीयन दफ्तरों में भीड़, आज भी होंगी रिकॉर्ड रजिस्ट्री

# चार दिन में डेढ़ हजार रजिस्ट्री, फ्लैट-डुपलेक्स की बढ़ी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्रि के शुभ मुहूर्त के साथ ही प्रॉपर्टी का बाजार गर्म है। पिछले चार दिनों के दौरान करीब डेढ़ हजार प्रॉपर्टी के सौदे हुए हैं, जिसमें फ्लैट और डुपलेक्स की रजिस्ट्री सबसे अधिक हैं। पंजीयन विभाग को इन दिनों में करीब 35 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। शुक्रवार के लिए भी खरीदारों ने एडवांस में स्लॉट बुकिंग कर रखी है। गुरुवार को 410 रजिस्ट्रियां हुई, जिससे आठ करोड़ रुपए का राजस्व विभाग को मिला है।

रजिस्ट्री के लिए शुरु किए गए संपदा टू सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री ऑनलाइन होने से लोगों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। एक रजिस्ट्री में महज पांच से 10 मिनट का समय लग रहा है। शहर के आईएसबीटी, परि बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्रार के लिए स्लॉट की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

पंजीयन विभाग को करीब 35 करोड़ रुपए का राजस्व मिला | पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्रार के लिए स्लॉट की संख्या भी बढ़ा दी गई



### छह महीने में रजिस्ट्री से 900 करोड़ की कमाई

पंजीयन विभाग को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भोपाल को 1 हजार 710 करोड़ का टारगेट दिया गया है। जिसमें से करीब 50 फीसद टारगेट पूरा कर लिया है। जिससे 900 करोड़ रुपए अधिक का राजस्व मिला है। दीवाली और मार्च माह में होने वाली रजिस्ट्री से जिले का टारगेट पूरा होने की उम्मीद है।

### पहले दिन हुई सबसे ज्यादा रजिस्ट्री

पहले दिन सोमवार को 475 रजिस्ट्री, दूसरे दिन मंगलवार को 250 और बुधवार को 365 रजिस्ट्रियां हुईं थीं। जबकि गुरुवार को 410 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा का कहना है कि नवरात्रि के दौरान अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक रजिस्ट्री हो रही हैं। टेक्निकल टीम को सॉफ्टवेयर पर नजर रखने के लिए कहा गया है।

### दो दिन बंद रहे दफ्तर

नवरात्रि के दौरान लोग जमकर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवा रहे हैं, जिसको देखते हुए विभाग ने स्लॉट की तादाद भी बढ़ा दी है। ऐसे में शुक्रवार को भी 400 से अधिक रंजिस्ट्री होने की उम्मीद है। दरअसल शनिवार और रविवार को अवकाश होने से अब सीधे सोमवार को ही पंजीयन दफ्तर खुलेंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणाः सोयाबीन के लिए प्रदेश में लागू होगी भावांतर योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावान्तर योजना लागू की जा रही है। किसानों को घाटा नहीं होने देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की है। किसान संघों के सुझाव पर राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष सोयाबीन के किसानों को भावान्तर का लाभ दिया जाएगा।

## किसानों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता, किसानों को मिलेगा भावांतर योजना का लाभ

### भावांतर योजना में पंजीयन होगा आवश्यक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान पहले की भांति मंडियों में सोयाबीन का विक्रय करेगा। अगर एमएसपी से कम कीमत पर सोयाबीन बिकता है तो किसानों के घाटे की भरपाई भावान्तर योजना के तहत सरकार द्वारा की जाएगी। फसल के विक्रय मूल्य और न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी के अन्तर की राशि सीधे सरकार देगी। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा रही है।



### ऐसे होगा क्षतिपूर्ति का आकलन

यदि मंडी में औसत गुणवत्ता की कृषि उपज का विक्रय मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हो, लेकिन राज्य सरकार द्वारा घोषित औसत मॉडल भाव से अधिक हो तो किसान को केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य और वास्तविक बिक्री मूल्य के अंतर की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। यदि मंडी में कृषि उपज का विक्रय मूल्य राज्य सरकार द्वारा घोषित औसत मॉडल भाव से भी कम हो तो किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य और घोषित औसत मॉडल भाव के अंतर की क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### किसानों के साथ सदैव खड़ी है राज्य सरकार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में भी फसलों की क्षति पर किसानों को राहत राशि प्रदान की गई है। किसान हितैषी निर्णय पहले भी लिए गए हैं। बाढ़ से प्रभावित किसानों को भी सहायता दी गई। सकंट की घड़ी में किसानों के साथ सरकार सदैव खड़ी है। पीले मोजेक से हुए नुकसान के लिए भी सर्वे करवाया जा रहा है। किसानों को प्रभावित फसलों के लिए आवश्यक राहत प्रदान की जाएगी।*

## स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी सप्ताह में नागरिकों को किया जागरूक

# 35 स्टॉल पर 5 घंटे में हुई स्वदेशी उत्पादों की खूब बिक्री, 2500 से अधिक लोग हुए शामिल

*स्वदेशी जागरण मंच ने आयोजन में सबको स्वदेशी पत्रक वितरित किए, लोगों ने स्वदेशी उत्पादों की जानकारी लेकर खरीदी की*

### पं. उपाध्याय जयंती से शुरू हुआ स्वदेशी सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जन अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत गुरूवार को रविन्द्र भवन में स्वदेशी सप्ताह एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री निवास से रैली में शामिल होकर रविन्द्र भवन पहुंचें। यहां मुख्यमंत्री ने स्वदेशी जागरण मंच की स्वावलंबी भारत अभियान के तहत लगे स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल का उद्घाटन किया। इन 35 स्टॉल पर करीब 5 घंटे में स्वदेशी उत्पाद की खूब बिक्री हुई। इस दौरान लोगों की स्वदेशी उत्पाद की जानकारी ली और खरीदी की। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी स्वदेशी उत्पाद के लिए जागरूक करने की बात कही।

**स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने किया मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन**



**स्टॉल में साड़ियां, हस्त निर्मित ज्वेलरी, घरेलू सामान, धूप बत्ती, जड़ी-बूटियों रही खास**







### युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें: बुधोलिया

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधोलिया ने बताया कि जन अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के साथ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 2500 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय महिला कार्य सह प्रमुख डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने बताया कि पूरे देश में स्वदेशी सुरक्षा और स्वाबलंबन के कार्य देशभर में चल रहे हैं, ताकि हमारे देश का भविष्य (37 करोड़ युवा) नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बने। इसलिए अगर सभी स्वदेशी अपनाते हैं तो हमारी विदेशी कंपनियों पर निर्भरता खत्म होगी। हमें चाहिए कि हम स्वदेशी अपनाएं और सबको स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित भी करें। यह हमारा गर्व और स्वाभिमान है। स्वाबलंबी भारत अभियान की प्रांत सह समन्वयक प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि हम सबको स्वाबलंबन की दिशा में महिलाओं को आगे लाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ताकि उनके निर्मित स्वदेशी उत्पादों से ही सभी त्यौहार मनाएं। इसके लिए जगह-जगह स्टॉल लगाए जा रहे हैं, ताकि स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा मिले।

### सभी स्वदेशी अपनाएं और हमारे देश को सशक्त बनाएं: सीमा भारद्वाज

स्वदेशी जागरण मंच, मध्यभारत प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि स्वदेशी सप्ताह का 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जंयती से शुभारंभ हुआ है। पहले ही दिन एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच ने विभिन्न संगठनों, विभिन्न उद्यमियों जो स्वदेशी उत्पाद बना रहे हैं, उनके 35 स्टॉल लगवाए, ताकि सभी स्वदेशी अपनाए और हमारे देश को सशक्त बनाएं। इन स्टॉल में बाघ प्रिंट के कपड़े, साड़ियां, हस्त निर्मित ज्वेलरी, लाइटिंग, जूट का सामान, घरेलू सामान, धूप बत्ती, अगरबत्ती, आर्गेनिक तेल, विभिन्न जड़ी-बूटियों सहित निर्मित गुड़, मिलेट्स के नाश्ते सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध थे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच का स्वदेशी सप्ताह जारी है, जिसके तहत लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। हमारी लोगों से अपील है कि स्वदेशी अपनाएं, ताकि हमारे भाई बंधुओं को रोजगार मिले और वह स्वाबलंबी बने। हमारा देश आगे बढ़े। आयोजन में साधना शर्मा, संगीता तिवारी, आशा साहू, दुर्गेश नन्दनी व्यास, मनीषा चौरसिया, प्रज्ञा सेन, सुनीता जैन, मंजू राजौरिया आदि स्वदेशी जागरण मंच की बहनों ने सबको स्वदेशी पत्रक वितरित किए।

### स्वदेशी अपनाकर लोगों को दे रहे रोजगार

रचना चौबे ने कहा कि स्वदेशी महिलाओं के लिए वरदान है। उन्होंने बताया कि मेरा स्वदेशी कपड़ों का काम है। वह 7 सालों से यह कार्य कर रहे हैं। इसके पहले वह एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। 2005 में 18 हजार रुपए वेतन था, लेकिन फिर नौकरी छोड़कर स्वयं का कार्य शुरू किया। अब स्वयं इससे अधिक आय अर्जित करने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हूं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरूकता के लिए सरकारी और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है।



### बाहरी कंपनियों से बेहतर हमारे स्वदेशी उत्पाद



गुड़िया हैंडलूम एण्ड मैटल्स के संचालक संजय अग्रवाल ने बताया कि वह 10 वर्षो से यह कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज रोजगार की जरूरत है और यह स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन और उपयोग से बढ़ेगा। स्वदेशी जागरूकता के लिए देश के हर व्यक्ति को कार्य करना चाहिए और इससे जुड़ना चाहिए। सरकार और विभिन्न संस्थान इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहे हैं। बाहरी कंपनियों से बेहतर हमारे स्वदेशी उत्पाद हैं, जिन्हे हम सबको मिलकर आगे बढ़ाना चाहिए। इससे हमारा देश आगे बढ़ेगा।

### 80 हजार रुपए की जॉब छोड़कर शुरू किया स्वदेशी कार्य

1. हुनर क्राफ्ट हाउस की संचालक नेहा तिवारी बताती हैं कि वह पहले जॉब करती थी। 15 साल निजी कंपनी में जॉब की और लगभग 80 हजार रुपए वेतन था। अब हाथ से बनाई वस्तुओं को प्रमोट कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले नानी-दादी हाथ से स्वेटर बनाते थे। हम अब नए तरीके से उन्ही चीजों को लेकर आ रहे हैं। स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए और अधिक जागरूकता के साथ इस दिशा में बेहतर कार्य की जरूरत है।



2. **स्वदेशी बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा**
स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने जागरूकता को लेकर सरकार बेहतर कार्य कर रही है। हम सभी को मिलकर स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देना चाहिए। इसके साथ ही इसको लेकर अन्य लोगों को जागरूक भी करना चाहिए। स्वदेशी का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।
**साहिल अख्तर**, विद्यार्थी



3. **स्वदेशी जागरुकता पर कार्य हों**
हमें बाहरी कंपनियों को बढ़ावा देने की बजाय स्वदेशी को बढ़ावा देना चाहिए। इसकी जागरूकता के लिए हम सभी को आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। आज हमारे देश में बेहतर स्वदेशी उत्पाद हैं। ऐसे में हमें बाहरी कंपनियों के जगह अपने स्वदेशी उत्पाद को उपयोग करना चाहिए।
**समर्थ रजक**, विद्यार्थी



4. **भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दें**
वर्तमान में पश्चिमी पहनावे को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि हमारी संस्कृति और पहनावा सबसे बेहतर है। हमें भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। हमारी संस्कृति बेहतर है। स्वदेशी उत्पाद को अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।
**खुशी माकोड़े**, विद्यार्थी



5. **स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें**
हमारी परंपरा और संस्कृति को हमें बनाए रखना चाहिए। हमारी संस्कृति सबसे बेहतर है। हम सभी को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए और इसकी जागरूकता के लिए भी काम करना चाहिए।
**डॉली माकोड़े**, विद्यार्थी

6. **इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को जागरूक करते हैं**
कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा। मुख्यमंत्री ने हमें स्वदेशी उपयोग और इसके लाभ के बारे में जानकारी दी। इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को जागरूक करते हैं। युवाओं को इसके लिए आगे आना चाहिए।
**फैसल रहजर**, विद्यार्थी

## सीएम ने जैसीनगर में दी 215 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात

# सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना में सिंगल विंडो पोर्टल का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में धान पर बोनस बढ़ाया गया है। किसानों को भावांतर भुगतान योजना से उनके खाते में बोनस का पैसा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमएसपी से कम दर पर फसल बिकती है तो भावान्तर की राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के किसानों की जिंदगी बेहतर और खुशहाल बनाने के लिए सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि दी जा रही है। मध्यप्रदेश में लाड़ली बहनों के जीवन में खुशियां लाने के लिए लाड़ली बहनों को दीपावली की भाई दूज से हर माह 1500 रुपए की राशि दी जाएगी।

डॉ. यादव गुरूवार को सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत जैसीनगर में पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 215 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। आयोजन को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

**मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरुकता कार्यक्रम की भी की शुरुआत**



**जैसीनगर के नए नामकरण के साथ कई घोषणाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जैसीनगर को नगर परिषद बनाने और जैसीनगर का नाम जयशिवनगर रखने की घोषणा की। साथ ही सागर जिले में बेवस नदी परियोजना की स्वीकृति की घोषणा की। वहीं जैसीनगर में महाविद्यालय के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कर उसका नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय के रखने, जैसीनगर में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल बनाने और सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मसुरयाही-तोडा मार्ग लगभग 25 किमी के निर्माण की भी घोषणा की।

### किसानों को फसलों की क्षति का दिया जाएगा मुआवजा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में जहां भी सोयाबीन की फसल अतिवृष्टि अथवा रोग के कारण खराब हुई है, ऐसे सभी क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल क्षति का सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सर्वे के बाद किसानों को सोयाबीन की फसल की क्षति का समुचित मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सोयाबीन की फसल का एमएसपी 5328 रूपए निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी यही रेट दिया जाएगा। किसी भी किसान को घाटा नहीं होने दिया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि के साथ ही पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। आज मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश को हम दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पहले नंबर पर लाने का प्रयास कर रहे हैं।*

### मॉडल बनेगी सागर में शुरू अनुकंपा नियुक्ति देने वाली श्रद्धांजलि योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर जिले में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिए शुरू की गई श्रद्धांजलि योजना संपूर्ण प्रदेश के लिए मॉडल बनेगी। उन्होंने नियुक्ति-पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं से कहा कि आप सभी और आगे बढ़े इसके लिए राज्य सरकार आपके साथ हमेशा खड़ी है। उन्होंने श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत 100 से अधिक लाभान्वित ग्रामीणों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि इस योजना को प्रदेश में लागू कर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का कार्य किया जाएगा।



### मुख्यमंत्री ने खेला शतरंज, गोवर्धन पूजा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्र भौतिक सिंह जाट के साथ शतरंज खेला। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम सफेद मोहरे को चुना और खेलना शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए यह अच्छी पहल है। डॉ. यादव ने जैसीनगर के गोवर्धन टोरी पर स्थित गोवर्धन मंदिर पहुंचकर भगवान गोवर्धन की पूजा कर आरती उतारी। मुख्यमंत्री जैसीनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों से मिले और उनकी प्रस्तुति देखकर मंत्रमुग्ध हुए। उन्होंने कलाकारों से चर्चा की और बुंदेली वाद्ययंत्रों और बुंदेली प्रस्तुतियों को सराहा।

Sahib चतुर्थ पुण्यतिथि Bandgi
स्मृति आपकी, आँखे नम हो जाती है,
गुजरे दिनों की याद आती है,
सब होते हुए भी कमी आपकी नजर आती है,
आपका जीवन हमको सदा प्रेरणा
एवं मार्गदर्शन देता रहेगा



स्व. सरदार निछत्तर सिंह जी
02/11/1935-26/09/2021
हम सभी परिजन आपको तृतीय पुण्यतिथि पर
अश्रुपूरित श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं
: श्रद्धानवत :
सरदारनी सुखदेव कौर (पत्नी),
गुरप्रीत सिंह (पुत्र), तरविंदर सिंह (पुत्र) एवं बरनाला परिवार
फर्म : बरनाला क्रेन सर्विस, (भोपाल)

## छात्रों ने कराई पानी की जांच पानी का टीडीएस निकला 700 से ज्यादा

# बीएमएचआरसी: नर्सिंग छात्रा की मौत का मामला: न जांच कमेटी बनी, न भोजन की गुणवत्ता सुधरी और न ही मिल पा रहा शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी की नर्सिंग छात्रा शुभांगिनी की मौत के तीन दिन बाद भी ना तो जांच कमेटी बनी ना ही भोजन की गुणवत्ता सुधरी और ना ही हॉस्टल में रहने वाले छात्र-छात्राओं को शुद्ध पानी मिल रहा है। भले ही बीएमएचआरसी प्रशासन नर्सिंग छात्रा की मौत से पल्ला झाड़ रहा हो, लेकिन छात्रा के साथ पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स आक्रोशित हैं। स्टूडेंट्स ने गुरुवार को बीएमएचआरसी के हॉस्टल में आने वाले पीने के पानी की जांच की। जिसमें पानी का टीडीएस 700 पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) से अधिक पाया गया। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि छात्रों ने खुद टीडीएस मीटर से हॉस्टल के पानी की जांच की, जिसमें 703 पीपीएम का स्तर निकला।



छात्रों ने हॉस्टल के पानी की जांच की, जिसमें 703 पीपीएम का स्तर निकला। जो बेहद खतरनाक स्तर का होता है।

### पानी में पाए जाते हैं कीड़े-मकोड़े

यह स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित 300-600 पीपीएम और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित 500 पीपीएम से अधिक है। इस स्तर का पानी स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है, फिर भी छात्र-छात्राओं को यही दूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। रवि परमार ने आरोप लगाया कि एक छात्रा की मौत और लगातार शिकायतों के बावजूद न तो भोजन की गुणवत्ता सुधारी गई और न ही पानी को शुद्ध किया गया। भोजन और पानी में कीड़े-मकोड़े पाए जा रहे हैं।

### आज गठित होगी जांच समिति

बीएमएचआरसी प्रबंधन ने जानकारी दी है कि नर्सिंग छात्रा की मौत के मामले में जांच समिति का गठन शुक्रवार को कर दिया जाएगा। क्योंकि समिति की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव एक दिन के अवकाश पर थी, जो शुक्रवार को वापस लौट रहीं हैं। उनके आने के बाद जांच समिति का गठन किया जाएगा।

### बीएमएचआरसी ने किया खंडन

नर्सिंग छात्रों द्वारा पानी की जांच कर उसमें टीडीएस नापने के दावे का बीएमएचआरसी प्रबंधन ने खंडन किया है। संस्थान की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर जो वीडियो और फोटो वायरल किए जा रहे हैं, वह भ्रामक और असत्य हैं। इसके अलावा बयान में बताया गया है कि स्टूडेंट्स के हॉस्टल में एक आरओ प्यूरिफायर लगा दिया गया है। इसके अलावा दो आरओ सिस्टम और लगवाए जा रहे है।


हॉस्टल के भोजन में कीड़े निकलने का वायरल चित्र।

## खबर संक्षेप



### सर्वश्रेष्ठ पार्षद बनने पर गुड्डू का किया सम्मान

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के वार्ड 46 के कांग्रेस पार्षद गुड्डू चौहान को सर्वश्रेष्ठ पार्षद का खिताब मिलने पर कांग्रेस नेताओं ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ निकेश चौहान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कंसाना, पार्षद देवांशू कंसाना समेत कांग्रेस नेताओं ने गुड्डू चौहान का फूल-माला पहनाकर सम्मान कर बधाई दी। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पीसी शर्मा ने कहा कि पार्षद गुड्डू चौहान ने वार्ड 46 में रहवासियों की मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्य को पूरा करने में पूरी ईमानदारी से अपना कतर्व्य बखूबी निभाया है।

### शिक्षक चयन परीक्षा 2024 का परिणाम जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने गुरुवार को माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2024 का परिणाम जारी कर दिया है। यह परीक्षा मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के तहत कुल 9,882 पदों पर शिक्षकों की सीधी भर्ती के लिए आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी अपना परिणाम ईएसबी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि चयन परीक्षा का आयोजन 20 से 29 अप्रैल 2025 तक मध्यप्रदेश के 11 प्रमुख शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन में किया गया था। परीक्षा विभिन्न विषयों हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, खेल, संगीत (गायन-वादन) एवं नृत्य में आयोजित की गई थी। कुल 1,85,065 अभ्यर्थियों ने विभिन्न विषयों में पंजीकरण कराया था। जिनमें से 1,60,360 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### नदी विकास योजना की अफसर करेंगे मॉनिटरिंग

**भोपाल।** सातवीं लघु सिंचाई गणना और दूसरी जल निकायों की गणना के आधार पर मध्यप्रदेश में नदी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त सहित सत्रह अफसरों को मानीटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इस समिति में कृषि उत्पादन अध्यक्ष होंगे वहीं कृषि विभाग के सचिव इसमें सदस्य सचिव होंगे। राजस्व विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, जलसंसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागों के सचिव, राज्य योजना आयोग के सदस्य, आयुक्त भू अभिलेख एवं बंदोबस्त, आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी, आयुक्त लघु सिंचाई गणना सह संचालक कृषि, संचालक उद्यानिकी, संचालक मत्स्य पालन, संचालक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र्र, रीजनल डायरेक्टर सीजीडब्ल्यूबी मध्यप्रदेश और राज्य प्रभारी डीईएस मध्यप्रदेश सदस्य बनाए गए है।

## दुकानदारों ने दस से पंद्रह फीट तक आगे बढ़ा ली थीं दुकानें

# न्यू मार्केट में 'लक्ष्मण रेखा' के भीतर रखा सामान, 250 से ज्यादा दुकानों की हद तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए शहर के सबसे बड़े बाजार न्यू मार्केट की चार दिन में तस्वीर बदल गई है। बाजार से स्ट्रीट वेंडर को हटाने के साथ ही सड़कें चौड़ी नजर आ रही हैं, वहीं ग्राहक भी अब खुली हवा में सांस लेते नजर आ रहे हैं। दुकानदारों पर भी सख्ती करते हुए लक्ष्मण रेखा (पीली रेखा) खींची गई है। दुकानदारों को इसके अंदर सामान रखने की हिदायत दी गई है। रेखा के बाहर सामने रखने पर व्यापारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा। अब तक करीब ढाई सौ दुकानों की हद तय कर दी गई है।

शुक्रवार को भी मार्किंग का काम जारी रहेगा। चार दिन चली कार्रवाई के बाद न्यू मार्केट से अस्थायी दुकानें पूरी तरह हटा दी गई हैं। इन हाकर्स को अटल पथ पर कारोबार करने की अनुमति दी है। जिससे अब बाजार की सड़कें पूरी तरह साफ-सुथरी दिख रही हैं। अब त्योहारी सीजन में यहां आने वाले खरीदारों का सहुलियत रहेगी। इधर यहां के व्यापारियों ने नगर निगम की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि जब तक बाजार हाकर्स मुक्त रहेगा, वे भी अपनी हद में रहेंगे। यदि हाकर्स दोबारा लौटते हैं, तो दुकानदार भी सीमा लांघने लगेंगे।



**निगम ने खींची पीली रेखा, ग्राहकों को मिली खुली हवा**

### सड़क पर दस से पंद्रह फीट रखा था सामान

त्यौरी सीजन के दौरान जब टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा और नगर निगम का अमला बाजार पहुंचा, तो वहां स्थाई दुकानदारों ने शटर से 10 से 15 फीट आगे तक सामान रखा था। इन दुकानदारों को हद में रखने के लिए बुधवार से मार्किंग का काम शुरु किया गया है। दरअसल पिछले दिनों न्यू मार्केट के व्यापारियों ने महापौर मालती राय से मिलकर बाजार बाजार से हॉकर्स दुकानदार हटाने की मांग रखी थी।

### लाइन के अंदर रखना पड़ेगा डिस्प्ले बोर्ड

न्यू मार्केट में मार्किंग का काम शुक्रवार तक चलेगा। दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि वह पीली रेखा के अंदर सामग्री और डिस्प्ले बोर्ड रखें, ऐसा नहीं करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**शैलेंद्र भदौरिया**, अतिक्रमण प्रभारी



## सड़क में फैली दुकानें, ईवी ऑटो की धमाचौकड़ी से पैदल चलना दूभर

# अतिक्रमण: पुराने शहर के बाजार की सड़कें तंग गलियों में तब्दील

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के बाजार की सड़कें तंग गलियों में तब्दील हो गई हैं। वजह यहां का प्रत्येक दुकानदार दायरा बढ़ाते हुए दुकान को सड़क पर ले आया है। पुराने शहर के आजाद मार्केट, लोहा बाजार, मारवाड़ी रोड, ललवानी रोड, लखेरापुरा, जुमेराती, हनुमानगंज, घोड़ा निक्कास, इतवारा, मंगलवारा, सिंधी मार्केट सभी बाजारों में छोटी-बड़ी सभी प्रकार की दुकानें होती है। छोटे दुकानदार अपनी दुकान को सड़कों तक सजा लेते हैं, जिसके चलते यहां जाम की समस्या आम हो गई है। बाजार की सड़कों पर दुकानदारों ने दुकान की सीमा से पांच से 8 फीट आगे सड़क पर दुकानें लगाए हुए हैं जो परंपरा बन चुकी है। इस परंपरा के प्रति प्रशासन की उदासीनता ने यहां खरीदारी करने पहुंचने वाले आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

### रोजाना 25 से 30 हजार टू व्हीलर और फोर व्हीलर आते हैं

राजधानी के पुराने शहर में 150 साल से भी पुराना मार्केट हैं। कुछ तो नवाबी काल के हैं। चौक बाजार, आजाद मार्केट, जुमेराती, जहांगीराबाद, जनकपुरी, हनुमानगंज और इनसे सटे बाजारों में हर दिन कम से कम दो लाख व्यापारी, ग्राहक और आम जन पहुंचते हैं, लेकिन सब के सब खराब ट्रैफिक व्यवस्था और जाम में घंटों बर्बाद करते हैं। यहां की सड़कें वाहनों से पटी रहती हैं। 15 हजार से ज्यादा व्यापारियों को अपने व्यापार से बड़ी चिंता अपने वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने की रहती है।

### थोक से लेकर फुटकर दुकानें

पुराने शहर में जनकपुरी, जुमेराती, हनुमानगंज में रोजाना 150 से 200 टन थोक किराना की बिक्री होती है। लखेरापुरा, चौक बाजार में कपड़ा और सराफा मार्केट है। यहां भी भोपाल से बाहर के व्यापारी आते हैं। घोड़ा नक्कास में डेयरी, बेकरी और इलेक्ट्रॉनिक मार्केट है।

पुराना कबाड़खाना, जुमेराती, हनुमानगंज में पार्किंग की जगह ही नहीं है। बाजार में रोजाना हजारों लोग आते हैं, लेकिन वाहन खड़े करने के लिए जगह नहीं है। इससे व्यापार चौपट हो रहा है। बाजारों में पार्किंग स्थल पर वहीं के लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। पुराने भोपाल में भी मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जा सकती है।

**तेजकुल पाल सिंह पाल**, अध्यक्ष, भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज

पुराने शहर में एंट्री करते ही हर आधा घंटे में जाम दिखता है। लखेरापुरा, चौक, घोड़ा नक्कास आदि की संकरी गलियों में इतना जाम होता है कि दोपहिया वाहन भी नहीं निकल पाते। पुराने शहर के पार्किंग स्थलों पर कुछ लोगों ने स्थाई रूप से वाहन खड़े कर दिए हैं। ऐसे में व्यापारी और ग्राहकों को वाहन खड़े करने की जगह नहीं मिलती।

**लक्ष्मणदास राजपाल**, चाय कारोबारी

### बीयू: भोपाल विज्ञान मेला आज से

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में 26 से 29 सितंबर तक चलने वाले 12वें भोपाल विज्ञान मेले की शुरुआत हो रही है। इसमें विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं के अलावा आम नागरिक भी पहुंचेंगे। विज्ञान भारती द्वारा बीयू और मेपकास्ट के सहयोग से आयोजित इस मेले में प्रदर्शनी, तकनीकी स्टॉल और नवाचार प्रदर्शनों के ज़रिए समाज की चुनौतियों जैसे कृषि, पर्यावरण, ऊर्जा और स्वास्थ्य के समाधान प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें देश के कई बड़े संस्थान और उद्योग हिस्सा ले रहे हैं। इनमें इसरो, आईआईएसईआर, एआईसीटीई, एनटीपीसी, एनसीएल, एमओआईएल, बीपीसीएल जैसी संस्थाएं शामिल हैं। इनके वैज्ञानिक और प्रतिनिधि नई तकनीकों और शोध को सीधे दर्शकों के सामने रखेंगे। मेले में इनोवेशन कन्वर्जेंस नामक विशेष प्रदर्शनी आयोजित होगी, जिसमें कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी नई पहलें दिखाई जाएंगी।

## पीएम के 75वें जन्मदिवस पर आयोजन

# सांची विवि में चित्रकला प्रतियोगिता 500 से अधिक प्रतिभाग होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय कैंपस में 29 सितंबर को राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता में 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है और इसमें ऑनलाइन भी शामिल हो सकते हैं।

जिसके लिए प्रतिभागी को दिए जा रहे क्यूआर कोड अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से अपनी कलाकृति जमा करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पर्व 2025 के उपलक्ष में विवि के भारतीय चित्रकला विभाग ने यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। 11-28 आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होकर अपनी पेंटिंग बना सकते हैं। इसके लिए वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### 3 से 7 हजार तक के पुरस्कार

*ऑफलाइन मोड़ के लिए प्रतिभागी को विवि परिसर में उपस्थित होकर चित्रकारी करनी होगी। कॉम्पटीशन तीन अलग-अलग आयु वर्ग में आयोजित है। 11 से 14 आयु वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार नकद 3000 रुपए, 15 से 18 आयु वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार नकद 5000 रुपए तथा 19 से अधिक आयु वर्ग के लिए नकद 7000 रुपए रखा गया है। द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ दो वर्गों में 3-3 सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए हैं। नकद पुरस्कारों के अलावा विजेताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।*

### भोपाल रेलवे स्टेशन पर चलाया गया एक साथ एक घंटा स्वच्छता श्रमदान

**भोपाल।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत भोपाल मंडल में गुरुवार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान किया गया। इस अभियान के दौरान अपर मंडल रेल एवं सीनियर डीसीएम सहित अन्य कई अधिकारियों ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर सुबह एक घंटा स्वच्छता श्रमदान किया। इस अभियान के अंतर्गत मंडल के कई अधिकारी और रेलवे कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में डीआरएम कार्यालय, मंडल के प्रमुख स्टेशनों जैसे-संत हिरदाराम नगर, बीना, गुना, इटारसी, रानी कमलापति इत्यादि, रेलवे चिकित्सालय, रनिंग रूम, करैज एंड वैगन कार्यालय, डीजल भारतीय स्टेट बैंक ने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) स्कीम के तहत वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग यात्रियों के लिए 4 व्हीलचेयर भेंट किया।

## पटवारी बोले- ये बचत नहीं, लूट का उत्सव

# जीएसटी पर पीसीसी चीफ ने न्यू मार्केट में व्यापारियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज भोपाल के न्यू मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारी भाइयों से मुलाकात की और जीएसटी सुधारों पर विस्तार से चर्चा की। व्यापारियों के बीच पहुंचे पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बचत का नहीं, बल्कि जनता से लूट और झूठ का उत्सव मना रही है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से एक ही दर, लगभग 18% का आसान, पारदर्शी और सरल जीएसटी चाहती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने मल्टी-स्लैब जीएसटी लागू कर 5%, 12%, 18% और 28% जैसी जटिल दरें थोप दीं, जिससे आम जनता और व्यापारी वर्ग को भारी नुकसान झेलना पड़ा। आज उन्हीं सुधारों को उत्सव बताकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। पटवारी ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव राहुल गांधी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पर दबाव बनाया कि जनता और व्यापारी हितों को देखते हुए जीएसटी को सरल और कम किया जाए। साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार से मांग की कि अब तक जनता से वसूली गई भारी-भरकम राशि वापस की जाए।



### आरक्षण के लिए लगातार दवाब बनाते रहेंगे

*ओबीसी आरक्षण की सुनवाई पर कहा कि हमारी नीयत साफ थी, भाजपा की सेलो टीम कोर्ट गई। मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई तो हमने कहा कि हम उनके घर गए। 13 फीसदी होल्ड पद पर रोक हटे। सरकार को कोर्ट ने कहा कि हम इतना समय नहीं दे सकते हैं। फिर कोर्ट ने अक्टूबर तक समय दिया। आरक्षण पर हम लगातार दवाब बनाने रहेंगे।*

## जेपी अस्पताल में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस, वक्ताओं ने किया जागरुक

# अस्पताल में फार्मासिस्ट निभाते हैं अहम भूमिका: डॉ. श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फार्मासिस्ट अस्पताल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मरीजों को दवाइयों की विस्तृत जानकारी देते हैं। मरीजों से शालीन व्यवहार स्वयं में एक दवा के समान है। यह बात गुरूवार को जेपी अस्पताल में आयोजित विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर अधीक्षक डॉ राकेश श्रीवास्तव ने कही।

डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान फार्मासिस्टों ने अपनी जान की



परवाह किए बिना लोगों की सेवा की। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति में रोगियों को उचित दवाइयां उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अंबर चौहान ने कहा कि मप्र के सभी जिलों में यह दिवस मनाया गया। प्रदेश के फार्मासिस्ट ने जन जागरूकता अभियान चलाया। अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित किए गए और कई स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए। इस वर्ष फार्मासिस्ट दिवस की थीम 'थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट' रखी गई है। इस अवसर पर डॉ. अर्गल, अस्पताल प्रबंधक प्रेमचंद गुप्ता, मेट्रन गीतांजलि और फार्मासिस्ट महेंद्र टांडेकर, युसूफ खान, विमलेंद्र दीक्षित समेत बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

### रेडक्रॉस में स्वास्थ्य शिविर और सीपीआर प्रशिक्षण

*रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर स्वास्थ्य शिविर और सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोलार स्थित गेहूंखेड़ा चौराहे पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 350 मरीजों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर उपाचार किया गया। वहीं अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।*

## विशेषज्ञों ने छात्राओं की शंका का किया समाधान

# नूतन कॉलेज में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान: सेहत की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित सरोजनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने छात्राओं से कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का मूल किशोरियों और युवतियों का संपूर्ण स्वास्थ्य है। कहा कि हीमोग्लोबिन जांच, पौष्टिक आहार, नियमित



तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर जीवन के लक्ष्यों को सहजता से प्राप्त किया जा सकता है। शिविर में हीमोग्लोबिन, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल स्क्रीनिंग, क्षय रोग तथा नेत्र रोग की जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया।

## पेज एक का शेष....

### सर्वानुमति से सुप्रीम...

लिए भी ठीक नहीं हैं। ओबीसी आरक्षण पर सुनवाई फिर टल गई है? इस पर कांग्रेस सवाल उठा रही है तो सीएम ने कहा- हमारी सरकार ने स्पष्ट किया है। सर्वदलीय बैठक करके, कोर्ट के सामने दस्तावेज भी रखे हैं। हमने सर्वानुमति से यह पक्ष भी रखा है कि 13% प्रतिशत जो पद होल्ड हैं उन्हें अनहोल्ड करें।

### सबको लाभ मिले, ....

कहा कि थोड़ा समय हमें दो। हमने कहा जब भी सुनें लेकिन, हमारे सभी पक्षों का ध्यान रखें। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टलने के बाद पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा था 24 सितंबर को ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी, लेकिन मोहन सरकार के वकीलों की तैयारी न होने के कारण सुनवाई को टाल दिया गया।

### भारत ने हर काल में...

कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने मंगलाचरण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पहले वे सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई रैली में मानस भवन से पैदल मार्च करते हुए शामिल हुए।

### किसानों और...

पहुंच सकती है। दीपक और उसकी बाती के लिए जिस प्रकार ऑक्सीजन जरूरी है, उसी प्रकार स्वदेशी जैसे अभियान की सफलता के लिए समाज की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

### एयरपोर्ट पर चूहा ...

जिम्मा संभाल रही पेस्ट कंट्रोल ऑफ इंडिया (पीसीआई) को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही एयरपोर्ट परिसर पर पेस्ट कंट्रोल शुरू कर दिया गया है। एयरपोर्ट डायरेक्टर वीके सेठ ने कहा- पेस्ट कंट्रोल में लापरवाही होने या दोबारा कभी ऐसी घटना होने पर कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट निरस्त किया जाएगा। एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध करवाने वाले अमलतास ग्रुप को नोटिस भी जारी किया है। चेतावनी दी है कि ऐसी घटना दोबारा न हो। गौर हो कि इंदौर एयरपोर्ट की देशभर के हवाईअड्डों में तीसरी रैंकिंग है।

### डिपार्चर हॉल में ....

में समय बाकी होने के कारण वे एयरपोर्ट के ग्राउंड फ्लोर पर डिपार्चर हॉल में इंतजार कर रहे थे। अरुण रिकलाइनर्स पर आराम करने के लिए बैठे थे। इसी दौरान एक चूहा उनकी पैंट में घुस गया। चूहे ने उन्हें घुटने के पीछे काट लिया।

### बिहार चुनाव के...

लिए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ सहकारिता और उड्डयन मंत्रालय में राज्यमंत्री का पद संभाल रहे मुरलीधर मोहोल को सह-प्रभारी बनाया गया है।
पार्टी ने केंद्रीय पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रभारी बनाया है, जबकि सांसद बिप्लब कुमार देव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि बिहार में इसी साल के अंत में चुनाव होने हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में 2026 के मध्य में चुनाव कराए जाने हैं।

### वे बहन को....

है। वह प्रधानमंत्री को भी तू-तड़ाक करके बात करते हैं। भाजपा नेता विजयवर्गीय ने ये बात शाजापुर में गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान कही। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बहन प्रियंका के साथ सार्वजनिक कार्यक्रम में अक्सर साथ नजर आते हैं। ऐसे कई वीडियो और तस्वीरें हैं जिनमें राहुल अपनी बहन को गले लगाते या किस करते हुए देखे जा सकते हैं। विजयवर्गीय के बयान पर पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नवरात्रि जैसे पवित्र अवसर पर मंत्री भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर इस प्रकार की बात कर रहे हैं। माता रानी उन्हें सदबुद्धि दें।

### शादी के बाद...

महिला शादी करती है, तो उसका गोत्र (कुल या वंश) भी बदल जाता है। ऐसे में विधवा और निसंतान हिंदू महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति उसके पति के परिवार को मिलेगी, न कि उसके अपने माता-पिता को।
सुप्रीम कोर्ट की एकमात्र महिला जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि हमारे हिंदू समाज की जो संरचना पहले से है, उसे नीचा मत दिखाइए। जस्टिस बीवी. नागरत्ना ने कहा कि जब एक महिला की शादी होती है, तो अधिनियम के तहत उसकी जिम्मेदारी उसके पति, ससुराल वाले, बच्चे, पति के परिवार की होती है। पति की मौत के बाद वह चाहे तो वसीयत बना सकती है या दोबारा शादी भी कर सकती है। अगर किसी महिला के बच्चे नहीं हैं, तो वह हमेशा वसीयत बना सकती है। महिला अपने माता-पिता या भाई-बहनों से भरण-पोषण नहीं मांग सकती।
विवाह की रस्मों में बताया जाता है कि वह एक गोत्र से दूसरे गोत्र में जा रही है। वह अपने भाई के खिलाफ भी भरण-पोषण याचिका दायर नहीं करेगी।

### 18 कोच वाली विशेष...

थे। इन डिब्बों में प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार तक मौजूद थी।
बांके बिहारी जी में करीब आधे घंटे तक चली पूजा में राष्ट्रपति ने ठाकुर जी के लिए भेंट स्वरूप लिफाफा अर्पित किया। इस दर्शन की खासियत यह रही कि राष्ट्रपति की पूजा-अर्चना में कन्नौज से मंगाए गए विशेष इत्र का प्रयोग किया गया। बांके बिहारी मंदिर में पूजा के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि मैं ठाकुर जी के दर्शन कर धन्य हो गई हूं। बांके बिहारी मंदिर से दर्शन के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू निधिवन पहुंचीं।

### गृह मंत्रालय की....

व सीआरपीएफ जवानों समेत 70 लोग घायल हो गए थे।

### 'आई लव मोहम्मद' ....

लेकर पहुंचने लगी हैं। बुधवार रात मुंबई के आरे कॉलोनी के एक गरबा पंडाल में आई लव महादेव लिखा पोस्टर लेकर पहुंचीं।

### आई लव मोहम्मद के नारे ....

पथराव के साथ ही आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया गया है। कई वाहनों के शीशे टूट गए और दो दुकानें आग में जलकर खाक हो गईं।

### इंदौर में भी पहुंचा ....

उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर हिंदू बहुल इलाकों के समीप इस तरह के बैनर लगाए जा रहे हैं, जिससे सांप्रदायिक तनाव पैदा हो सकता है। उज्जैन में भी 'आई लव महाकाल' के पोस्टर लगाए गए।

### कर्नाटक और वाराणसी....

करेंगे। वाराणसी के मदनुपरा में भीड़ ने बैनर-पोस्टर संग जुलूस निकाल 'आई लव मोहम्मद' के नारे लगाए। पुलिस चार नामजद समेत 50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। मुस्लिम संप्रदाय के मौलाना शाहजेब मुहम्मदी, आवेश राजा (मदनी राजा बरकती ग्रुप), हाजी हारुन, हाफिज अब्दुल कादिर करीब 50 लोगों के साथ यह जुलूस निकाल रहे।

## हॉकी ओलंपियन शिवेंद्र सिंह को मिला मध्यप्रदेश खेल रत्न, सूरज शर्मा बने स्पोर्ट्स मैन आफ द ईयर

# पद्श्री सुशील दोषी समेत 34 खेल हस्तियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को अपेक्स बैंक समन्वय भवन सभागार में नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) का 30वां खेल अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश और देश की 34 खेल हस्तियों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मालती राय रहीं, जिन्होंने सभी खिलाड़ियों को अवार्ड, शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। भारतीय हॉकी टीम के कोच एवं ओलंपियन शिवेंद्र सिंह को समारोह का सबसे बड़ा सम्मान मध्यप्रदेश खेल रत्न अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के शूटर सूरज शर्मा को स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर चुना गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय शूटर नीरू ढाडा, आईपीएल क्रिकेटर अनिकेत वर्मा, एथलीट पूजा, शटलर अनुष्का शाहपुरकर और हिंदी कमेंट्री में अहम योगदान देने वाले पद्मश्री सुशील दोशी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।
आयोजन सचिव इंद्रजीत मौर्य ने बताया कि इस बार समारोह में कुल 12 श्रेणियों में अवार्ड दिए गए, जिनमें खेल रत्न, श्रेष्ठ खिलाड़ी, प्रतिभा खिलाड़ी, लाइफटाइम अचीवमेंट, कोच, खेल प्रमोटर, खेल पत्रकार




और संस्थागत अवार्ड शामिल थे। पिछले वर्ष 32 खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया था, जबकि इस बार संख्या बढ़कर 34 हो गई। कार्यक्रम में विधायक दक्षिण-पश्चिम भगवानदास सबनानी, हॉकी ओलंपियन विवेक प्रसाद, प्रख्यात सिंगर साईराम अय्यर, नागपुर की समाजसेविका गीता अय्यर, खेल प्रमोटर ग्रुप के चेयरमैन एएस सिंह देव बाबा साहब और यूको बैंक के अंचल प्रमुख लोकेश कुमार खेल प्रमोटर डॉ प्रशांत मिश्रा जबलपुर विशेष रूप से मौजूद रहे।
कार्यक्रम का सफल संचालन अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर दामोदर प्रसाद ने किया। गौरतलब है कि साल 1996 से शुरू हुए इस खेल अवार्ड समारोह का उद्देश्य खिलाड़ियों, कोचों और खेलों से जुड़े लोगों को प्रोत्साहन देना है। अब तक करीब डेढ़ हजार से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस सम्मान से नवाजे जा चुके हैं।


**कार्यालय : प्रतीक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक / डी. आर.बी./633, दिनांक 06.04.1995)
पता-नावेल्टी टॉवर, 5-ए, जे.के. रोड, इन्द्रपुरी, भोपाल (म.प्र.)-462022
क्रमांक/AGM/2025/क्यू-
भोपाल, दिनांक 12.09.2025

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

प्रतीक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के समस्त अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2025, दिन रविवार को स्थान नावेल्टी टॉवर, 5-ए, जे.के. रोड, इन्द्रपुरी, भोपाल पर समय प्रातः 11:00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**(मोहम्मद असलम खान)**
अध्यक्ष
प्रतीक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक - 0292/अ-6/2025-26
भोपाल, दिनाँक 03/09/2025
// सार्वजनिक इश्तेहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार गुप्ता आ. नंद किशोर गुप्ता निवासी महामाई का बाग ऐशबाग भोपाल द्वारा एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक 49 जिसका कुल क्षेत्रफल 1320 वर्गफिट जो खसरा नं 762/2, 763/1/2, 763/2, 764/1/2, 764/2, 764/3, 764/4, 764/5/2, 765/1, 765/2/2, 773/1/2, 773/2, 773/3, 773/4, 774/1, 774/2/2, 774/3/2, 776/1, 776/2, 766/3, 776/4, 776/5/2, 777, 778, 779/1, 779/2, 779/3/2, 779/4/2, 779/6/2 का नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति / इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
उक्त उद्घोषण पत्र मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/09/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिक विभाग) भोपाल**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 54/यां.वि./2025 — भोपाल, दिनांक 25/09/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders gov in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1. | 2025_UAD_444369_2 | CONST. OF R.C.C. DRAIN AND P/F OF R.C.C. PIPE NEAR BALAJI PARISAR AT MANDAKINI COLONY, W-82, Z-18. SECOND CALL | 11,78,107/- | 08-Oct-2025 | 05:30 PM |

नोट- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।

**कार्यपालन यंत्री (सिविल)**
**नगर निगम भोपाल**

नि.क्र. 2482/025/026

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**वीर सावरकर जोन क्र.-04 (मंगलवारा)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र.04 के वार्ड क्र.-17 में स्थित वगीर्कृत बाजार न्यु कबाडखाना के भूखण्ड क्र., 621 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | जोन क्र. | वार्ड क्र. | आवंटी का नाम | स्थान एवं भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 4 | 17 | श्री मोहम्मद याहया आत्मज श्री मोहम्मद इस्माईल | भूखण्ड क्र.-621 वगीर्कृत बाजार | 20x60=1200 वर्गफुट | श्रीमती अमना खान पत्नि श्री माजिद | हिबा (दान पत्र) सहमति पत्र एवं बयान पत्र |

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र.04 वार्ड क्र.-17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

**जोनल अधिकारी**
**जोन क्र.04**
**नगर पालिक निगम, भोपाल**

सू.क्र.2487/025/026



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910




Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### नाम परिवर्तन

मैं नंद किशोर वर्मा पिता हेमराज वर्मा रैंक हवलदार आर्मी नंबर 15332170H निवासी ग्राम अंधारियॉं पोस्ट आमला जिला बैतूल, मेरे आर्मी के दस्तावेज में मेरी माता का नाम सोमती बाई वर्मा जन्मतिथि 01/07/1943 दर्ज है, मेरी माता के आधार कार्ड, पैन कार्ड, व सभी दस्तावेजों में मेरी माता का नाम बतस बाई है, जन्मतिथि 08/02/1956 दर्ज है, सोमती बाई वर्मा एवं बतस बाई दोनों ही नाम मुझ शपथ ग्रहिता के माता के है भविष्य में उनके नाम से संबंधित कोई आपत्ति आती है तो उसके लिए मैं स्वयं जवाबदारी रहूंगा मैं नंद किशोर पिता हेमराज वर्मा माता बतस बाई के नाम से जाना व पहचाना जावे मेरा शपथ पत्र क्रमांक CZ134401

### नाम परिवर्तन

मैं नितिन कुमार पटेल पुत्र रघुवीर सिंह पटेल ,पता- हाउस नं. 09/39, वॉर्ड नं. 09, मुख्य मार्ग रेहटी तह. रेहटी,जिला सीहोर, (म.प्र.)- 466446
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नितिन कुमार पुत्र रघुवीर सिंह पटेल दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम नितिन कुमार पटेल पिता का नाम रघुवीर सिंह पटेल है। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड मे भी यही नाम दर्ज है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/09/25 to 15/10/25

**हरिभूमि**
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473


### आवश्यकता

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है! अगर आपको नौकरी की जरूरत है! तो संपर्क करें:-8335914373

R-24 to 29-09-2025, 03Oct to11-10-2025

### FOR RENT

FULLY FURNISHED A/C RESTAURANT GROUND FLOOR + 1ST FLOOR A TO Z EQUIPMENT AVAILABLE PRIME LOCATION - IN FRONT OF CIVIL COURT, KOTHI BAZAAR, COLLECTORATE ROAD, HOSHANGABAD MOB.7987483916

B-24,25,26


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6000



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 5999 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |

## सूडोकु नवताल - 6010

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6009 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### सैमसंग ने की 20 फाइनलिस्ट टीम घोषित

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपनी अखिल-भारतीय इनोवेशन प्रतियोगिता सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के चौथे संस्करण की शीर्ष 20 फाइनलिस्ट टीमों की घोषणा की। फाइनलिस्टों में ग्रामीण भारत, टियर 2 और टियर 3 शहरों के 12 राज्यों के प्रतिभाशाली युवा शामिल हैं, जो इस कार्यक्रम के उस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं जिसमें युवा चेंजमेकर्स को प्रोत्साहित किया जाता है। इस साल, एक 14 वर्षीय प्रतिभागी फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया।

### चैटरबॉक्स टेक्नोलॉजीज का आईपीओ आज

**मुंबई।** चैटरबॉक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने इश्यू साइज 37,27,200 इक्विटी शेयर है, जिनका फेस वैल्यू 10 प्रति रुपए शेयर है, और प्राइस बैंड 110 से 115 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग मौजूदा व्यवसाय की पूंजी आवश्यकताओं के लिए, अतिरिक्त कार्यालय और नया स्टूडियो स्थापित करने के लिए कंपनी के ब्रांड निर्माण की पूंजी आवश्यकताओं के लिए, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

### इंफिनिटी इंफोवे का आईपीओ 30 को खुलेगा

**मुंबई।** इन्फिनिटी इन्फोवे लिमिटेड नेअपना प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव मंगलवार 30 सितंबर 2025 को खोलने जा रही है और 24.42 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखती है। इस इश्यू में 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 15,75,200 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनकी कीमत147 से 155 रपए प्रति शेयर के प्राइस बैंड में निर्धारित की गई है। एंकर पोर्शन 29 सितंबर 2025 को खुलेगा और आईपीओ 3 अक्टूबर 2025 को बंद होगा।

### आदित्य बिड़ला ने लांच किया नया ब्रांड 'विशफुल'

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड ने अपना नया ब्रांड 'विशफुल' लॉन्च किया है। इस लॉन्च के जरिये भारतीय फैशन की दुनिया में अग्रणी कंपनी ने महिलाओं के प्रीमियम अवसर-विशेष परिधान सेगमेंट में कदम रखा है। आधुनिक भारतीय महिला को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। यह ब्रांड फेस्टिवल, शादी और खास मौकों के लिए आत्मविश्वासी, स्टाइलिश और सजीला अंदाज पेश करता है।

### बेसिलिक ने से 85 करोड़ रुपए जुटाए

**चेन्नई।** बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड ने 20.25 लाख इक्विटी शेयर जारी किए, जिनकी कीमत प्रति शेयर 419.72 रुपए रखी गई है, जिसमें 409.72 रु. का प्रीमियम शामिल है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ बालकृष्णन ने कहाकि इस क्यूआईपी की सफल पूर्णता हमें अपनी वैश्विक विकास रणनीति को तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय मजबूती प्रदान करती है। खासकर जब 57 फीसदी भागीदारी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की रही।

### फोनपे इंडस एप अब 10 करोड़ डिवाइस में

**नई दिल्ली।** भारत के अपने एंड्रॉयड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने एक शानदार उपलब्धि की घोषणा की है। इसने 10 करोड़ से अधिक डिवाइस पर अपनी जगह बना ली है। इसकी सफलता का एक बड़ा कारण इसकी स्थानीय भाषा में होना है, जो यूजर्स को अंग्रेज़ी के साथ-साथ 12 भारतीय भाषाओं में भी ऐप्स खोजने की सुविधा देती है।

### ईयरकार्ट का आईपीओ 29 सितंबर को बंद होगा

**मुंबई।** ईयरकार्ट लिमिटेड ने अपना आईपीओ गुरुवार 25 सितंबर 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य इस इश्यू से 49.26 करोड़ रुपए जुटाना है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए। यह इश्यू 25 सितंबर 2025 को खुलेगा और 29 सितंबर 2025 को बंद होगा।

# कैश प्राइज और 90 प्रतिशत तक एलन स्कॉलरशिप पाने का मौका

एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30

## 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी

एजेंसी ▶▶ कोटा

देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स में आवेदन को लेकर देश भर के स्टूडेंट्स में उत्साह है। एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप और कैश प्राइज जीतने के लिए 5 अक्टूबर को हो रही इस परीक्षा में हर विद्यार्थी शामिल होना चाहता है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर को देश के चंडीगढ़, दिल्ली एनसीआर, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान एवं उत्तराखंड राज्यों में आयोजित होगी। टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रैक्टिस के लिए स्टूडेंट्स को टेस्ट पेपर्स वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे वो टेस्ट के स्तर को समझते हुए तैयारी कर सकता है। परीक्षा का सिलेबस एनसीईआरटी का होगा। एग्जाम पैटर्न और सिलेबस की जानकारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

जानकारी सिलेबस की वेबसाइट पर

कॉम्पिटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी जारी



**कक्षा 5 से 10 तक दो मोड में परीक्षा होगी**

अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा में शुरूआत से अब तक 18.25 लाख विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। कक्षा 5 से 10 तक के स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में परीक्षा होगी। स्टूडेंट्स को नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही 2.50 करोड़ के कैश प्राइज तथा 250 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स एलन क्लास रूम एवं डिजिटल कोर्सेज में एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। हर स्टूडेंट को अलग से कॉम्पिटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी जारी किया जाएगा।

# एसबीआई और रेलवे विभाग ने मिलकर मनाया 'स्वच्छता ही सेवा अभियान'

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने व्यापक सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सरकार की ओर से चलाये जा रहे "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के अंतर्गत आज भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय रेलवे के साथ मिलकर भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन पर व्यापक सफाई अभियान चलाया।

इस अवसर पर स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाने के साथ ही बैंक की ओर से सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत यात्रियों की सुविधा के लिए 4 व्हीलचेयर निःशुल्क प्रदान की गई। कार्यक्र में भारतीय स्टेट बैंक के उप प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर शर्मा, भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुधि तथा भारतीय रेलवे के असिस्टेंट डीआरएम अभिराम खरे एवं योगेंद्र बघेल ने किया। भारतीय स्टेट बैंक के उप प्रबंध निदेशक शर्मा कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक कर्तव्य है।



एसबीआई सदैव समाज एवं जनसेवा के लिए तत्पर है। भारत सरकार के दो मुख्य उपक्रम आज साथ मिलकर प्रदेश में एक सन्देश दे रहे है। भारतीय रेलवे की ओर से असिस्टेंट डीआरएम अभिराम खरे ने भी संबोधित करते हुए कहा कि एसबीआई और रेलवे का यह संयुक्त प्रयास स्टेशन को स्वच्छ और यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर भारतीय रेलवे के योगेंद्र बघेल, डीडीआरएम, सौरभ कटारिया, सीनियर डीसीएम , नवल अग्रवाल,एसीएम, बीएल मीणा, स्टेशन डायरेक्टर सहित भारतीय स्टेट बैंक के कुंदन ज्योति, महाप्रबंधक, नेटवर्क-1, ओंकार नाथ चौधरी, महाप्रबंधक, नेटवर्क-02, मनोज कुमार, महाप्रबंधक, नेटवर्क-3, शुभकांता कानूनगो, महाप्रबंधक, सर्कल ऑडिट ऑफिस मौजूद रहे।

# इसूजु मोटर्स ने भोपाल में खोली नई 3एस यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इसूजु मोटर्स इंडिया ने मध्य प्रदेश के भोपाल में अपनी नई डीलरशिप 'विन-विन इसूजु की ओपनिंग की घोषणा की है। यह प्रदेश में इसूजु का तीसरा टचपॉइंट है, जो क्षेत्र में ब्राण्ड की मौजूदगी को सशक्त बनाएगा। 11 माइल-बायपास, होशंगाबाद-भोजपुर रोड पर स्थित इस नई यूनिट को 3एस (सेल्स, सर्विस, स्पेयर्स) इंटीग्रेटेड आउटलेट के रूप में डिज़ाइन किया गया है।




20,000 वर्गफीट में फैली इस यूनिट में 5000 वर्गफीट का आधुनिक शोरूम है जहां दोपहिया वाहनों का डिस्प्ले किया जाएगा। साथ ही सभी सुविधाओं से युक्त 15 हजार वर्गफीट में फैली वर्कशॉप भी है जहां पांच सर्विस बे बनाए गए हैं।

डीलरशिप का उद्घाटन राजेश मित्तल, प्रेसीडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, इसूजु मोटर्स इंडिया द्वारा किया गया, इस अवसर पर इसूजु मोटर्स इंडिया के अन्य अधिकारी और डीलर पार्टनर्स वीरेन्द्र सिंह और रविचंद्रन जे. भी मौजूद रहे। आज इस डीलरशिप से नए वाहनों की डिलीवरी के साथ कारोबार की शुरूआत हो चुकी है।

## बिजनेस न्यूज

### गांधी मेडिकल कॉलेज में ओरल कैंसर डिटेक्शन प्रोग्राम

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज के मुख एवं दंत चिकित्सा विभाग द्वारा ओरल कैंसर डिटेक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ओरा स्कैन डिवाइस के माध्यम से मुफ्त में ओरल कैंसर की जांच की जाएगी। इस जांच में केवल दो मिनट के भीतर परिणाम मिल जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन गांधी मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख एवं दंत चिकित्सा विभाग के प्राध्यापक डॉ.अनुज भार्गव द्वारा की जाएगी, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनिमेष बड़ोदिया द्वारा किया जा रहा है। डेनेशिया अपोलो के सीईओ डॉक्टर प्रशांत त्रिपाठी के नेतृत्व में चलित डेंटल एंबुलेंस और अत्याधुनिक दंत चिकित्सा इकाई के साथ ओरा स्कैन मशीन भी उपलब्ध होगी।ओरा स्कैन मशीन फ्लोरिमेट्री टेक्निक पर आधारित है, जो नॉन-इनवेजिव है और इसमें बायोप्सी की आवश्यकता नहीं होती।

### आईईएस यूनिवर्सिटी का 17वां रिसर्च फेलिसिटेशन प्रोग्राम का आयोजन




**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा फैकल्टी मेंबर्स के रिसर्च में उत्कृष्ट कार्य के लिए 17वां रिसर्च फेलिसिटेशन प्रोग्राम का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया गया, जिसका शुभारंभ संजय कुमार मिश्रा (आईएएस), एडिशनल सेक्रेटरी, आयुष विभाग, मध्य प्रदेश सरकार, मुख्य आतिथि एवं एवं इंजीनियर बीएस यादव चांसलर आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। आईईएस द्वारा अभी तक फैकल्टि मेंबर्स के रिसर्च में उत्कृष्ट कार्य के लिए 17 रिसर्च फेलिसिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जा चुका है जिसमे अभी तक 20.25 लाख से अधिक के कैश प्राइज प्रदान किए जा चुके है। कार्यक्रम में रिसर्च फेलिसिटेशन के साथ एनपीटीईएल के लिए भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ देवांश सिंह ने सभी स्टाफ मेंबर को बधाई दी ।

### सेंट्रल बैंक में अखिल भारतीय गीत गायन प्रतियोगिता



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक में हिंदी माह मनाया जा रहा है। बैंक में हिंदी माह के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में अखिल गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसमें विभिन्न शाखाओं से आए कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने देशभक्ति, भक्ति तथा प्रेरणादायी हिंदी गीत प्रस्तुत कर स्टाफ सदस्यों का मन मोह लिया। निर्णायक के रूप में शहर के प्रतिष्ठित गायक अनिल पुराणिक एवं सुप्रसिद्ध गायिका संदीपा पारे को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं की घोषणा की गई प्रथम स्थान साकेत नगर शाखा की स्टॉफ दीपा शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, क्षेत्रीय कार्यालय मे पदस्थ मुख्य प्रबंधक सुश्री रूचि मालवीय द्वतीय तथा अकोदिया मंडी शाखा की अक्षदा बरकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं रवि घोंघे एवं मोहन शर्मा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया सभी विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### बीओबी ने बॉब के संग त्योहार की उमंग अभियान शुरु




**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने वार्षिक उत्सव अभियान बॉब के संग, त्योहार की उमंग – शुभ भी लाभ भी के तहत अपने रिटेल और एमएसएमई ग्राहकों के लिए कई त्योहारी ऑफर्स की पेशकश की है। अभियान को रियायती ब्याज दरों, विशेष ऑफर्स और मूल्य वर्धित लाभ प्रदान करते हुए ग्राहकों के लिए त्योहारी सीजन को और अधिक फायदेमंद बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। प्रमुख त्योहारी पेशकश में गृह ऋण, कार ऋण आदि शामिल है। जिसमें 7.45 फीसदी प्रति वर्ष से ब्याज दर सुविधा शुरू है। बैंक ऑफ बड़ौदा स्वर्ण ऋण और मॉर्गेज ऋण पर सीमित अवधि के लिए ब्याज दरों में छूट का अवसर भी उपलब्ध करा रहा है।

### क्वाड टॉर्क सीजन 11 का सिस्टेक में भव्य शुभारंभ

**भोपाल।** बहुप्रतिष्ठित रोमांच से भरी पांच दिवसीय अखिल भारतीय एटीवी डिजाइन, निर्माण और रेसिंग चैंपियनशिप क्वाड टॉर्क सीजन 11 का भव्य शुभारंभ सिस्टेक रातीबड़ में हुआ। यह चैंपियनशिप सिस्टेक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईएसएनईई मोटरस्पोर्टस प्राइवेट लिमिटेड, दौलत राम इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और इंदर इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज के सहयोग आयोजित की जा रही है। भारत के उभरते इंजीनियरों के बीच इंजीनियरिंग प्रतिभा को देखने के लिए 25 से 29 सितंबर बेहद रोमांचकारी होगे। समारोह में विशेष अतिथि रूबल नंदा, इंदर इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज, उमेश प्रताप सिंह, डायरेक्टर, आईएसएनईई मोटरस्पोट्र्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल मैंनेजिंग डायरेक्टर, सागर ग्रुप रहे। इस अवसर पर डॉ. ज्योति देशमुख ग्रुप डायरेक्टर सिस्टेक, डॉ. अभिषेक चौबे, प्रिंसिपल सिस्टेक रातीबड़, तथा एटीवी और ऑटोमोटिव के युवा उत्साही की भीड़ उपस्थित रही।

### एक्शन टेसा ने कारीगरों को किया सम्मानित

**भोपाल।** एक्शन टेसा ने लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस मनाया। इस अवसर पर कंपनी ने फर्नीचर उद्योग में काम करने वाले कारीगरों को सम्मानित किया ताकि इन कारीगरों को अलग पहचान मिल सके। पिछले साल हुए आयोजन की शानदार सफलता के बाद, इस साल राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस के अवसर पर कंपनी ने देशभर में 50 से ज्यादा स्थानों पर 'मेगा मीट' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कारीगरों ने फर्नीचर बनाने की कला को एक दूसरे से साझा किया और राष्ट्रीय कारपेंटर दिवस का जश्न मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ फिल्म अभिनेता अजय देवगन के प्रेरणादायक शब्द थे जिसमें उन्होंने कारीगरों के कार्य को सलाम किया और उनकी अदृश्य भूमिका की सराहना की। जिससे कारीगरों का उत्साहवर्धन भी हुआ। गौरतलब है कि पिछले वर्ष की सफलता के आधार पर एमएसएमई के सहयोग से विकसित तीन महीने के कौशल विकास कार्यक्रम, वुड पैनल प्रोसेसिंग टेक्निक्स ने सभी 30 छात्रों को 100 फीसदी प्लेसमेंट दिलाया है।

### आरकेडीएफ विवि में आयुर्वेद दिवस का आयोजन




**भोपाल।** दसवें आयुर्वेद दिवस पर बोलते हुए डॉ.अशोक कुमार वार्ष्णेय, राष्ट्रीय महासचिव,आरोग्य भारती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आयुर्वेद की स्वीकार्यता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है। आयुर्वेद जीवन की शैली है जिसके पास रोग के निदान के साथ साथ रोग से प्रतिरक्षण के उपाय भी हैं। इस क्षेत्र में तेजी से क्रमिक विकास हो रहा है। वे राम कृष्ण धर्मार्थ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में जो हम अध्ययन करते हैं उसे जीवन में उतारना भी चाहिए। योग और आहार के साथ हम अपने शरीर को निरोगी रख सकते हैं। यही कारण है कि आज संपूर्ण विश्व हमारे इस ज्ञान का लाभ उठा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर ने कहा कि आयुर्वेद एक ऐसी पद्धति है जो सामान्य लोगों के स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रखती है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सोनल सिंह ने किया। समारोह में अधिष्ठाता डॉ. सुनील पाटिल, प्रो. रत्नेश कुमार जैन, कुलसचिव प्रो.सतेंद्र ठाकुर सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और छात्र शामिल हुए।

### फायर टीवी डिवाइस पर 50 फीसदी तक की छूट

**मुंबई।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल शुरू हो चुका है, जिसमें एलेक्सा के साथ ईको स्मार्ट स्पीकर और डिस्प्ले, एलेक्सा स्मार्ट होम कॉम्बो, फायर टीवी स्ट्रीमिंग स्टिक्स, बिल्ट-इन फायर टीवी के साथ स्मार्ट टीवी और ऑल-न्यू किंडल पेपरव्हाइट पर शानदार ऑफर मिल रहे हैं। स्मार्ट होम बनाना हो या फिर टीवी स्ट्रीमिंग का बेहतर अनुभव प्राप्त करना हो, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में हर डिवाईस ढेर सारी बचत के साथ उपलब्ध है। ऑल-न्यू किंडल पेपरव्हाइट अमेजन का सबसे तेज और अब तक का सबसे थिन पेपरव्हाईट है। अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान ई-रीडर पर 2,000 रुपये की छूट दी जा रही है। इसलिए आप केवल 14,999 रुपए में इसे खरीद सकते हैं।

### लॉर्ड्स मार्क लंदन में सम्मानित, मिला 'इनोवेशन इन डायग्नोस्टिक डिवाइसिस'अवॉर्ड



**मुंबई।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को लंदन के ऐतिहासिक हाउस ऑफ लॉर्ड्स में इंडो-यूरोपीय बिजनेस फोरम द्वारा आयोजित 'विकसित भारत इन्वेस्टमेंट समिट 2025' में प्रतिष्ठित 'इनोवेशन इन डायग्नोस्टिक डिवाइसिस' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह ऐतिहासिक संध्या कार्यक्रम वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, निवेशकों और उद्यमियों को एकत्रित कर भारत, यूनाइटेड किंगडम, यूरोप और विश्व के अन्य हिस्सों के बीच साझेदारी और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड पहली भारतीय मेडिकल डायग्नोस्टिक कंपनी बन गई है जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार, जिसे लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी लॉर्ड्स मार्क माइक्रोबायोटेक के सीईओ सुभोध गुप्ता ने प्राप्त किया, कंपनी के मेडटेक, डायग्नोस्टिक्स और बायोकेमिस्ट्री नवाचार में किए गए अग्रणी योगदान को मान्यता देता है। इस मौके पर इंडो-यूरोपीय बिजनेस फोरम के संस्थापक विजय गोयल ने प्रमुख नेताओं और नीति निर्माताओं की उपस्थिति रहे।

### एलएनसीटी समूह में रासेयो स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित




**भोपाल।** एलएनसीटी,एलएनसीटी एंड एसएलएनसीटीई तथा एलएनसीपी ,भोपाल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 24 सितम्बर को रक्तदान जगरूकता के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा संबंधित विषयों पर प्रतियोगिता में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ सहभागिता की गई । स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान जागरूकता हेतु पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से समाज को जागरूक करने के लिए अभियान की पहल की गई। एलएनसीटी समूह के प्रबन्धन एवं निदेशक प्रशासनिक डॉ.अशोक कुमार राय द्वारा स्वयंसेवकों को सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका हेतु प्रेरित किया गया ।

### ब्रांड एंबेसडर दीपिका ने डाबर शैंपू के अभियान में शामिल

**भोपाल।** डाबर आंवला हेयर ऑयल ने अपनी ब्रांड एंबेसडर, दीपिका पादुकोण के साथ मिलकर "हेयर वॉशिंग से पहले, डाबर आंवला वाली ऑयलिंग जी" नामक एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य प्री-वॉश ऑयलिंग की पुरानी और परखी हुई प्रथा को फिर से जीवित करना है, इसे आज के तेज-तर्रार उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण और आधुनिक अनुष्ठान के रूप में स्थापित करना है। डाबर इंडिया लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर-मार्केटिंग, अभिषेक जुगरान ने कहाकि इस अभियान के साथ, हम केवल जागरूकता नहीं बढ़ा रहे हैं हम एक व्यवहारिक बदलाव ला रहे हैं।

### ईएसजी एक स्थायी और सुदृढ़ भारत के निर्माण का केंद्र बिंदु : ऋषि कुमार




**भोपाल।** सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष और बीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के सीएमडी ऋषि कुमार बागला ने कहा कि ईएसजी एक स्थायी और सुदृढ़ भारत के निर्माण का केंद्रबिंदु है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत शासन और उद्देश्य-संचालित कार्रवाई प्रतिबद्धताओं को वास्तविक प्रभाव में बदल सकती है। ईएसजी और कॉर्पोरेट गवर्नेंस 2025 पर सीआईआई क्षेत्रीय सम्मेलन - विकासशील भारत के लिए कार्य-दृष्टिकोण में बोलते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक एक सुदृढ़ और उन्नत भारत के विजन से प्रेरित है।



## कार्यालय प्राचार्य शासकीय पोलीटेकनिक महाविधालय राघोगढ जिला-गुना

क्रमांक/ लाइब्रेरी / जीपीआर/2025/936 राघौगढ दिनांक 23-09-25

**निविदा**

शासकीय पोलीटेकनिक महाविधालय राघौगढ में पुस्तकें क्रय करने हेतु पूर्व में जारी निविदा पत्र क्रमांक 851 राघोगढ दिनांक 01-09-2025 के अनुसार संस्था में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 22-09-2025 निर्धारित की गई थी, अपरिहार्य कारणवश मुहर बंद निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 22-09-2025 से बढ़ा कर 10-10-2025 की जाती है। अतः पब्लिशर तथा प्रदायकताओं से दिनांक 10-10-2025 को दोपहर 02 बजे तक मुहर बंद निविदाये आंमत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाये दिनांक 10-10-25 को शाम 3 बजे संस्थागत कय समिति तथा निविदाकताओं की उपस्थिति में (यदि वे उपस्थित होना चाहे) इस कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000 है। जो कार्यालय से नगद या रेखांकित डाप्ट (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का) जो कि प्राचार्य एंव सचिव जनभागीदारी समिति शासकीय पोलीटेकनिक महाविधालय राघौगढ जिला गुना म.प्र. के नाम देय हो।

निविदा विवरण डॉक द्वारा मगाने पर रूपये 100-00 भिजवाना होगे। निविदाये प्राप्त करने हेतु फर्म अपने लेटर पेड पर प्राचार्य को पत्र भिजवाये। पत्र पर सी.एस.टी/जी.एस.टी यादि सभी पर अंकित हो। डांक द्वारा या अन्यथा से हुये किसी भी प्रकार के बिलम्व के लिये संस्था उत्तरदायी नही होगी। बिलम्व से प्राप्त निविदाये निरस्त मान ली जावेगी।

निविदा प्रस्तुत करने के लिये अमानत राशि (अर्नेस्ट मनी) रूपये 1000=00 है। जो निविदा प्रस्तुत करते समय देय है।

प्राचार्य
शासकीय पोलिटेकनिक
महाविद्यालय राघौगढ़

जी - 19210/25 स्वच्छता ही सेवा

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं श्री संजय उपाध्याय, पुत्र श्री सतीश कुमार उपाध्याय, निवासी फ्लैट नंबर 1 एवं 2, शिवा अपार्टमेंट, ई-7/101, लाजपत सोसाइटी, भोपाल और जबलपुर में निवास करता हूँ । यह सार्वजनिक घोषणा करता हूँ कि मैं श्री संजय उपाध्याय और मेरी पत्नी श्रीमती मीना संजय कुमार उपाध्याय एवं मेरा पुत्र-पुत्रवधू (श्री सजल उपाध्याय एवं श्रीमती रोशनी सनोडिया) अब हमारे साथ नहीं रहते है । हमने दिनांक 28/09/2025 से उनके साथ संपूर्ण संबंध विच्छेद कर लिया है। वे दोनों (पुत्र एवं पुत्रवधू) वर्तमान में खंडवा (म.प्र.) में पृथक निवास कर रहे हैं और हमारे पारिवारिक, सामाजिक या आर्थिक जीवन से उनका कोई संबंध नहीं है। अतः भविष्य में उनके आपसी वैवाहिक विवादों, लेन-देन या किसी भी प्रकार की गतिविधि के लिए हम संजय उपाध्याय व मीना संजय कुमार उपाध्याय, किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

ऐडवोकेट **संजय** उपाध्याय
पुत्र श्री सतीश कुमार उपाध्याय
निवासीः फ्लैट नं. 1
और 2, शिवा अपार्टमेंट,
ई-7/101, लाजपत सोसाइटी,
भोपाल (म.प्र)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)

ईमेलः- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष / फेक्स क्रमांक. 07482.222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 18/व.ले.लि./ रायसेन / 2025-26 रायसेन, दिनांक 18.09.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | रिमार्क । |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _452956_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन गौहरगंज वं औबेदुल्लागंज में ए.आर. / एस.आर. अन्तर्गत कांकीट, शोल्डर एवं नाली पेवर ब्लॉक का कार्य। | प्रथम | 25.00 | |
| 2 | 2025_PWDRB _452966_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन रायसेन के शासकीय गैर आवासीय भवनों मे रंगाई पुताई कार्य। | प्रथम | 19.50 | |
| 3 | 2025_PWDRB _452979_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन रायसेन के शासकीय आवासीय भवनों मे रंगाई पुताई कार्य। | प्रथम | 19.00 | |
| 4 | 2025_PWDRB _452990 _1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन रायसेन में शासकीय गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 18.56 | |
| 5 | 2025_PWDRB _452995_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन रायसेन में शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 18.25 | |
| 6 | 2025_PWDRB _453007_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन औबेदुल्लागंज के शासकीय आवासीय भवनों मरम्मत कार्य। | प्रथम | 15.00 | |
| 7 | 2025_PWDRB _453023_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन औबेदुल्लागंज के गैर शासकीय आवासीय भवनों मरम्मत कार्य। | प्रथम | 15.00 | |
| 8 | 2025_PWDRB _453038_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन गौहरगंज एवं औबेदुल्लागंज में सेप्टींक टैंक एंव सीवर लाईन का मरम्मत कार्य । | प्रथम | 10.00 | |
| | | | | | | 140.31 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 08/10/2025, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन संभाग रायसेन

जी - 19170/25 स्वच्छता ही सेवा

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन

दूरभाष क्रमांक कार्या. 07482- 223251 ई-मेल eeresraisen@mp.gov.in

// विज्ञप्ति //

क्रमांक 2860 /व.ले.लि./2025 रायसेन, दिनांक 23/09/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/2025-26 / रायसेन**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईटः https://www.mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा लागत (पी.ए.सी.) (रू.लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि (रूपये में) | अवधि वर्षाकाल सहित (दिवस) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES _453817 | फिजिक्स लैब निर्माण कार्य संख्या-1 शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल देवरी, नगर देवरी वि.खं. उदयपुरा Dise Code 23340704223 | 14.62 | 0.30 | 2000/- | 120 | प्रथम |
| 2 | 2025_RES _453826 | केमिस्ट्री लेब निर्माण कार्य संख्या-1 शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल देवरी, नगर देवरी वि.खं. उदयपुरा Dise Code 23340704223 | 15.19 | 0.305 | 2000/- | 120 | प्रथम |
| 3 | 2025_RES _453829 | बायलॉजी लेब निर्माण कार्य संख्या 1 शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल देवरी, नगर देवरी वि.खें. उदयपुरा Dise Code 23340704223 | 14.62 | 0.30 | 2000/- | 120 | प्रथम |
| 4 | 2025_RES _453830 | फिजिक्स लैब निर्माण कार्य संख्या-1 शासकीय हाई स्कूल ईटखेडी, ग्राम ईटखेठी वि.ख. बाड़ी Dise Code 23340111304 | 14.62 | 0.30 | 2000/- | 120 | प्रथम |
| 5 | 2025_RES _453831 | केमिस्ट्री लेब निर्माण कार्य संख्या-1 शासकीय हाई स्कूल ईटखेडी, ग्राम ईटखेडी वि.खं. बाड़ी Dise Code 23340111304 | 15.19 | 0.305 | 2000/- | 120 | प्रथम |
| 6 | 2025_RES _453809 | बायलॉजी लैब निर्माण कार्य संख्या-1 शासकीय हाई स्कूल ईटखेडी, ग्राम ईटखेडी वि.खें. बाडी Dise Code 23340111304 | 14.62 | 0.30 | 2000/- | 120 | प्रथम |
| 7 | 2025_RES _453972 | खेल मैदान निर्माण कार्य वेडमिंटन कोर्ट वॉलीबॉल कोर्ट, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल -GIRLS HSS BARELI विकासखण्ड बाडी जिला रायसेन | 4.07 | 0.085 | 2000/- | 60 | द्वितीय |
| 8 | 2025_RES _453976 | खेल मैदान निर्माण कार्य हेडबॉल कोर्ट वॉलीबॉल कोर्ट, खो-खो मैदान, कबड्डी मैदान पीएमश्री स्कूल शासकीय मिडिल स्कूल बरेली, विकासखण्ड बाडी, जिला रायसेन (Dise Code-23340103043) | 4.08 | 0.085 | 2000/- | 60 | पंचम |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय एवं प्रस्तुत करने की दिनांक 30/09/2025 समय 10:30 बजे से दिनांक 23/10/2025 समय 05:00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन सूचनाएँ केवल बेबसाईट पर दी जावेगी, पृथक से कोई सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायसेन म.प्र.

जी - 19215/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# स्वदेशी तेजस से मजबूत होगा देश का सुरक्षा तंत्र

महज एक दिन पहले ही अखबारों में सुर्खियां थी कि छह दशक से देश की सुरक्षा प्रणाली का स्तंभ 26 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाएगा। इसके लिए बाकायदा एक समारोह का आयोजन भी होगा जिसमें मिग-21 को विधिवत विदाई दी जाएगी। 1963 में सोवियत यूनियन (अब रूस) से मुम्बई उतरे मिग-21 ने देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई। साल 1965 और 1971 में पाकिस्तानी हमलों को मुंह तोड़ जवाब देने वाले मिग-21 ने कारगिल युद्ध में विजय दिलाने में खूब योगदान दिया। मिग-21 की सेवानिवृत्ति पर सबसे बड़ा सवाल यही था कि अब उसका स्थान कौन लेगा। वैसे तो देश की वायुसेना के पास एक मिग 29, फ्रांसीसी मिराज और ब्रिटिश जगुआर विमान शामिल हैं। इस बेड़े का अधिकांश हिस्सा विरासत एंटोनोव एएन-32 , डोर्नियर 228 और हॉकर सिडली एचएस 748 विमानों से बना है। इसके बावजूद मुख्य विकल्प को लेकर साफ-साफ कहा जा रहा था कि स्वदेशी तकनीक से बना तेजस ही मिग-21 का उत्तराधिकारी बनेगा। मिग-21 का मुख्य और प्रत्यक्ष विकल्प भारतीय वायुसेना के लिए स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान है, जिसे हाल ही में वायुसेना में शामिल करने की मंजूरी मिली है। तेजस, अपने आधुनिक एईएसए रडार, अस्त्र मिसाइल और 65 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ, मिग-21 से कहीं अधिक सुरक्षित और बहुमुखी है। इसके अलावा, भारतीय वायुसेना के पास राफेल और सुखोई जैसे अन्य उन्नत विमान भी हैं जो मिग-21 से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। अब रक्षा मंत्रालय ने मिग-21 की विदाई से पहले ही रक्षा तंत्र को मजबूत करते हुए 62,370 करोड़ रुपये की लागत से 97 तेजस मार्क-1ए हल्के लड़ाकू विमानों की सप्लाई करने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक बड़े सौदे को औपचारिक रूप दिया है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान प्लेटफॉर्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। वहीं, दुनिया में अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजरायल और चीन के पास पांचवीं पीढ़ी के विमान हैं। चीन तो छठी पीढ़ी के जेट भी बनाने का दावा कर रहा है। पांचवीं पीढ़ी की तकनीक सिर्फ अमेरिका, रूस और चीन के पास है। भारतीय वायु सेना को मजबूत करने के लिए एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के मॉडल को भी मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को दी गई है। एजेंसी प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगी। इस कॉन्ट्रैक्ट को भारत के लड़ाकू बेड़े के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो पुराने विमानों के कई फेज में रिटायरमेंट से पैदा हुईं खामियों को दूर करेगा। वैसे भी एचएएल ने 13वें सीरीज प्रोडक्शन तेजस एमके-11 की पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह उड़ान अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक के कैटेगरी-बी एफ-404 इंजनों से की गई थी। असली एफ-404-आईएन-20 इंजन अभी आने बाकी हैं। बीते दिनों वायुसेना चीफ एपी सिंह ने कहा था कि एक भी सिंगल प्रोजेक्ट टाइम पर पूरा नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए सरकार ने तुरंत सौदे को मंजूरी दे दी है ताकि किसी तरह की देरी न हो। एचएएल का दावा है कि वह अक्टूबर में 83 तेजस जेट विमानों में से पहले दो की डिलीवरी कर देगा। साफ है कि वायुसेना को तेजस मिलने के बाद देश की सुरक्षा अभेद होगी। एक और पाकिस्तान चीन से जे-35ए की खरीद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हम उससे कहीं उन्नत स्वदेशी का निर्माण कर रहे हैं। इससे न केवल हम अपनी सुरक्षा को मजबूत करेंगे बल्कि आत्मिनर्भर भारत का सपना भी पूर्ण होगा।



राष्ट्र-चिंतन
आचार्य श्रीहरि

# अरब-मुस्लिम नाटो गठन की विफलता

> अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

अरब-मुस्लिम नाटो गठन का सपना अधूरा रह गया। पाकिस्तान, तुर्की और हमास का प्रयास विफल हो गया। कतर खुद पीछे हट गया। इस्लामिक सहयोग संगठन की गोलबंदी भी कोई काम नहीं आई। अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन क्या सिर्फ हाथी के दांत हैं, गुब्बारे की हवा हैं, मंच पर सिर्फ बैठकर शेखी बघारने वाले संगठन हैं, इनमें शक्ति नहीं हैं, इनमें निर्णय लेने की क्षमता नहीं हैं? क्या ये यूरोपीय देशों की तरह मुस्लिम देशों का अपना कोई सैनिक शक्ति का निर्माण नहीं कर सकते हैं? क्या ये नाटो का विकल्प नहीं बना सकते हैं?

इनके पास संगठन हैं, इनके पास दुनिया की सबसे बड़ी आबादी यानी मुस्लिमों का समर्थन है, ये सिर्फ भीखमंगे नहीं हैं, ये सिर्फ गरीब नहीं हैं, ये सिर्फ अर्थव्यवस्थाहीन नहीं हैं, ये सिर्फ अनिर्यातक नहीं हैं, बल्कि ये अमीर हैं, ये शक्तिशाली भी हैं, ये समर्थ भी हैं, इनके पास धन की कोई कमी नहीं है, इनके पास खनिज संपदाओं की कोई कमी नहीं हैं, ये तेल और गैस के निर्यातक भी हैं, संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिकाओं के नियंत्रक भी हैं। इतना ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक नियामकों में इनकी संख्या और सक्रियता भी हैं शक्तिशाली हैं। फिर ये मुस्लिम अधिकारों को लेकर एकजुटता दिखाने में कमजोर क्यों और कैसे साबित हो जाते हैं? इजरायल के खिलाफ इनकी एकजुटता क्यों नहीं पनप पाती है, अमेरिका के खिलाफ इनकी बोलती क्यों बंद रहती हैं, यूरोपीय देशों के खिलाफ भी ये अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ और निर्णायक क्यों नहीं बना पाते हैं? क्या अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन भविष्य मे मुस्लिमों के अधिकार और भलाई के लिए मजबूत होने के लिए तैयार हैं? ख्याल यह रखना चाहिए कि दुनिया उसी की बात सुनती है, उसी के सामने सिर झुकाती है, उसी की अस्मिता और संप्रभुत्ता का सम्मान करती है जिसके पास शक्ति होती है, जिसके पास मजबूत संगठन होते हैं, जिसकी आबादी अपने अधिकारों के प्रति सक्रिय होती है और शक्ति का प्रयोग करती है। अमेरिका इसी कसौटी को आधार बनाकर दुनिया पर राज करता है। रूस इसी कसौटी पर यूक्रेन की संप्रभुता को रौंद रहा है। संदर्भ इजरायल बनाम अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन है। इजरायल ने छह मुस्लिम देशों पर मिसाइलें दांगी थी और लड़ाकू विमानों से हमले किए थे। खासकर कतर पर उसने बम बरसाये थे। इजरायल का आरोप है कि कतर सहित अन्य मुस्लिम देश हमास के नेताओं का संरक्षन देते हैं, पोषक की भूमिका निभाते हैं और संहारक भी बनाते हैं। जहां तक कतर की इस कसौटी पर संलिप्तता की बात है तो इसमें अनिवार्य तौर पर तथ्य शामिल हैं। कतर सभी मुस्लिम आतंकवादी संगठनों का संरक्षणकर्ता है और पालनहार है। आपको याद दिला दें कि हमास ही नहीं बल्कि तालिबान और अलकायदा का भी कतर संरक्षणकर्ता रहा है। तालिबान के बड़े नेता कतर में ही रहते थे और वहीं से अमेरिका के खिलाफ हिंसा की नीति को आगे बढ़ाते थे। अमेरिका और तालिबान के बीच में शांति समझौते को लेकर हुई बातचीत भी कतर में हुई थी। हमास के बड़े नेता कतर में संरक्षण पाए हुए हैं और कतर से ही इजरायल के खिलाफ अभियान जारी रखे हुए हैं। इजरायल का एक्शन हमास को समाप्त करने को लेकर जारी है। इजरायल



कहता है कि जब तक हमास का अस्तित्व नहीं मिटता है, उसका संहार नहीं होता है तब तक उनकी मिसाइलें और लड़ाकू विमानें उड़ती रहेंगी। हमारी मिसाइलें वहीं गिरेंगी जहां पर हमास के हिंसक आतंकवादी संरक्षण पाए हुए हैं। इसी दृष्टिकोण से इजरायल ने छह मुस्लिम देशों के स्थित हमास के ठिकानो पर हमला किया था। ईरान तो अब चुप हो गया है और ईरान की हमास के पक्ष में भड़काऊ बयानबाजी थम गई। ईरान को मालूम है कि हमास के पक्ष मे जितना ज्यादा बोलेगा, उतना ही उस पर इजरायल की मिसाइलें गिरेगी।

इजरायल के हमले के बाद मुस्लिम देश नाटो की तरह एक सुरक्षा कवच बनाना चाहते थे। इसी दृष्टिकोण से जुटे हुए थे। इस्लामिक सहयोग संगठन मुस्लिम देशों की एक साक्षा सुरक्षा कवच बनाने के लिए प्रतिबद्ध था और अपना इरादा भी जाहिर किया था। खासकर पाकिस्तान और तुर्की बहुत ज्यादा उत्साहित थे। पाकिस्तान इस मामले में बहुत ही उतावला था और आगे बढ़कर हिंसक रूप से समर्थन कर रहा था। पाकिस्तान की जल्दबाजी इतनी थी कि तुरंत ही नाटो की तरह हमारा रक्षा संगठन खड़ा होना चाहिए। इस प्रसंग में पाकिस्तान अपना हित देख रहा था और अपने हित की कसौटी पर मुस्लिम देशों को उकसा रहा था। पाकिस्तान भविष्य की दृष्टि से अपने आप को देख रहा था। हाल ही में पाकिस्तान पर भारत का हमला हुआ था और भारत ने उसकी संप्रभुत्ता को रौंदा था। पाकिस्तान अपने बल पर भारत का सामना नहीं कर पाया था। पाकिस्तान की दूरदृष्टि थी कि भारत के साथ संघर्ष में अरब-मुस्लिम नाटो उसका साथ देगा और भारत का संहार करेगा। तुर्की भी अरब मुस्लिम दुनिया का चौधरी बनने के लिए तत्पर था। लेकिन अन्य मुस्लिम देश भविष्य के खतरे और संकट को भांप गये। पाकिस्तान खुद कंगाल है, कटौरे लेकर भीख मांगता है और आतंकवाद की फैक्टरी लगाकर दुनिया को संकट में डालता है। पाकिस्तान के लोग मुस्लिम देश में जाते हैं तो फिर वहां पर विखंडन और मजहबी कुरीतियों की आग लगा देते हैं, इस कारण अरब के कई मुस्लिम देशों में पाकिस्तानी मुसलमानों को नापसंद किया जा रहा है। अरब-मुस्लिम नाटो संगठन खड़ा करने के पीछे नेतृत्व की समस्या थी, पैसे की समस्या थी। अरब-मुस्लिम नाटो का केन्द्रीय कार्यालय कहां बनेगा, किस देश में बनेगा और उसका प्रमुख कौन होगा? अरब मुस्लिम नाटो संगठन के गठन पर अरबो-खरबों डॉलर खर्च होगा, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि हर साल इसकी सक्रियता पर करोड़ों और अरबों डॉलर खर्च होंगे। सबसे बडी बात यह है कि ऐसी सैनिक फोर्स किसके प्रति जिम्मेदार होगी, इस्लाम के प्रति जिम्मेदार होगी तो फिर किसी देश का नियंत्रण ऐसी फौज स्वीकार ही नहीं करेगी। इस कसौटी पर ऐसी कोई सेना खुद भस्मासुर की प्रतीक बन जाएगी।

हमास को लेकर खुद मुस्लिम देश एकमत नहीं है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और उसकी हिंसक करतूतों ने मानवता के प्रति घिनौना उदाहरण प्रस्तुत किया है। नाटो जैसा कोई भी अरब-मुस्लिम नाटो सैनिक फोर्स का खड़ा होना मुश्किल है। हथियार कहां से आएगा? तकनीक कहां से मिलेगी? तकनीक और हथियार तो अमेरिका और यूरोप से मिलेंगे। चीन और रूस हथियार भी देंगे तो उसकी कीमत खूब वसूलेंगे। फिर इजरायल के पक्ष में सैनिक गठबंधन बनेगा, फिर भारत, दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अपनी सुरक्षा के लिए इजरायल के साथ सैनिक गठबंधन के लिए मजबूर होंगे। नाटो और अमेरिका भी ऐसी कोई सेना को अपने विरुद्ध मानेगा। फिर पाकिस्तान-तुर्की और हमास जैसी शक्तियां अरब-मुस्लिम नाटों का सपना देखते रहें, यह सपना सच होने वाला नहीं है।

( ये स्वतंत्र लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कयास
संतोष कुमार भार्गव




# मणिपुर में शांति और विकास फिर लौटेगा

निस्संदेह, पिछले दो वर्षों से अधिक समय से हिंसाग्रस्त मणिपुर का संकट लाइलाज-सा नजर आता रहा है। अब केंद्र सरकार और राज्य के दो प्रमुख कुकी-जो समूहों के बीच बीते गुरुवार को हस्ताक्षरित ऑपरेशन निलंबन समझौते से अशांत मणिपुर में शांति बहाली तथा सामान्य स्थिति बनाए रखने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद जगी है। उम्मीद है कि इस प्रयास से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित की जा सकेगी। समझौते के बाद निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सहमति बनी है। वहीं, यह घटनाक्रम इस कारण से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते दिनों मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। विपक्ष लंबे समय से मांग करता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब विपक्ष का मुंह पीएम मोदी ने बंद कर दिया है। मई, 2023 में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद प्रधानमंत्री की इस संवेदनशील राज्य की यह पहली यात्रा थी। विगत में विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि केंद्र ने मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया। विपक्ष ने राज्य में डबल इंजन सरकार के दौरान कुशासन का आरोप भी लगातार लगाया है। विरोधी जो भी कहें, यह नहीं भूलना चाहिए कि संघर्ष आरंभ होने के शुरुआती दिनों में ही गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा किया था। उसके पहले से गृह मंत्रालय के अनेक अधिकारियों ने वहां डेरा डाला था। आशा है कि समझौते के मुताबिक कुकी विद्रोहियों के खिलाफ एक साल तक सैन्य अभियान रोकने पर बनी सहमति कायम रहेगी। यह समझौता पहले भी था, लेकिन हथियारबंद समूहों द्वारा हिंसा जारी रखने के कारण इसे निलंबित करना पड़ा। समझौते में कुछ नई शर्तें भी जोड़ी गई हैं, जिनमें कड़ी निगरानी के साथ उल्लंघन की स्थिति में समीक्षा शामिल है। इसका अर्थ हुआ कि सरकार ने न्यायसंगत मांगों को स्वीकार किया है, लेकिन हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हाल के महीनों में अपेक्षाकृत शांति का एक मुख्य कारण यह भी है कि कई आतंकवादियों ने राज्य के अधिकारियों की अपील के जवाब में लूटे गए हथियार कानून प्रवर्तन एजेंसियों को लौटाए हैं। निश्चित रूप से हाल ही में हुआ समझौता लंबे समय से अशांत चल रहे मणिपुर के हित में एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। इसके बावजूद कुछ पेचीदा मुद्दे अभी भी सुलझाने बाकी हैं। इस मुहिम में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने की जरूरत है। राज्य में एक प्रभावशाली नागरिक समाज समूह, कुकी-जो काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि वह मैतेई और कुकी-जो क्षेत्रों के बीच बफर जोन में अप्रतिबंधित या मुक्त आवाजाही के पक्ष में नहीं। यह भी कि मणिपुर के नागाओं के शीर्ष निकाय ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध किया है। इसके अलावा विरोध में राज्य में समुदाय वाले सभी क्षेत्रों में व्यापार प्रतिबंध लागू करने की चेतावनी भी दी है। उल्लेखनीय है कि राज्य में जातीय संघर्ष की मूल वजह बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल करने की मांग रही है। इस मांग पर उपजे टकराव को दूर करने तथा कुकी और नागाओं का विश्वास फिर से हासिल करने के प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है। वर्तमान समझौते में मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने की प्रतिबद्धता शामिल है। यह कुकी समूहों की अलग प्रशासन की मांग में बदलाव का संकेत है। मैतेई इस मांग का विरोध करते रहे हैं। हालांकि सभी कुकी समूहों को इससे सहमत कराना कठिन है। समझौते पर हस्ताक्षर होने के कुछ ही समय बाद, सिविल सोसायटी समूह कुकी-जो काउंसिल ने भारतीय संविधान के तहत अलग प्रशासन के लिए राजनीतिक बातचीत की आशा का वक्तव्य दिया। ऐसा कहने वाले मिल जाएंगे कि जब तक वित्त और प्रशासन का नियंत्रण घाटी के लोगों के पास रहेगा, पहाड़ी जिलों के विकास की अनदेखी होगी। लेकिन सामूहिक आकांक्षाओं के मुताबिक विकास योजनाओं पर अमल हो तो यह सोच भी बदल जाएगी। पीएम मोदी ने अपनी हालिया यात्रा में कहा, 'मणिपुर आशा और आकांक्षाओं की भूमि है। लेकिन दुर्भाग्य से यह हिंसा की चपेट में आ गया है। मैं आने वाले दिनों में राज्य के लिए आशा और विश्वास की एक नई सुबह देख रहा हूं।' मोदी ने संघर्ष से विस्थापित लगभग 60,000 लोगों के उचित पुनर्वास और राज्य में स्थायी शांति लाने का आश्वासन दिया। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों पक्ष शांति का माहौल कायम रखने में अपनी अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाएं, जिससे मणिपुर पुनः विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

## श्रमरहित पराश्रित जीवन से विकास के द्वार बंद



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछाः अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूँ। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोलाः महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश


कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है।

*- मनोज शुक्ला, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

### तटीय क्षेत्र मजबूती को भारत-सिंगापुर में करार

सिंगापुर की सीट्रियम ऑफशोर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (एसओटी) ने एशिया भर में तटीय क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की सबसे बड़ी जहाज निर्माता और जहाज मरम्मत कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत दोनों कंपनियां अपनी पूरक शक्तियों – एसओटी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, विशेष उपकरण और तटीय समाधान एवं सीएसएल के व्यापक बुनियादी ढांचे, निर्माण सुविधाओं और जहाज मरम्मत विशेषज्ञता को व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल करेंगी। एसओटी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह साझेदारी एशिया में ग्राहकों के लिए




रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। एसओटी ने कहा कि एमओयू पर डिजिटल तरीके से हस्ताक्षर किए गए, जो पूरे एशिया में तटीय इंजीनियरिंग में एक महत्वपूर्ण सहयोग को दर्शाता है। दोनों कंपनियां इस क्षेत्र के अन्य प्रमुख तटीय बाजारों में विस्तार के अवसरों का भी पता लगाएंगी। एसओटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख विंस्टन चेंग ने कहा, ''यह समझौता ज्ञापन, एशिया भर में अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने के सीट्रियम के प्रयासों में एक रणनीतिक मील का पत्थर है।

## ऑफ बीट

### मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है

ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।



## ट्रेंड

### विकास कार्यों का उद्घाटन



डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में राजस्थान लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज बांसवाड़ा से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास प्रदेश की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शुभांशु शुक्ला को बधाई



मुंबई कॉन्क्लेव 2025 में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जहाँ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री को सम्मानित किया गया। उन्हें 1.4 अरब दिलों के सपनों को समेटे, पूरे देश में साहस, समर्पण और असीम महत्वाकांक्षा को प्रेरित करने वाली यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने पर बधाई दी।

**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### सेवा पखवाड़ा



सेवा पखवाड़ा दिल्लीवासियों के लिए हर दिन नई सौगातें लेकर आ रहा है। आज दिल्ली सचिवालय से शुरू हुई ये स्वास्थ्य सुविधाएं इलाज को और सरल व सुलभ बनाएंगी और हर नागरिक के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का नया संबल जोड़ेंगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### चिकित्सा की उपेक्षा



सरकार 'मरीज और डॉक्टर' का अनुपात बताए मतलब वर्तमान में कितने मरीजों के लिए कितने डॉक्टर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य और चिकित्सा की उपेक्षा देश के मानव संसाधन की उपेक्षा है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

कमला नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया

# महिला के पति को प्रेमी ने भेजे आपत्तिजनक वीडियो, ब्लैकमेलिंग करने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र में प्रेमी ने लिव-इन पार्टनर रह चुकी अपनी महिला मित्र के पति को आपत्तिजनक वीडियो भेजकर ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। महिला का पति वीडियो देखकर आरोपी को कॉल लगाने वाला ही था, तभी उसने वीडियो डिलीट कर दिए। इसके बाद महिला को कॉल कर साथ में रहने का दबाव बनाया। कमला नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार राहुल नगर निवासी 30 वर्षीय महिला ब्यूटीशियन है। उसका निकाह वर्ष 2009 में युनुस खान (परिवर्तित नाम) से हुआ था, जिससे 11 साल की उसकी लड़की है। वर्ष 2013 में युनुस ने उसे तलाक दे दिया था। तलाक के बाद वह अपनी बेटी को साथ लेकर अपनी मां के पास दानिश नगर कलोनी करोंद में रहने लगी। इस बीच उसकी सहेली शीला (परिवर्तित नाम) ने 2018 में उसकी मुलाकात विजय जाटव से कराई। दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। इसी साल वह अपनी मर्जी से विजय जाटव के घर शबरी नगर में बेटी रहने लगी। दोनों के बीच आपसी सहमति से शारीरिक संबंध भी बने। लेकिन, विजय आए दिन उसके साथ मारपीट कर परेशान करने लगा। ऐसे में वर्ष 2020 में वह फिर अपनी मां के पास आ गई। मां ने वर्ष 2022 में शाहबजादे (परिवर्तित नाम) से निकाह करा दिया। इसकी जानकारी विजय को लगी। वह उसे आए दिन फोन कर परेशान करने लगा। उस पर दबाव बनाया कि अपने शोहर को छोड़कर उसके पास रहे। धमकी दी कि ऐसा नहीं करने पर वह तुम्हारे वीडियो-फोटो इंस्टाग्राम में वायरल कर देगा। जब वह विजय के पास नहीं गई तो आरोपी ने उसके शौहर के पास उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो भेज दिए। पति वीडियो देखकर विजय को फोन लगाते इससे पहले आरोपी ने सभी आपत्तिजनक कंटेंट डिलीट कर दिए। महिला इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। कमला नगर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## नशे में चौथी मंजिल से गिरा युवक मौत

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में चौथी मंजिल की छत से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। वह शराब पीने का आदी था। अनुमान है कि नशे में चौथी मंजिल से नीचे गिरा है। एसआई सूरज अतुलकर ने बताया कि शेरू कपिल पिता दल्लू कपिल (36) बी-4, मल्टी वाजपेयी नगर में रहता था और पुताई के ठेके लेता था। बुधवार रात वह शराब के नशे में था और छत पर टहल रहा था। इसी बीच छत से नीचे गिर गया। करीब चालीस फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट आई थी।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# यूनियन नेतृत्व एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी छात्राओं के हित के लिए प्रतिबद्ध : हीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए स्टूडेंट यूनियन काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी एवं प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने नव-निर्वाचित काउंसिल सदस्यों को उनके पद और उत्तरदायित्वों के बारे में बताया।

समारोह के आरंभ में हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि नेतृत्व एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है तथा स्टूडेंट यूनियन, कॉलेज की परंपराओं, अनुशासन और छात्राओं के हित को सर्वोपरी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालिमा परवानी ने कहा कि स्टूडेंट काउंसिल कॉलेज और छात्राओं के बीच एक सेतु का कार्य करती है। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सुनीला चैबे ने यूनियन काउंसिल की छात्राओं को अध्यक्ष, कु. आयशा खानम, उपाध्यक्ष, कु. याशिका परयानी, सचिव, कु. अनुश्री नामदेव, सहसचिव, कु. नफिसा हसन, मुख्य संपादक, कु. अलिश्बा खान, सह-सम्पादक कु. प्रियांशी धाकड़, सांस्कृतिक सचिव कु. लक्षिता साकल्ले, सह-सांस्कृतिक सचिव, कु. तहूरा खान, क्रीडा अध्यक्ष्य, कु. समायरा खान, संयुक्त क्रीडा अध्यक्ष्य, कु. ज्योति निरंजन, आईक्यूएसी समन्वयक, कु. सुभाना खान, टी एंड पी समन्वयक, कु. अनुष्का ईश्वय, आईआईसी एवं ई-सेल समन्वयक, कु. यशस्वी पंडित, विज्ञान अध्यक्ष्य, कु. सिमरन मेवाड़ा, कंप्यूटर विज्ञान अध्यक्ष्य, कु. आश्विनी भिलाला, वाणिज्य अध्यक्ष्य, कु. खुशी जायसवाल, प्रबंधन अध्यक्ष्य, कु. हावरा हसन एवं शिक्षा अध्यक्ष्य, कु. उर्वशी चौधरी को शपथ दिलवाई।

## खबर संक्षेप



### संत रविदास सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**बैरसिया।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एवं 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, हम सभी के प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर तरावली जोड़ (सोनकच्छ) में संत रविदास सामुदायिक भवन का विधायक विष्णु खत्री ने भूमि पूजन किया।

### नर्मदापुरम से आज आएगी रेजांग ला कलश यात्रा

**औबेदुल्लागंज।** यादव समाज की रेजांग ला कलश यात्रा शुक्रवार को सुबह 10 बजे नर्मदापुरम से आएगी। समस्त यादव समाज ने अपील कि है की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर यात्रा का स्वागत करें। सीताराम चौराहे पर सुबह 9 बजे यात्रा का स्वागत करने के लिए यादव समाज के लोग जुटेंगे। अनिल पटेल, अशोक पटेल, कन्हैया नंदवंशी, संजय यादव, अध्यक्ष सुधीर यादव, उत्तम यादव, सुजीत यादव, वीरेंद्र यादव, गणेश पटेल, मक्खन यादव, विशाल यादव, दुर्गेश यादव, बृजमोहन यादव, आरती यादव, इंग्लिश यादव, गुड्डू यादव, जीतू नंदवंशी, रामकिशोर नंदवंशी, विक्रम बाबा एवं अन्य यादव समाज के लोग शामिल होंगे।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राज्यपाल करेंगे पुरस्कृत

**संतनगर।** शहीद हेमू कालाणी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित मिट्ठी गोविंदराम और नवनिध हासोमल पब्लिक विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने गांधी भवन ट्रस्ट द्वारा गत दिवस आयोजित 'आओ जानें गांधी को' गांधी सप्ताह की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने बताया कि विजयी छात्राओं को 2 अक्टूबर को गांधी भवन में राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### टिफिन बैठक में समरसता का दिया संदेश



**संतनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गुरुवार को गुरुनानक मंडल द्वारा टिफिन बैठक कर सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं ने एक साथ भोजन कर समरसता का संदेश देकर एक पेड़ मां के नाम लगाया। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा संगठन की शक्ति वहीं खिलती है, जहां कार्यकर्ता तपस्वी बनकर खड़े होते हैं। दशकों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'टिफिन बैठक' शुरू की थी, जिसमें कार्यकर्ताओं को एक परिवार बना दिया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5038 | | |
| दिन: | 790 | 69 | 135 |
| रात: | 000 | 00 | 000 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 239 | 42 | 679 |
| रात: | 000 | 00 | 000 |

वकील का आरोप, बीच-बचाव करने पहुंची मां की झपट ली दो तोले की चेन

# घर के सामने पटाखे जला रहे युवकों को रोका तो लात-घूंसों से वकील की जमकर कर दी पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**खास बातें**
- आरोपी जान से मारने की धमकी देकर हुए फरार
- देर रात वकील ने घटना की शिकायत निशातपुरा थाने पहुंचकर की



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित संजीव नगर में बीती रात घर के सामने पटाखे जला रहे युवकों को मना करना वकील को महंगा पड़ गया। दोनों युवकों ने वकील को धमकाते हुए पिटाई लगा दी। वकील का आरोप है कि मारपीट में बीच बचाव करने पहुंची उसकी मां से भी युवकों ने झूमाझटकी की और गले से दो तोले की चेन झपट ली। पुलिस ने वकील की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट और झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार अभिषेक सिंह (32) संजीव नगर में रहते हैं और जिला कोर्ट में वकालत करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि संजीव नगर में मुख्य सड़क पर उनका मकान है। बीती रात करीब पौने 12 बजे वह घर पर थे। इसी दौरान घर के सामने दो युवक पटाखे जलाने लगे। अभिषेक बाहर पहुंचे और उन्हें घर से थोड़ी दूर जाकर पटाखे जलाने का कहा। इस पर दोनों भड़क गए और कहने लगे कि तू कौन सोसाइटी का अध्यक्ष है या फिर कौन है। वकील ने उन्हें फालतू की बात न करने और घर के सामने से कहीं और जाकर पटाखे जलाने की बात कही। इस पर आरोपियों ने लात घूंसों से वकील की की पिटाई लगा दी। शोर सुनकर अंदर से वकील की मां पहुंची। उन्होंने मारपीट कर रहे युवकों से अपने बेटे को बचाने का प्रयास किया।

इस पर आरोपियों ने उनसे भी झूमाझटकी कर दी। आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। देर रात वकील ने घटना की शिकायत निशातपुरा थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट और झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## घर की दीवार की पुताई को लेकर रिटायर्ड आईपीएस और रिटायर्ड इंजीनियर का परिवार आपस में भिड़ा

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित वैशाली नगर कोटरा में घर की दीवार पुताई कराने को लेकर रिटायर्ड आईपीएस और पड़ोस के मकान में रहने वाले रिटायर्ड अधीक्षक यंत्री का परिवार आमने-सामने हो गया। विवाद बढ़ने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों को समझाइश देकर थाने ले आई। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से शिकायती आवेदन ले लिया। पुलिस आवेदन जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोनों परिवारों के बीच हुए विवाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

**दोनों पक्षों ने पुलिस से की शिकायत, पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू की, जांच के बाद होगी कार्रवाई**

वायरल वीडियो में अधीक्षक यंत्री के परिवार के युवा अपशब्द कह रहे हैं। पुलिस के अनुसार सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी 85 वर्षीय हरिशंकर सोनी वैशाली नगर कोटरा में परिवार के साथ रहते हैं। उनके साथ उनके बेटे और बहू भी रहती हैं। सोनी के घर में पुताई चल रही है। पुताई होने का पड़ोस में रहने वाले पीएचई विभाग से रिटायर्ड अधीक्षक यंत्री आरबी राय ने विरोध किया। सोनी ने उनसे यह अनुरोध किया वह अपने घर की दीवार पर पुताई कराना चाहते हैं। इस पर आरबी राय ने आपत्ति जताई और पुताई न करने की हिदायत दे दी। अगले दिन जब मजदूर काम करने पहुंचे तो राय और उनका बेटा गीतेश राय मौके पर पहुंच गए और फिर विरोध करने लगे। दोनों ने सोनी परिवार की बहू से विवाद शुरू कर दिया और अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। थाना प्रभारी निरूपा पांडे का कहना है दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। थाने में दोनों पक्षों से शिकायती आवेदन ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मामी के साथ रह रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित डीपीएस झुग्गी में पानी की टंकी के पास रहने वाले एक युवक ने फांसी लगा ली। उसकी लाश गुरुवार सुबह किचन में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। लिहाजा आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला है। सीमॉन लॉरेंस पिता लॉरेंस जॉन (23) डीपीएस झुग्गी पानी की टंकी के पास रहता था और मजदूरी करता था। बुधवार रात करीब 8 बजे वह घर आया था। इसके बाद खाना खाने के बाद परिजन से सो गए। सुबह नींद खुली तो सीमॉन की लाश किचन में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान नहीं हो सके है। परिजन ने बताया कि मामा की मौत के बाद छह साल से वह मामी के साथ रह रहा था।

नगर के पंडालों में मां के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

# शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम पटवा ने किए माता के दर्शन



**औबेदुल्लागंज।** शारदीय नवरात्रि पावन पर्व की हर तरफ धूम मची हुई है। नगर के पंडालों में माता के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। गुरुवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने रेलवे कॉलोनी स्थित मां शारदा समिति के पंडाल में पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जीतू नंदवंशी, महेंद्र चौहान, माधव यादव, कोमल चौहान, मनोज चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की 24 घंटे कर रहे सेवा



शारदीय नवरात्रि पर हनुमान जन्मोत्सव मनाने वाले सदस्यों ने 10 दिन तक श्रद्धालुओं का निःशुल्क सेवा करने का संकल्प लिया है। नवरात्रि पर्व पर नगर पालिका के सामने सलकनपुर माता के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे चाय, पोहा, खिचड़ी, खीर और पीने के लिए पानी का वितरण कर रहे हैं।

### तामोट से निकाली विशाल चुनरी यात्रा



**तामोट।** नगर में गुरुवार को विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई, जो सलकनपुर के लिए रवाना हुई। इस यात्रा में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चुनरी यात्रा में जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, सुनीता चौहान, प्रीति विश्वकर्मा, वीरेंद्र परसाई, सुरेश तिवारी, बाबूलाल चौहान, रामपाल चौहान, रामकिशोर चौहान आदि शामिल रहे।

### चांद-सितारों में विराजी माता रानी, बनी आकर्षित



**संतनगर।** उपनगर के बैरागढ़ में दुर्गोत्सव की धूम मची है, यहां आकर्षक झांकियां सजाई गई है। इन झांकियों को देखने के लिए भीड़ उमड़ रही है। संत नगर के उपनगर बेहटा गांव पंप हाउस के पास मनमोहक माता रानी की झांकी बनाई गई है, जो चांद सितारों में महाकाल के दीवाने ग्रुप द्वारा बनाई गई है, जो आकर्षण का केंद्र बनी है।

## धूमधाम से मनाया नपा अध्यक्ष का जन्मदिन



**मंडीदीप।** मंडीदीप नगर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल का जन्मदिन उनके निवास पर धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर के उद्योगपति, समाजसेवी, शिक्षक सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ देकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल को बधाई दी। इस मौके पर उनके पति पूर्व बीजेपी जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, बीजेपी पार्षद जयपाल सिंह राजपूत, धर्मेंद्र यादव गोल्डी, छोटू आदि लोग मौजूद थे।

व्यापारी महासंघ नगर के विकास और तरक्की के लिए कर रहा कार्य

# औबेदुल्लागंज व्यापारी महासंघ को मजबूत व संगठित करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



व्यापार महासंघ एवं किराना व्यापार संघ मिलकर व्यापारी संगठन को मजबूत बनाने की पहल की जा रहा है। किराना व्यापार संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, व्यापार प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी नीरज चावला, व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, वरिष्ठ श्याम मालवीय, विजय जैन, राजू भाई पटेल, संरक्षक अशोक सेठी, संरक्षक अशोक मित्तल, दिलीप मित्तल, शंकर सेठी, रमेश सेठी, संतोष गुप्ता, गिरीश चावला आदि ने बताया कि व्यापारियों को व्यापार से संबंधित कार्य में आगे आना चाहिए।

पूर्व अध्यक्ष भीम सेन खन्ना, तेज बहादुर जैन, सुभाष मित्तल आदि ने व्यापार संघ में राजनीति नहीं आने दी और न ही व्यापार संघ पर राजनीति को हावी होने किया। सभी व्यापारियों का मानना है कि व्यापारी महासंघ औबेदुल्लागंज के विकास और तरक्की के लिए कार्य करता है। व्यापारियों पर आई समस्याओं को हल कराने में सहयोग करता है। इसीलिए सभी लोगों का मानना है कि व्यापारी महासंघ को मजबूत और संगठित होना चाहिए।

सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का शुभारंभ आज

# सिंधी गरबा महोत्सव की फाइनल रिहर्सल में थिरके हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



सिंधी मेला समिति द्वारा पिछले 25 दिन से चल रहे गरबा प्रशिक्षण की फाइनल रिहर्सल गुरुवार को सुंदरवन गार्डन में संपन्न हुई। सांस्कृतिक सिंधी गरबा महोत्सव के प्रतिभागी पूरे जोश व उत्साह से गरबा में डांडिया करते हुए नजर आए।

सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि गुरुवार को सुंदरवन गार्डन में इस एक दिवसीय ग्राउंड प्रैक्टिस का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी प्रतिभागी ने खूब इंजॉय किया। शुक्रवार शाम 7 बजे से सांस्कृतिक सिंधी गरबे का 4 दिवसीय समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें फूड स्टॉल, बच्चों के लिए झूले एवं यंगसटर्स के टेस्ट को ध्यान में रखते हुए स्टॉल लगाए जाएंगे।

सांस्कृतिक गरबा महोत्सव 2025 के संयोजक अर्जुन दस, सह संयोजक हरीश मेघानी, मीना भागचंदानी, अशोक माता, राम आसूदानी, हरीश विधानी, दीपू सत्तानी, कपिल भाटिया, सुनील मंगवानी, सीमा सबनानी, वंदना दुलानी, सरिता डलवानी, भावना जगवानी, सिया असुदानी, पूजा भाटिया सहित समिति के वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए।

भोजपुर विधासभा क्षेत्र में सेवा पखवाड़े की शुरुआत, कई कार्यक्रम आयोजित किए गए

# विधायक पटवा ने स्थानीय बाजार से ककड़ी और सिंघाड़े खरीदे, स्ट्रीट वेंडर भाई-बहनों से किया संवाद, साफ-सफाई कर बोले- इसकी आदत डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेन्द्र पटवा ने गुरुवार को भोजपुर विधासभा क्षेत्र में सेवा पखवाड़े की शुरुआत की। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। पटवा ने स्वदेशी जागरण के तहत स्थानीय बाजार से ककड़ी एवं सिंघाड़े खरीद कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत औबेदुल्लागंज की सब्जी मंडी में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। जहां विधायक पटवा ने अपने साथियों के साथ झालू भी लगाई। इसके बाद स्ट्रीट वेंडर्स भाइयों-बहनों से संवाद करते हुए उनसे ताजी सब्जियों की खरीदारी भी की।






पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वार्ड 13ए रेलवे कॉलोनी में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। पटवा के नेतृत्व में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि में विशेष सहयोग करने वाले सफाई मित्रों एवं स्वच्छता सहयोगी संस्था, अभिनव संस्था को सम्मानित किया। पटवा ने कहा कि औबेदुल्लागंज स्वच्छता में प्रति वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस वर्ष जिले में प्रथम एवं देश में 63 वां स्थान प्राप्त यह एक छोटे शहर के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा सार्वजनिक स्वच्छता से पूरा समाज सुरक्षित और सुंदर रहता है, यदि हर व्यक्ति अपनी ज़िम्मेदारी निभाए, तो गंदगी अपने आप समाप्त हो जाएगी। वार्ड 13 में भी श्रमदान किया और स्वच्छ ग्रीन पंडाल के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विधायक सुरेंद्र पटवा ने मोटरसाइकिल पर बैठकर औबेदुल्लागंज को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को जागरुकता सदेश दिया।



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण नमन किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा पार्षद दीपू परमार, सुजीत यादव, हेमलता चोरसिया, भूपेन्द्र नागर, मंडल अध्यक्ष, बागीश अग्रवाल, नरेश सेठी, जीतू नंदवंशी रामकिशोर नंदवंशी, माधव यादव, मनोज चोरसिया, सुरजीत सिंह बिल्ले, माया राय, देवेंद्र डैनी, राहुल प्रजापति, कांता पटेल, पुरुषोत्तम शर्मा, नंदू शर्मा, पवन खालसा, महेंद्र चौहान, आमिर ममनून, कोमल चौहान, तहसीलदार नीलेश सरवटे, सीएमओ किरण राहंगडाले, उपयंत्री मुकेश जैन, स्वच्छता प्रभारी सुभाष सराठे, चंद्रभान जैन, जितेंद्र सिरसवाल, कन्हैया धुर्वे, सुशील चतुर्वेदी, सनी अग्रवाल, मोतीलाल परमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पहली प्रस्तुति वियतनाम के कलाकारों की, दूसरी में रोचक एवं आकर्षक प्रसंग प्रस्तुत

# वन की ओर चल पड़े श्रीराम, व्याकुल हुई अयोध्या नगरी...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

म रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर चल रही सात दिवसीय ''अन्तर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव'' के तीसरे दिन वियतनाम के कलाकारों द्वारा रामकथा के प्रसंगों का भव्य मंचन किया गया। इस अवसर पर श्रीलीला गुरुकुल संस्थान, चित्रकूट के कलाकारों द्वारा भी द्वितीय प्रस्तुति स्वरूप श्रीराम वनगमन, केवट संवाद, श्री दशरथ देवलोक गमन, भरत आगमन एवं भरत-कैकेयी संवाद प्रसंगों को रोचक एवं आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों का स्वागत निदेशक, जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी डॉ.धर्मेंद्र पारे ने किया।

**अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का तीसरा दिन**





### प्रसंगों को जीवंतता के साथ अनुभूत कर रहे दर्शक

इसके पश्चात श्रीलाला गुरुकुल संस्थान, चित्रकूट के कलाकारों द्वारा रामकथा के विविध प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। गीत-संगीत, नृत्य, प्रभावपूर्ण अभिनय, सशक्त संवाद और भव्य सेट के साथ जब दर्शकों के सामने यह श्रीरामलीला प्रस्तुत की जाती है तो दर्शक इसे जीवंतता के साथ अनुभूत कर पाते हैं। इस रामलीला की परिकल्पना भी ठीक उसी तरह की गई है कि दर्शक इससे सीधे तौर पर जुड़ सकें।

### राजकुमार रीम का सैनिक ही करेगा मेरा उद्धार



राजकुमार रीम (श्रीराम) के आदेश पर हनुमान लंका की स्थिति का पता लगाने के लिए उड़कर जाते हैं। लेकिन उन्हें रास्ता नहीं पता होता है। मार्ग में थककर वे एक प्राचीन स्तूप के पास विश्राम करते हैं और वहां उन्हें स्वादुस नामक पक्षी मिलता है। हनुमान हँसकर उस पक्षी से मजाक करते हैं कि उसके पास पंख क्यों नहीं हैं। स्वादुस उत्तर देता है: पूर्वजन्म में मैंने भगवान शिव की पत्नी का उपहास किया था, इस कारण मुझे श्राप मिला और मेरे पंख नहीं उगे।

### 200 साल प्राचीन है रामनगर की रामलीला

अन्तर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित रामलीला के मुकुट, मुखौटे एवं परिधानों की प्रदर्शित को भी संयोजित किया गया है। इसी के तहत विश्वविख्यात रामनगर की रामलीला के मुकुट, मुखौटे एवं परिधान प्रदर्शित हैं। वाराणसी के गंगा तट पर स्थित रामनगर अपनी विश्वविख्यात रामलीला के लिए जाना जाता है। यह रामलीला लगभग दो सो वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही है। इसकी स्थापना अठारहवीं शताब्दी में काशी नरेश महाराजा उदित नारायण सिंह ने की थी।

### भारत से आए रामायण का खमेर संस्करण

तीसरे दिन रीम केर नृत्य-नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसमें हनुमान का स्वादुस से मिलना और हनुमान का राक्षस क्रोंग रीप (रावण) से युद्ध दिखाया गया।वियतनाम में खमेर लोग बसते हैं, जो रोबाम नामक नाट्यकला प्रस्तुत करते हैं। रोबाम एक प्राचीन पारंपरिक मुखौटा-नृत्य-नाटक है, जो न केवल एक अनूठी प्रदर्शन कला है बल्कि गहरा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखने वाली अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर भी है। इसकी कथा प्रायः अच्छाई और बुराई के संघर्ष पर आधारित होती है, जहाँ सद्गुण हमेशा विजयी होता है और समाज में न्याय तथा मानव जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करता है।



### इन प्रसंगों का भी मंचन

**श्रीराम वनगमन:** अयोध्या में जब श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियाँ हो रही थीं, तभी कैकेयी ने राजा दशरथ से वरदान माँगा कि राम को 14 वर्ष का वनवास दिया जाए और भरत को राज्य सिंहासन मिले। धर्मपालक श्रीराम ने इसे पिता का वचन और मातृआज्ञा मानकर सहज भाव से स्वीकार कर लिया। माता सीता ने पतिव्रता धर्म निभाते हुए वनगमन में साथ चलने का निश्चय किया और भ्राता लक्ष्मण भी भ्रातृभक्ति से साथ हो लिए। अयोध्या की प्रजा व्याकुल होकर राम के साथ चलना चाहती थी, परन्तु श्रीराम ने उन्हें समझाया और वे वन की ओर चल पड़े।

**केवट संवाद प्रसंग :** वनगमन के मार्ग में गंगा नदी के तट पर श्रीराम, सीता जी और लक्ष्मण पहुँचे। उन्हें गंगा पार करनी थी। उस समय नाविक केवट ने नाव लेकर आने से पहले विनम्रता से कहा – "जैसे पत्थर को आपने चरणस्पर्श से स्त्री बना दिया, वैसे कहीं मेरी नाव भी स्त्री न बन जाए। पहले मैं आपके चरण पखारूँगा, तभी नाव में बैठने दूँगा।

**श्री दशरथ देवलोक गमन प्रसंग :** राम के वनगमन से शोकाकुल होकर महाराज दशरथ का हृदय असहनीय पीड़ा से भर उठा। वे राम-वियोग सहन न कर सके। उन्हें स्मरण आया कि कभी श्रवणकुमार के वध पर श्राप मिला था कि जिस प्रकार मेरे माता-पिता मेरे बिना व्याकुल होकर प्राण त्यागेंगे, वैसे ही तुम भी पुत्र-वियोग से प्राण त्यागोगे। यही श्राप पूर्ण हुआ। "राम, राम" कहते हुए महाराज दशरथ ने प्राण त्याग दिए और देवलोक गमन किया।

**भरत का आगमन और भरत–कैकेयी संवाद :** भरत और शत्रुघ्न उस समय ननिहाल गए हुए थे। जब वे अयोध्या लौटे तो नगर में शोक का वातावरण देखा। उन्हें ज्ञात हुआ कि पिताश्री का निधन हो गया है और श्रीराम, सीता जी, लक्ष्मण वन को चले गए हैं। भरत यह सुनकर व्याकुल हो उठे। उन्होंने माता कैकेयी से सच्चाई पूछी। कैकेयी ने कहा कि यह सब उसके वरदानों के कारण हुआ है ताकि भरत को राज्य मिले। यह सुनकर भरत का हृदय ग्लानि और रोष से भर गया। उन्होंने माता को कठोर वचनों से धिक्कारा और स्पष्ट कहा कि मैं इस राज्य को कभी स्वीकार नहीं करूंगा, यह केवल श्रीराम का ही है।

# बुनकरों को रोजगार, कला को सम्मान और स्वदेशी को बढ़ावा देना है लक्ष्य : फैशन डिजाइनर अनामिका

**भोपाल की फैशन**

*अनामिका ने स्थानीय बुनकरों को लेकर शुरू की पहल*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी की ताकत को नई दिशा देने के उद्देश्य से राजधानी की फैशन डिजाइनर अनामिका ज्ञानेंद्र सिंह ने एक नई पहल शुरू की है। उनका लक्ष्य केवल परिधान गढ़ना नहीं, बल्कि बुनकरों और शिल्पियों को जोड़कर स्वदेशी की उस परंपरा को सशक्त करना है, जिसने भारतीय संस्कृति को सदियों से जीवंत बनाए रखा है।

अनामिका ने भोपाल और आसपास के 30 से अधिक बुनकरों को साथ जोड़कर हस्तशिल्प और हाथकरघा के क्षेत्र में काम की शुरुआत की है। विशेष रूप से उन्होंने चंदेरी और खादी जैसी स्वदेशी पहचान वाले वस्त्र विधाओं पर ध्यान केंद्रित किया है। उनका मानना है कि ये वस्त्र केवल कपड़ा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और परंपरा की धरोहर हैं। बुनकरों के कौशल को मंच देने और स्वदेशी को प्रोत्साहित करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

### बुनकरों की कला को पुनर्जीवित करना है

अनामिका कहती हैं कि मेरी यह यात्रा अचानक नहीं शुरू हुई। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से फैशन डिजाइनिंग, जूलरी डिजाइनिंग और टेक्सटाइल डिजाइनिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने निश्चय किया वे अपने कौशल को केवल आधुनिक फैशन तक सीमित नहीं रखेंगी। बल्कि वे इसे स्वदेशी और बुनकरों की कला को पुनर्जीवित करने में लगाएंगी। इसी क्रम में 27 सितंबर से वे त्रिलंगा में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है।

### अंतरराष्ट्रीय मंच तक ले जाने की तैयारी

अनामिका कहती हैं कि उनकी प्रतिबद्धता और नवाचार का परिणाम है कि आज बुनकर उनके साथ जुड़कर न केवल रोजगार पा रहे हैं, बल्कि उनकी कला को राष्ट्रीय मंच पर पहचान भी मिल रही है। अनामिका ने अब तक गोवा, जयपुर और दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के फैशन शो में भागीदारी की है और अपनी कृतियों के माध्यम से स्वदेशी को अंतरराष्ट्रीय मंच तक ले जाने की तैयारी कर रही हैं। अनामिका का कहना है, स्वदेशी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की चाबी है। जब बुनकरों की हाथकरघा पर बुनी चंदेरी और खादी की साड़ियों को मंच मिलता है, तो वह केवल फैशन नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता का उत्सव होता है। उनकी यह पहल प्रदेश में स्वदेशी आंदोलन को नई ऊर्जा दे रही है। बुनकरों को रोजगार, कला को सम्मान और स्वदेशी को बढ़ावा देने के इस मिशन ने अनामिका को केवल एक फैशन डिजाइनर नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की संवाहक बना दिया है।

# गरबा प्रेमियों में तीसरे दिन भी दिखा भारी जोश, भीड़ से खचाखच भरा रहा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर का सबसे बड़ा गरबा महोत्सव,भोजपाल गरबा महोत्सव, अपने तीसरे दिन पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया गया। भेल जंबूरी मैदान पर भारी संख्या में लोग गरबा के रंग में रंगे रहे। मैदान दर्शकों और गरबा प्रेमियों से खचाखच भरा रहा। यह महोत्सव दूसरे साल भी एक यादगार अनुभव दे रहा है, जहां संगीत, नृत्य, और मस्ती का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। गरबा महोत्सव में गुजरात से आई टीम ने अपने गीतों से प्रतिभागियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। गुरुवार को मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कृष्णा गौर, विशिष्ट अतिथि रामेंद्र सिंह रहे। इस मौके पर पार्षद जीत ठाकुर, बी शक्ति राव,अशोक गुप्ता असाटी, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संजोयक विकास वीरानी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मंत्री गौर ने सर्कल में पहुच कर प्रतिभागियों के साथ गरबा किया।

### भोजपाल गरबा महोत्सव में तीसरे दिन भी रही धूम, 29 तक आयोजन



### तीसरे दिन भी रही भारी भीड़

आयोजन के तीसरे दिन भी भारी भीड़ रही। एक लाख किलोवॉट के दमदार साउंड सिस्टम और गुजरात से आए संगीत बैंड ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया।

### सितारों का धमाल जारी रहेगा

इस महोत्सव में बॉलीवुड और टीवी जगत के सितारे लगातार अपनी चमक बिखेर रहे हैं। 27 सितंबर को टीवी की 'अंगूरी भाभी' यानी शिल्पा शिंदे अपनी प्रस्तुति देने आ रही हैं, जो निश्चित रूप से दर्शकों को गुदगुदाएंगी। 29 सितंबर को प्रसिद्ध बुंदेली गायिका कविता शर्मा अपनी दमदार आवाज में बुंदेली गीतों की प्रस्तुति देंगी। जिसका शहरवासियों को बेसब्री से इंतजार है।

### विजेताओं को मिला सम्मान

महोत्सव में सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि प्रतिभा का सम्मान भी किया गया। भोपाल गरबा महोत्सव समिति और मोबाइल गैजेट्स पिपलानी की ओर से कई श्रेणियों में प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- स्वावलंबन, स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत था पं. उपाध्याय का मूलमंत्र

*मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालघाटी स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कन्या पूजन एवं पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी का बीज आत्मनिर्भर का वृक्ष बनेगा। जीएसटी रिफॉर्म से स्वदेशी बाजार को ताकत मिलेगी। हमारी पार्टी 'सेवा पखवाड़ा' के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से लेकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह चलाएगी, जो हमें प्रेरणा देगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने हमारी विचारधारा को एक दिशा दी।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आगे बढ़ाना है : खण्डेलवाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने हमारी विचारधारा को एक दिशा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण के लिए आज जो कार्य कर रहे हैं उसमें पं. दीनदयाल उपाध्याय का व्यक्तित्व नजर आता है। हम सब पार्टी के कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय के बताए गए मार्गों पर चलते हैं। जीवन में कितनी भी कठिनाई आए हमें उनके बताए गए मार्गों पर चलकर उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाना है।

### आज भी स्वदेशी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता : डॉ. मोहन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का मूल मंत्र स्वावलंबन, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 'सेवा पखवाड़ा' के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से लेकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह चलाया जा रहा है। आज भी स्वदेशी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। पं. दीनदलाय उपाध्याय ने अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक का सुख की कामना करते हुए एकात्मवाद का जो दर्शन दिया था, उसका मूल मंत्र भी स्वावलंबन, स्वदेशी, आत्मनिर्भर और गांवों में हमारी बनी हुई व्यवस्थाएं है।

**सीएम ने कन्या पूजन एवं पौधरोपण भी किया**

**प्रदेश भर में एक साथ शुरू हुए स्वच्छता कार्यक्रम**



### मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में किए दर्शन

इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने 'सेवा पखवाड़ा' के तहत शास्त्री नगर, वार्ड नंबर 32 में मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। भदभदा सेतु ज्यूडीशियल अकादमी के पास उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के साथ पौधरोपण किया। इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

### प्रदेश भर में एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गुरूवार को प्रदेश भर में एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल के शास्त्री नगर, वार्ड नंबर-32 में मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में दर्शन करने के पश्चात मंदिर परिसर में साफ-सफाई की। भदभदा सेतु ज्यूडीशियल अकादमी के पास उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के साथ पौधारोपण किया। इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जवाहर चौक पर स्थित दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से जीएसटी की दरों में की गई कटौती की जानकारी देते हुए चर्चा की। इसके साथ ही प्रदेश के सभी बूथों पर पं. दीनदयाल की जयंती मनाई गई।

## नेहरू नगर स्थित मंदिर में हो रही है शक्ति की आराधना

# मनोकामेश्वरी मंदिर: मंदिर में जल रही 174 अखंड ज्योति, विदेशों से भक्त ऑनलाइन करते हैं दर्शन

**नवरात्रि विशेष**
देवी मंदिर परिक्रमा


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवरात्रि में नौ दिनों तक मंदिरों व घरों में अखंड ज्योति जलाकर माता रानी की आराधना की जा रही है। कई श्रद्धालु अलग-अलग मंदिरों में संकल्प लेकर अखंड ज्योति जलाते हैं। इसमें अमेरिका सहित कई देशों में रहने वाले भारतीय भी शहर के मंदिरों में अखंड ज्योति जला रहे हैं। इसके लिए वे ऑनलाइन संकल्प लेते हैं और ज्योति के दर्शन करते हैं। शहर के नेहरू नगर डी सेक्टर स्थित मनोकामेश्वरी मंदिर में अनेक श्रद्धालु नवरात्र के दिनों में अखंड ज्योति जलाते हैं। मंदिर के पं. छोटेलाल दुबे ने बताया कि माता रानी का यह काफी प्राचीन मंदिर है। यहां माता रानी से लगाई अर्जी पूरी होती है। भक्त माता रानी अखंड ज्योति जलवाते है। साथ ही ऑनलाइन दर्शन करते है।



### विदेशी श्रद्धालुओं में भी आस्था





भक्त कार्तिक दुबे बताया कि मैं कई सालों से माता रानी की सेवा व दर्शन करने आ रहा है। माता रानी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। यहां नवरात्र में यहां अखंड ज्योति जलाई जाती है। नवरात्र में अनेक श्रद्धालु अखंड ज्योति जलाते हैं। कई लोग अमेरिका में रहते है, ऑनलाइन जुड़कर अखंड ज्योति जलवा रहे है। इसके अलावा कुछ और देशों के श्रद्धालुओं ने भी ज्योत जलवाई है। इसके अलावा देश में मुंबई, पूणे, हैदराबाद, गाडरवारा सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु अखंड ज्योत जलाते हैं।

### जल रही ज्योति, पूरा कमरा हो जाता है गर्म



मंदिर में अखंड ज्योति के लिए एक अलग ही कमरा है। इसके अंदर माता रानी की एक प्रतिमा की स्थापना की गई है और यहां अखंड ज्योति के कलश रखे हुए है। स्टील के कलशों पर दीपक लगाकर यह ज्योति जलाई जाती है। यहां कुल 174 ज्योति जलाई जा रही है, इसमें घी की 65 और 120 तेल की है।

## अब डिप्टी कलेक्टर भुवन गुप्ता को जिम्मेदारी

# डीपीसी यादव को प्रभार से हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला शिक्षा केंद्र में पदस्थ जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरके यादव ने कलेक्टर को इस्तीफा दे दिया है। कलेक्टर ने अब जिला शिक्षा केंद्र का जिम्मा डिप्टी कलेक्टर भुवन गुप्ता को सौंपा है। करीब चार महीने पहले भोपाल डीपीसी रहे ओपी शर्मा को लेन-देन की आडियो रिकार्डिंग वायरल होने के बाद हटा दिया गया था। इसके बाद प्रभार डॉ. आरके यादव को सौंपा। बताया जा रहा है कि डीपीसी यादव ने कलेक्टर से प्रभार से मुक्त करने का अनुरोध किया था। डॉ. यादव ने स्वास्थ्य कारणों से प्रभार से मुक्त करने की बात बताई है।

## जोबट विधायक के करीबी पर केस दर्ज

# युवक की नवोदय के पास हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ आलीराजपुर

तालाब फलिया क्षेत्र के एक युवक की गुनवोदय विद्यालय के पास अज्ञात आरोपियों ने हत्या कर दी। वारदात के बाद कुछ अज्ञात युवक उसे घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन युवक की मौत हो गई। इसके बाद वे युवक मौके से भाग निकले। बताया जाता है कि आकाश पिता वीरेंद्र रावत निवासी बोरखेड़, अतिन कनेश निवासी बोरखेड एवं केरला पिता होशियार सिंह को इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया। सूत्रों का कहना है कि जोबट विधायक सेना पटेल के करीबी परिवार के कुछ सदस्य इस हत्याकांड में शामिल हैं।

## वांगचुक ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

# मुझे 'बलि का बकरा' बनाया, अगर जेल भेजा तो हालात होंगे और गंभीर

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख में भड़की हिंसा पर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो सरकार की दिक्कतें उनकी आजादी से कहीं ज्यादा बढ़ जाएंगी। वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही है जबकि असली समस्या को नजरअंदाज कर रही है।

**जलवायु कार्यकर्ता की धमकी**

> वांगचुक ने गुरुवार को गृहमंत्रालय के उस बयान को खारिज किया जिसमें बुधवार की हिंसा के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बलि का बकरा तलाश रही और असली समस्या को नहीं देख रही है।

### सरकार को दी चेतावनी- मैं जेल जाने को तैयार, लेकिन सरकार की परेशानी बढ़ेगी

#### मुझे 2 साल के लिए जेल भेजा जा रहा

मैं देख रहा हूं कि पीएसए (जनसुरक्षा कानून) के तहत मुझे दो साल के लिए जेल भेजने की तैयारी हो रही है। मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन याद रखिए, जेल में सोनम वांगचुक सरकार के लिए बाहर के वांगचुक से कहीं ज्यादा परेशानी का सबब बनेगा।

#### युवाओं की बेचैनी असली वजह



वांगचुक ने कहा कि हिंसा की जड़ युवाओं की नाराजगी और लंबे समय से अनदेखी की जा रही मांगों में है। उन्होंने कहा कि छह साल से बेरोजगारी और अधूरे वादों ने युवाओं का धैर्य खत्म कर दिया है। सरकार आंशिक आरक्षण का दिखावा कर रही है, जबकि असली मांग राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का विस्तार अब भी अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर दोषारोपण की राजनीति कर रही है। यह कदम शांति की राह नहीं खोलता, बल्कि हालात को और भड़काता है।

#### लद्दाख में अब तक की सबसे बड़ी हिंसा

बुधवार को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में आंदोलन हिंसक हो उठा। पत्थरबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ के बीच चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

#### लेह जिले में कर्फ्यू लागू

गुस्साई भीड़ ने भाजपा कार्यालय और हिल काउंसिल को निशाना बनाया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने आंसू गैस के गोले दागे। प्रशासन ने एहतियातन पूरे लेह जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया है।

#### गृहमंत्रालय और उपराज्यपाल बोले

### कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो न फैलाएं

गृह मंत्रालय ने कहा कि हिंसा भड़काने के पीछे राजनीतिक रूप से प्रेरित व्यक्तियों और वांगचुक जैसे नेताओं के भड़काऊ बयान जिम्मेदार हैं।



मंत्रालय ने चेतावनी दी कि कोई भी पुराना या भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर न फैलाए। मंत्रालय के अनुसार, लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस से लगातार संवाद जारी है। उच्च स्तरीय समिति की अगली बैठक 6 अक्टूबर को होगी, जबकि 25 और 26 सितंबर को भी बैठकें निर्धारित हैं। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन लेह की हिंसा सुनियोजित साजिश का नतीजा थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने माहौल बिगाड़ा है, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरिद्वार नकल प्रकरण में 2 को किया निलंबित



**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार नकल प्रकरण के बाद कड़े शब्दों में कहा है कि सरकार राज्य में एक-एक नकल माफिया को चुन-चुन कर गिरफ्तार करेगी और सजा दिलाएगी। 2 को निलंबित किया है। धामी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 4 साल में पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से भर्तियां की गईं।

### ओडिशा में टक्कर से 6 लोगों की मौत



**सुंदरगढ़।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हादसा एनएच-520 हाईवे पर कोइड़ा ब्लॉक के तहत के बलांग थाना क्षेत्र में हुआ। गुरुवार को एक प्राइवेट बस राउरकेला से कोइड़ा की ओर जा रही थी, तभी हादसा हुआ।

### रिन्यूएबल एनर्जी 5 माह में 27 गीगावाट बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत में रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित करने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में कुल 27 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी गई। इसमें से अगस्त तक 20 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित की गई।

### फिरोजाबाद के स्कूल के मैदान में रामलीला होगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक स्कूल के मैदान में चल रही रामलीला को रोकने के लिए कहा गया था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि त्योहार की तैयारियां पहले से शुरू हो चुकी हैं, इसलिए कार्यक्रम जारी रहेगा।

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# तेज विकास के लिए आर्थिक सुधार के साथ आत्मनिर्भरता जरूरी, यूपी में निवेश अहम



भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा
निजी निवेश के साथ व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी

**उत्तर प्रदेश विकास में सबसे आगे**

एजेंसी ▶▶ नोएडा

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत की तेज विकास यात्रा, आर्थिक सुधारों और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को शोध, विनिर्माण और व्यापार में आत्मनिर्भर बनना होगा और निजी निवेश के साथ-साथ एक व्यापक ईकोसिस्टम तैयार करना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि शोध के क्षेत्र में निवेश को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। निजी निवेश अब अनिवार्य हो चुका है और हमें स्वदेशी रिसर्च, डिजाइन और डेवलपमेंट का संपूर्ण ईकोसिस्टम बनाना होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश की निवेश संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी क्रांति से लॉजिस्टिक्स लागत घटी है। यूपी देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य है, सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यहां हैं और यह दो बड़े फ्रेट कॉरिडोर का केंद्र है।

#### अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया'

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अब हर रक्षा उपकरण पर 'मेड इन इंडिया' की पहचान है और उत्तर प्रदेश इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। रूस के सहयोग से जल्द ही यूपी में एके-203 राइफल का उत्पादन शुरू होगा।



#### अल्टीमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर हो रहा आयोजन

यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक चलेगा। अल्टीमेट सोर्सिंग बीइंग हियर थीम पर आधारित इस आयोजन में 2,200 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं और यहां 1,25,000 से ज्यादा बी2बी और 4,50,000 से अधिक बी2सी विजिटर आने की उम्मीद है। रूस इस बार का पार्टनर देश है। आयोजन में हस्तशिल्प, वस्त्र, चमड़ा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आयुष और अन्य क्षेत्रों के उत्पादों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति और व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

#### नमामि गंगे से उत्तर प्रदेश क्रूज टूरिज्म के मानचित्र पर आया

उन्होंने बताया कि नमामि गंगे योजना के कारण उत्तर प्रदेश क्रूज टूरिज्म के मानचित्र पर आ गया है और राज्य हेरिटेज टूरिज्म में भी पहले स्थान पर है। स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल उत्पादन में नए कीर्तिमान बना रहा है। आज भारत के करीब 55 प्रतिशत मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बनते हैं। यहां एक बड़ा सेमीकंडक्टर संयंत्र भी जल्द शुरू होने वाला है, जिससे आत्मनिर्भरता को और मजबूती मिलेगी।

### राजस्थान के बांसवाड़ा में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

## 3 ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, कांग्रेस के दिए जख्म भर रही भाजपा सरकार



बांसवाड़ा। वे राजस्थान के बांसवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने 1,22,100 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वंदे भारत समेत 3 ट्रेनों को हरी झंडी दी।

#### देश में विकसित होने के लिए तेज गति से काम हो रहा

पीएम ने कहा कि आज भारत विकसित होने के लिए तेज गति से काम कर रहा है। इसमें राजस्थान की भी बड़ी भूमिका है। पानी, बिजली, शहद से जुड़ी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है।

#### 2.5 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया

पीएम मोदी ने कहा कि जब 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया तब देश के 2.5 करोड़ घर ऐसे थे जहां बिजली का कनेक्शन नहीं था। देश के 18 हजार गांव में बिजली का खंभा भी नहीं लगा था।

#### 90 हज़ार करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए

पीएम ने कहा 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट एक साथ शुरू होना दिखाता है कि देश बिजली की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

### मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

# अब डाक मतपत्रों की गिनती पहले, फिर गिनेंगे ईवीएम

बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों का यह नया नियम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है।

अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो। अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के अनुसार ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी।

#### पहली बार बिहार में लागू होगी व्यवस्था

नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी।

#### पर्याप्त संसाधन बनाने होंगे

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनती कर्मी लगाए जाएं। इसका उद्देश्य गिनती में देरी को रोकना और प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना है।

#### डाक मतपत्रों की संख्या बढ़ी

आयोग ने बताया कि हाल ही में दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से मतदान की सुविधा शुरू की गई है। इसके चलते डाक मतपत्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना बेहद जरूरी हो गया है।


#### पारदर्शिता और भरोसा बढ़ेगा

चुनाव आयोग का मानना है कि इस नए कदम से चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा और मजबूत होगा। डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने तक अंतिम ईवीएम गिनती को रोके रखने का निर्णय सभी उम्मीदवारों और दलों को यह आश्वासन देगा कि मतगणना में किसी तरह की जल्दबाजी या असमानता नहीं होगी।

### विशुद्धानंद महाराज बोले

## जो हिंदू एक बच्चा पैदा करे व विदेश भेजे वह देशद्रोही

एजेंसी ▶▶ पुरी



जगन्नाथ पुरी के विशुद्धानंद महाराज ने कहा कि जो हिंदू एक बच्चा पैदा करता है और उसे विदेश भेजता है उसे देशद्रोही करार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। ये बयान देते हुए उन्होंने क्षमा भी मांगी। एक कार्यक्रम में महाराज ने कहा कि आजकल हिंदू बच्चा पैदा करता ही नहीं है। हिंदुओं में थोड़ी राष्ट्रभक्ति की कमी है। उन्होंने कहा कि सबसे मन में भावना होती है कि एक बच्चा पैदा करेंगे, विदेश भेजेंगे, पढ़ाएंगे और हमको गर्व की अनुभूति होगी कि हमारा बच्चा लंदन में पढ़ता है, जर्मनी में पढ़ता है। उन्होंने कहा कि जो बाहर गया वो तो गया, वो तो नहीं आएगा। ऐसे में तो तुम्हारा वोट गया, धर्म गया। ये कैसा चिंतन है। उन्होंने कहा कि अगर विदेश ही भेजना है तो 4 बच्चे पैदा करो। उन्होंने कहा कि एक बच्चा पैदा करने वालों को साधु-संतों का आशीर्वाद नहीं मिलेगा।

### रील्स के फेर में सबसे बड़ी घटना

## गयाजी में एक साथ डूबे नौ लोग, पांच की हो गई मौत

एजेंसी ▶▶ गया जी



गया जी जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के केनी पुल के पास गुरुवार को एक दर्दनाक घटना हुई। बताया जा रहा रील बनाने के चक्कर में 9 किशोर गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने मदद के लिए दौड़ लगाई और सभी 9 किशोरों को नदी से बाहर निकाला गया। उन्हें बेलागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान 2 गंभीर घायल किशोरों को बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। 7 अन्य को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया, जिनमें से 5 किशोरों की मौत हो गई। सभी किशोर स्कूल से लौट रहे थे, तभी रील बनाने के चक्कर में नदी के किनारे चले गए और गहरे पानी में जाने से यह हादसा हुआ। एसडीएम केशव आनंद ने बताया कि अंचलाधिकारी और थाना अध्यक्ष की पहल पर 6 किशोरों की पहचान हो गई है।

### पीएम मोदी ने दी पं. दीनदयाल को श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की विचारधारा और विकास यात्रा में उनके योगदान को याद किया। अपनी पोस्ट में कहा कि भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। देश को समृद्धि की राह दिखाने वाले उनके राष्ट्रवादी विचार और अंत्योदय के सिद्धांत विकसित भारत के निर्माण में बहुत काम आने वाले हैं। उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दर्शन और अंत्योदय का दृष्टिकोण भारत के विकास मॉडल को प्रेरित करता है। इसके साथ ही अन्य कई नेताओं ने भी उन्हें नमन किया।

### मुंबई में बोले केंद्रीय गृहमंत्री शाह


## वैश्विक स्तर पर चमकी भारत की अर्थव्यवस्था मोदी सरकार में गरीबों तक पहुंची बैंकिंग सुविधा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के विश्लेषक भारत की विकास गाथा को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में हुए सुधारों को ऐतिहासिक बताया। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र में उन सुधारों की शुरुआत की, जो वर्षों तक भ्रष्टाचार और अपारदर्शिता से ग्रसित रहा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने निर्णायक कदम उठाए।

#### दस वर्षों में देश में 53 करोड़ खाते खुले

विश्लेषक भी विकास मान रहे



शाह ने बताया कि बीते 10 वर्षों में देश में 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए। इसका उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को भी बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच दिलाना था। उन्होंने कहा कि इससे देश की आर्थिक संरचना मजबूत हुई। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने पहली बार नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) की जानकारी को पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत किया। इससे न केवल बैंकों की कार्यप्रणाली में सुधार आया बल्कि निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा।

#### भारत की छवि मजबूत

शाह ने कहा कि भारत की विकास दर और सुधारों ने वैश्विक स्तर पर देश की छवि को मजबूती दी है। अब दुनिया भारत को आर्थिक शक्ति के रूप में देख रही है। शाह ने भरोसा जताया कि आने वाले वर्षों में भारत और तेजी से विकास करेगा और विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

### समीर ने शाहरुख-गौरी पर लगाया छवि खराब करने का आरोप

# दिल्ली हाइकोर्ट पहुंचे, 2 करोड़ का हर्जाना मांगा

## रेड चिलीज और गौरी खान पर मामला दर्ज कराया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीबी के पूर्व अफसर समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के स्वामित्व वाली रेड चिलीज और गौरी खान पर दिल्ली हाईकोर्ट में मामला दर्ज कराया है। समीर ने आर्यन खान की वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उनकी छवि को गलत तरीके से दिखाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि सीरीज में झूठी, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक सामग्री है, जिसका उद्देश्य उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है। सीरीज का निर्देशन आर्यन खान ने किया है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। उन्होंने शो की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने का निर्देश देने की भी मांग की है।

#### कैंसर रोगियों के इलाज के लिए मांगी यह बड़ी रकम



शो के एक सीन जिसमें एक कैरेक्टर 'सत्यमेव जयते' का पाठ करने के बाद अश्लील इशारा करता है, मुकदमे में दावा किया गया है कि यह राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिसके लिए कानून के तहत सजा का प्रावधान है। अपने मुकदमे में समीर ने कैंसर रोगियों के इलाज के लिए टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल को दान करने के लिए 2 करोड़ का हर्जाना मांगा है।

#### द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में था संबंधित सीन

आर्यन के हालिया रिलीज शो में एक एपिसोड में वानखेड़े पर तंज कसा गया था। समीर क्रूज पार्टी मामले में आर्यन को गिरफ्तार करने वाले एनसीबी अफसर हैं। सीरीज में दिखाया गया कि एनसीबी अफसर बॉलीवुड की पार्टी में रेड डालने पहुंचता है। इस अफसर के हाव-भाव और शकल काफी हद तक समीर वानखेड़े से मिलते थे।

#### याचिका में लगाए गंभीर आरोप

समीर ने प्रोडक्शन हाउस, नेटफ्लिक्स और अन्य के खिलाफ स्थायी और अनिवार्य राहत निषेधाज्ञा, घोषणा और हर्जाने के रूप में राहत मांगी है। उन्होंने यह भी कहा है कि वह आर्यन खान के निर्देशन में बने पहले शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में एक झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानि करने वाले वीडियो से वह आहत हैं। उन्होंने याचिका में दावा किया कि यह सीरीज नशीली दवाओं के खिलाफ प्रवर्तन एजेंसियों को गलत व अपमानजनक तरीके से दिखाती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह सीरीज जान-बूझकर समीर वानखेड़े की प्रतिष्ठा को रंग-बिरंगे और गलत तरीके से खराब करने के इरादे से तैयार की गई है।

## अब चलती ट्रेन से दुश्मन के ठिकाने होंगे तबाह

# रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से अग्नि प्राइम मिसाइल का हुआ सफल परीक्षण

*इस पहले प्रक्षेपण को विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया। यह रेल नेटवर्क से बिना किसी बाधा के प्रक्षेपित की जा सकती है। मिसाइल कम प्रतिक्रिया समय में भी प्रक्षेपण करने की क्षमता रखती है*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने अग्नि प्राइम मिसाइल की ट्रेन से लॉन्चिंग का सफल परीक्षण कर लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार सुबह इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मध्यम रेंज की अग्नि प्राइम मिसाइल को रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर सिस्टम से दागा जा सकेगा। यह अगली पीढ़ी की मिसाइल ट्रेन से ही लॉन्च होकर 2000 किलोमीटर तक की रेंज में किसी भी लक्ष्य को भेद सकती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मिसाइल को कई और अहम विशेषताओं से सुसज्जित है। इसे आज विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल-आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया। यह अपनी तरह का पहला लॉन्च है, जो कि बिना किसी पूर्व शर्त के रेल नेटवर्क पर चलने की क्षमता रखता है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ व सशस्त्र बलों दी बधाई

### मिसाइल को रेल या सड़क मार्ग से आसानी से पहुंचा सकते



### भारत के पास ये मिसाइलें भी

*अग्नि-प्राइम के अलावा भारत के शस्त्रागार में अग्नि-I (700 किमी) मिसाइलों की जगह लेगा, जिसमें पृथ्वी-II (350 किमी), अग्नि-II (2,000 किमी), अग्नि-III (3,000 किमी) और अग्नि-4 (4,000 किमी) बैलिस्टिक मिसाइलें हैं।*

### बिना किसी बाधा के लॉन्च कर सकते

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि अपनी तरह के इस पहले प्रक्षेपण को विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया। यह रेल नेटवर्क से बिना किसी बाधा के प्रक्षेपित की जा सकती है। मिसाइल देश भर में गतिशीलता प्रदान करने के साथ-साथ कम दृश्यता के साथ-साथ कम प्रतिक्रिया समय में भी प्रक्षेपण करने की क्षमता रखती है।



### भारत चुनिंदा देशों में शामिल

रक्षा मंत्री ने बताया कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास मोबाइल रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने की क्षमता है। इस प्रणाली से कम प्रतिक्रिया के समय में प्रक्षेपण करने की सुविधा मिलती है।

### मिसाइल लॉन्च करने का समय कम हुआ

अग्नि प्राइम कई उन्नत एवं नई सुविधाओं से युक्त मिसाइल है। इसमें नई प्रणोदन प्रणाली और समग्र रॉकेट मोटर केसिंग के साथ-साथ उन्नत नेविगेशन और मार्गदर्शन प्रणाली शामिल की गई है। यह एक कैनिस्टर-लॉन्च प्रणाली पर आधारित मिसाइल है। इसके तहत किसी मिसाइल को लॉन्च करने के समय को कम करती है। इसके साथ ही इसकी वजह से मिसाइल का परिचालन भी सुगम होता है।

### पाकिस्तान को ध्यान में रखकर विकसित की गई

*नई मिसाइल भारत को चीन और पाकिस्तान दोनों के किसी खतरे के खिलाफ मजबूती प्रदान करेगी। जहां अग्नि-V पूरे चीन को अपने हमले के दायरे में लाती है, वहीं अग्नि प्राइम को पाकिस्तान को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। अप्रैल में, भारत ने अपने महत्वाकांक्षी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ओडिशा के तट पर एक जहाज से एंडो-वायुमंडलीय इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया था।*



## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का बड़ा ऐलान

# रूस के खिलाफ जंग खत्म होते ही खुद ही छोड़ दूंगा राष्ट्रपति पद

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

रूस के साथ करीब चार साल से चल रही जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ कहा कि रूस के खिलाफ युद्ध खत्म होने के बाद वह राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है और उसके बाद इस पद पर नहीं रहना चाहता। उनका इरादा शांतिकाल में अपने देश का नेतृत्व करने का नहीं है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अगर रूस के साथ सीजफायर हो जाता है, तो वह यूक्रेन की संसद से चुनाव कराने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद जंग खत्म करना है, न कि पद के लिए भाग-दौड़ को जारी रखना। यूक्रेन में जंग की वजह से चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर तमाम आलोचकों ने इस मुद्दे को उठाया है। जेलेंस्की ने कहा कि सुरक्षा स्थिति और यूक्रेन का संविधान, दोनों ही चुनाव कराने में चुनौतियां पेश करते हैं।

**कानून नहीं, हथियार तय करते हैं कौन बचेगा**

### पुतिन को अभी रोकें

*जेलेंस्की ने बुधवार को यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुतिन को अभी रोकना बाद में बंदरगाहों और जहाजों को समुद्री ड्रोन हमलों से बचाने के मुकाबले सस्ता रास्ता है। रूसी हमले की वजह से यूक्रेन को अंडरग्राउंड स्कूल और अस्पताल बनाने पड़े हैं। कौनसा देश ऐसे दिन देखना चाहता है। जेलेंस्की ने कहा कि अगर कोई देश शांति चाहता है, तो उसे हथियारों पर काम करना होगा। यह दुखद है, लेकिन यही हकीकत है। न तो अंतरराष्ट्रीय कानून और न ही सहयोग, बल्कि हथियार तय करते हैं कि कौन बचेगा। उन्होंने यूएन सुरक्षा परिषद पर भी नाराजगी जताई। रूस इसका परमानेंट मेंबर है और उसके पास वीटो का अधिकार है।*

### हर देश को अपनी रक्षा का अधिकार

*जेलेंस्की ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून पूरी तरह काम नहीं करता, जब तक आपके पास ताकतवर दोस्त न हों जो आपके लिए डटकर खड़े रहें। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन को दोस्तों और ज्यादा मजबूत सुरक्षा मिले, तो यह दिखाएगा कि अपने देश की रक्षा करना सभी का अधिकार है। सिर्फ कुछ चुनिंदा देश ही इसके हकदार नहीं हैं। रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों से उन्होंने कहा कि युद्ध बहुत लोगों पर असर डाल रहा है। अब आप तय करें कि शांति में मदद करेंगे या रूस के साथ व्यापार करके युद्ध बढ़ाएंगे।*

## खबर संक्षेप

### तेल अवीव में कार में धमाका, कई घायल



**तेल अवीव।** इजराइल के तेल अवीव में गुरुवार को एक कार में अचानक जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। धमाके के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। विस्फोट की यह घटना ला गार्डिया स्ट्रीट के एक व्यस्त हिस्से में हुई। जोरदार धमाके की आवाज दूर तक सुनी गई और सड़क पर खड़ी कार के परखच्चे उड़ गए। एक शख्स को गंभीर हालत में इलाज के लिए तेल अवीव के इचिलोव अस्पताल ले जाया गया है।

### पूर्व राष्ट्रपति को मिली पांच साल की सजा



**पेरिस।** पेरिस की एक अदालत ने फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में कथित तौर पर लीबिया की सरकार से अवैध फंडिंग लेने के मामले में दोषी पाया है। कोर्ट ने उन्हें विदेश से चुनाव जीतने के लिए गैरकानूनी पैसे लेने के मामले में दोषी ठहराया और पांच साल की सजा सुनाई है। उन्होंने 2007 में राष्ट्रपति बनने के लिए लीबिया के तानाशाह से रुपए लिए थे।

## रक्षा मंत्रालय और एचएएल के मध्य लड़ाकू विमान आपूर्ति को लेकर करार



# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 62370 करोड़ रु. में 97 'तेजस एमके1ए जेट'

*तेजस एमके1ए की खरीद 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक अहम हिस्सा है। यह एलसीए एमके1ए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित लड़ाकू विमान का सबसे उन्नत संस्करण है। यह विमान न केवल भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक ऐतिहासिक करार किया है। इस करार के अंतर्गत भारतीय वायुसेना के लिए 97 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके1ए विमानों की खरीद की जाएगी।

इस समझौते की कुल लागत 62,370 करोड़ रुपए (करों को छोड़कर) है। इसमें 68 सिंगल-सीटर लड़ाकू विमान और 29 ट्विन-सीटर ट्रेनर विमान, साथ ही संबंधित उपकरण और सपोर्ट सिस्टम शामिल हैं। इन विमानों की डिलीवरी वर्ष 2027-28 से शुरू होगी और यह प्रक्रिया छह साल में पूरी होगी।

**सालाना 11750 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा**

**लगभग 105 भारतीय कंपनियां इसके लिए पुर्जे तैयार करेंगी**



### घरेलू रक्षा उद्योग को मिलेगा प्रोत्साहन

*इस करार से न केवल भारतीय वायुसेना की ताकत में बढ़ोतरी होगी, बल्कि घरेलू रक्षा उद्योग और आपूर्ति श्रृंखला को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। एचएएल और इसके साथ काम करने वाली भारतीय कंपनियों को तकनीकी और आर्थिक रूप से बड़ा लाभ होगा। लगभग 105 भारतीय कंपनियां इसके लिए पुर्जे तैयार करेंगी। अनुमान है कि उत्पादन प्रक्रिया के दौरान हर साल करीब 11,750 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होंगे।*

### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

तेजस एमके1ए की खरीद 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक अहम हिस्सा है। यह एलसीए एमके1ए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित लड़ाकू विमान का सबसे उन्नत संस्करण है। यह विमान न केवल भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को मजबूती देगा, बल्कि रक्षा उत्पादन क्षेत्र में देश को वैश्विक स्तर पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### 64 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल की

मंत्रालय के मुताबिक, इन विमानों में 64% से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। जनवरी 2021 में हुए पिछले एलसीए एमके1ए करार की तुलना में इस बार 67 अतिरिक्त उपकरण जोड़े गए हैं। इनमें आधुनिक उत्तम एक्टिव इलेक्ट्रानिकली स्कैंड ऐरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत स्वदेशी प्रणालियां शामिल हैं।

### वायुसेना की शक्ति में बढ़ोतरी होगी

तेजस एमके1ए विमानों के शामिल होने से वायुसेना को तेज, आधुनिक और भरोसेमंद लड़ाकू विमान मिलेंगे। इससे मौजूदा स्क्वाड्रन स्ट्रेंथ को बढ़ावा मिलेगा और मिग-21 जैसे पुराने विमानों के चरणबद्ध हटने के बाद बनी कमी को पूरा किया जा सकेगा।

## तेल के खेल में अमेरिका का बड़ा दांव– भारत को दिया खुला न्यौता

**ऊर्जा मंत्री का बड़ा बयान**

# 'रूस छोड़ो, हमारा तेल लो', हम भारत से प्यार करते, उसे सजा नहीं देना चाहते

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने बुधवार को भारत की तारीफों के पुल बांधे और कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, नई दिल्ली के साथ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने के लिए उत्सुक है। राइट ने जोर देकर कहा कि अमेरिका भारत को शुल्क लगाकर दंडित करना नहीं चाहता, बल्कि शांति चाहता है। और इसी प्रक्रिया में अमेरिका को उम्मीद है कि भारत रूसी तेल की खरीद बंद करेगा क्योंकि अमेरिका के पास तेल उपलब्ध कराने के लिए कई सारे विकल्प मौजूद हैं।



### भारत के साथ ऊर्जा में और सहयोग बढ़ाएंगे

उन्होंने कहा कि भारत के साथ हुए अनुभव ने उन्हें कई क्षेत्रों में भारत के साथ ऊर्जा व्यापार और सहयोग बढ़ाने के अपने विश्वास को और मजबूत किया। राइट ने दोनों देशों के बीच सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला, जिनमें प्राकृतिक गैस, कोयला, परमाणु ऊर्जा, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन और लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) शामिल हैं।

### मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक

*राइट ने कहा कि मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। हम भारत से प्यार करते हैं। हम भारत के साथ और अधिक ऊर्जा व्यापार, अधिक संवाद और आपसी सहयोग की उम्मीद करते हैं।"*

## अमेरिका में यूनुस ने उगला जहर

# हमें भारत के साथ समस्या, वे पूर्व पीएम की 'मेजबानी' कर रहे

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क



बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस ने सरकार की कमान संभाली है। उनकेराज में हिंदुओं के खिलाफ खूब नरसंहार हुआ। उन्होंने अमेरिका के न्यूयॉर्क में बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का जिक्र करते हुए कहा है कि भारत में उनके रहने से दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हुआ। यूनुस ने कहा कि हमें इस समय भारत के साथ समस्या है, क्योंकि उन्हें छात्रों का व्यवहार पसंद नहीं आया। वे हसीना की मेजबानी कर रहे हैं, जो पूर्व पीएम हैं और जिन्होंने यह सारी समस्याएं पैदा कीं और युवाओं की जान ली। इससे भारत और बांग्लादेश के बीच काफी तनाव पैदा हो गया। उन्होंने भारत की ओर इशारा करते हुए कहा कि 'इसके अलावा, दूसरी तरफ से भी कई तरह की झूठी खबरें आ रही हैं, जिनमें तरह-तरह का दुष्प्रचार किया जा रहा है कि यह इस्लामी आंदोलन है जिसने बांग्लादेश पर कब्जा कर लिया है। वे कहते हैं कि मैं भी तालिबान हूं।

## एच-1बी वीजा पर जयशंकर की इशारे में ट्रंप को दो टूक

# वैश्विक कार्यबल की जरूरत को 'नजरअंदाज' करना मुश्किल

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान ओआरएफ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि बदलती दुनिया में वैश्विक कार्यबल की जरूरत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मांग और जनसांख्यिकी को देखते हुए यह स्पष्ट है कि कई देश अपनी राष्ट्रीय आबादी के आधार पर ही श्रमबल की जरूरतें पूरी करने में सक्षम नहीं हैं। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे भागा नहीं जा सकता।

### भारतीय पेशेवर ज्यादा प्रभावित



*जयशंकर ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को इस मुद्दे का समाधान ढूंढना ही होगा। इसके साथ ही उन्होंने मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की कठोर इमिग्रेशन नीतियों और एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर शुल्क का जिक्र करते हुए कहा कि इससे भारतीय पेशेवर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षमताओं और गतिशीलता में हो रहे बदलाव नए कौशल की मांग पैदा कर रहे हैं।*

### व्यापार अपने रास्ते खोल लेता

*जयशंकर ने कहा कि टैरिफ और नॉन-टैरिफ बाधाओं के बावजूद व्यापार अपने रास्ते खोज लेता है और भौतिक व डिजिटल दक्षताओं का लाभ उठाकर नई प्राथमिकताएं तय करता है। उन्होंने कहा कि नई परिस्थितियों में नए व्यापारिक समझौते और व्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। इन बदलावों को ध्यान में रखकर देशों को अनुकूलन की दिशा में काम करना होगा।*

## 1962 के भारत-चीन युद्ध पर सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान

# वायुसेना का इस्तेमाल न करना गंभीर भूल थी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान वायुसेना का इस्तेमाल न करने का फ़ैसला एक गंभीर भूल थी। वायुसेना के इस्तेमाल से चीनी आक्रमण काफ़ी धीमा हो जाता और इससे सेना को तैयारी के लिए और ज़्यादा समय मिल जाता। उस समय भारत के इस एक्शन को बढ़ती हुई आक्रामकता कहा जा सकता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर में देखा गया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में सुरक्षा के हालात बदल गए हैं और अब युद्ध का स्वरूप ही बदल गया है। जनरल चौहान ने यह टिप्पणी बुधवार को पुणे में दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल एसपीपी थोराट की संशोधित आत्मकथा 'रेवेइल टू रिट्रीट' के विमोचन के दौरान एक रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में की। उन्होंने अपने बयान में 1962 युद्ध से दो अहम रणनीतिक सबक की बात की।

*देश में सुरक्षा के हालात बदल गए हैं अब युद्ध का स्वरूप ही बदल गया है*

### पूरी तरह से बदल चुका है भूगोल

सीडीएस ने कहा कि अब भूगोल पूरी तरह बदल गया है और जियो पॉलिटिक्स भी पूरी तरह से बदल चुकी है। फॉरवर्ड पॉलिसी को लद्दाख और नेफा पर एक समान रूप से लागू नहीं किया जाना चाहिए था। दोनों क्षेत्रों में विवाद का इतिहास, सुरक्षा परिदृश्य और भू-भाग बिल्कुल अलग थे। लद्दाख में, चीन पहले ही भारतीय भूभाग के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका था, जबकि नेफा में, भारत का दावा ज़्यादा मजबूत था। मेरे विचार से, दोनों को समान मानना और समान नीतियां अपनाना थोड़ा ग़लत था।

### एयर पावर का इस्तेमाल करना जरूरी

सीडीएस चौहान ने कहा कि भविष्य में चीन के किसी भी आक्रमण को कमजोर करने के लिए एयर पावर का इस्तेमाल जरूरी है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आधुनिक युद्ध में अधिकांश देश किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उपयोग कर रहे हैं।

### एलएसी पर मजबूत और टिकाऊ डिफेंस

दूसरा, अग्रिम मोर्चों पर दूर एक दूसरे से अलग-थलग चौकियां स्थापित करने की रणनीति त्रुटिपूर्ण रही। सीडीएस ने इन नीतियों की आलोचना की और कहा कि यह रणनीति भारतीय सेना की मौजूदा रणनीति के बिल्कुल विपरीत है। भारत की नीति अब एलएसी पर मजबूत, हर मौसम में काम करने लायक बुनियादी ढांचा और टिकाऊ डिफेंस बनाने पर केंद्रित है।

## सोशल मीडिया पर उड़ी फिर पाक की खिल्ली

# यूनएन में चर्चा के दौरान 7 बार अटके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पाकिस्तान को एक बार फिर बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर बोल रहे थे। ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए , जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल भी हो रहे हैं।

### कश्मीर भारत-पाक का मामला: यूएस

*अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूयॉर्क में कहा कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीधा मुद्दा है और अमेरिका की इस मामले में दक्षिण एशिया के दो पड़ोसियों के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है।*

*अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने पर्याप्त मसले हैं और हम इसे (कश्मीर मुद्दे को) भारत और पाकिस्तान पर छोड़ रहे हैं। हमें भारत और पाकिस्तान के बीच दखल देने में कोई रुचि नहीं है।*

# सैमसन की असफलता चिंता का सबब, भारत के पास जितेश को आजमाने का आखिरी मौका

एजेंसी ▶▶| दुबई

मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है। भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया, जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था। पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## टूर्नामेंट में छूटे दस कैच

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिए चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है, जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे। बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेने वाले चक्रवर्ती ने कहा,' इस स्तर पर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता। एक टीम के रूप में हमें सारे कैच लपकने ही होंगे। हम फाइनल में पहुंच गए हैं और कैच नहीं टपकाए जा सकते।' वैसे उन्होंने क्षेत्ररक्षकों का बचाव किया क्योंकि दुबई स्टेडियम की फ्लडलाइट ऊंचे टावर पर नहीं है और फुटबॉल स्टेडियम की लाइट जैसी लगती है। चक्रवर्ती ने कहा,' वैसे 'रिंग आफ फायर' (फ्लडलाइट डिजाइन) से बाधा पहुंचती है क्योंकि यह कभी कभी सीधे आंख पर आती है। हमें इसकी आदत डालनी होगी।'

## श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 का आखिरी मुकाबला आज



## टीम में क्या कर रहे हैं सैमसन

बांग्लादेश के खिलाफ मैच में सैमसन को बल्लेबाजी में शीर्ष सात में भी नहीं उतारा गया और अब सवाल उठता है कि अगर वह अक्षर पटेल के पहले भी आने के लायक नहीं हैं तो टीम में क्या कर रहे हैं। चौथे नंबर पर शिवम दुबे को उतारना समझ में आता है क्योंकि कलाई के स्पिनरों को वह बखूबी खेलते हैं लेकिन मध्यक्रम में बायां-दायां संयोजन रखने के लिए यह सही नहीं था। हार्दिक पंड्या को उनसे पहले बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा और अक्षर के साथ भेजा गया। फील्डिंग कोच रियान टेन डोइशे ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले कहा था,' संजू अभी देख रहा है कि पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कैसे करनी है।' ऐसी भी संभावना है कि सैमसन को श्रीलंका के खिलाफ औपचारिकता के मैच में तीसरे नंबर पर उतारा जाए। समझा जाता है कि शीर्षक्रम के बल्लेबाज के तौर पर सैमसन के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें बाहर नहीं किया जा रहा लेकिन इस प्रारुप में हर खिलाड़ी की अपनी भूमिका है।



## फिनिशर भी है जितेश

जितेश शर्मा मध्यक्रम के बल्लेबाज होने के साथ फिनिशर भी हैं। जितेश ने आईपीएल में पांचवें नंबर पर 18 पारियों में 374 रन बनाए जबकि छठे नंबर पर 15 पारियों में 384 रन जोड़े। सातवें नंबर पर उन्होंने सात पारियों में 178 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ मैच में जसप्रीत बुमराह को भी आराम दिया जा सकता है अगर वह इसके इच्छुक हैं।

## टीमें इस प्रकार

**भारत** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**श्रीलंका** : चरित असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## खबर संक्षेप



### हॉकी : आज से आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज

**कैनबरा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप से पहले शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच मैचों के आस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। भारतीय टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच कैनबरा में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी । पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितंबर को आस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेले जाएंगे जबकि आखिरी दो मैच 30 सितंबर और दो अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के हॉकी वन लीग क्लब कैनबरा चिल के खिलाफ होंगे। महिला जूनियर विश्व कप दिसंबर में चिली के सैंटियागो में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने जून में यूरोप दौरे पर बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेले थे।

### 23 नवंबर से राजस्थान में 'टूर डे थार' साइकिलिंग स्पर्धा



**नई दिल्ली।** राजस्थान 23 नवंबर को अपनी तरह के पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा 'टूर डे थार' की मेजबानी करेगा। खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए कहा इस आयोजन में 300 किमी रिले, 200 किमी और 100 किमी की तीन अलग-अलग वर्गों में रेस प्रतियोगिता होगी। इसमें 2500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस स्पर्धा को बीकानेर के नोरंगदेसर गांव से हरी झंडी दिखाई जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, 'यह रेस अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे पर आयोजित होगी। यह आयोजन थार रेगिस्तान को साहस और दृढ़ता दिखाने के लिए एक मंच के रूप में प्रस्तुत करेगा।'

### महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया, जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरुआत की। हाल में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

## श्रृंखला 2 अक्टूबर से, जडेजा को उपकप्तान की कमान

# वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज में खेलेंगे बुमराह नायर को आराम, पडिक्कल की वापसी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जबकि देवदत्त पडिक्कल ने खराब फॉर्म से जूझ रहे करुण नायर की जगह ली। भारतीय टीम के 15 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने संकेत दिए कि नायर और बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन अब टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा नहीं हैं। ऋषभ पंत की गैर मौजूदगी में रविंद्र जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उपकप्तान बनाया गया है जबकि 25 वर्ष के कर्नाटक के खब्बू बल्लेबाज पडिक्कल और 23 वर्ष के साई सुदर्शन को भविष्य की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।



### पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं

नियमित उपकप्तान ऋषभ पंत अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं है । इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान पंत के पैर में फ्रेक्चर हो गया था। अगरकर ने कहा,' उम्मीद है कि वह नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला तक उपलब्ध हो जाएगा।' विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को टीम में रखा गया है ।

### भारतीय टीम इस प्रकार

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव ।

### बुमराह मिल चुका अच्छा आराम

बुमराह के बारे में अगरकर ने कहा कि उन्हें अच्छा आराम मिल चुका है और वह दो अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला खेलेंगे। अगरकर ने कहा,' बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों मैच खेलना चाहते हैं । यह टीम दोनों टेस्ट के लिए है और वह दोनों खेलेंगे। इंग्लैंड दौरे के बाद अच्छा ब्रेक मिल चुका है और वह पांचवां टेस्ट नहीं खेले थे। एक महीने या पांच सप्ताह का ब्रेक हो चुका है।' नायर के बारे में उन्होंने कहा कि वह मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा सके हैं और इंग्लैंड दौरे पर आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया। उन्होंने कहा,' हमें लगता है कि इस समय पडिक्कल बेहतर विकल्प हैं। काश हम सभी को 15 या 20 टेस्ट दे पाते लेकिन ऐसा नहीं हो सकता।' अगरकर ने कहा ,'' पडिक्कल टेस्ट टीम में रहे हैं। हमने इंग्लैंड में करुण से बेहतर की उम्मीद की थी । पडिक्कल आस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में थे और इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में अर्धशतक लगाया था।'

### ईश्वरन को अंतिम एकादश में नहीं मिला मौका

पिछले तीन चार साल से टीम के साथ लगातार दौरा कर रहे ईश्वरन को अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला है और अब तो वह टीम से भी बाहर हैं। अगरकर ने कहा कि इस फैसले के पीछे बहुत कुछ पढने की जरूरत नहीं है । भारतीय टीम को हालांकि अगले एक साल विदेश दौरा नहीं करना है लिहाजा ईश्वरन का टेस्ट पदार्पण मुश्किल ही लग रहा है । तीसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में एन जगदीशन पर विचार हो सकता है। अगरकर ने कहा,' विदेश दौरे पर 16 या 17 खिलाड़ी जाते हैं और तीसरा सलामी बल्लेबाज भी उसमे होता है । केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन खराब नहीं था। ऐसे में हमे तीसरे सलामी बल्लेबाज की जरूरत नहीं है। जरूरत होगी तो उसे भेजा जा सकता है।''

## क्रिकेट

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ अय्यर को टीम इंडिया की कमान




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रेयस अय्यर को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारत ए का कप्तान बनाया गया है। इससे 50 ओवरों की सीनियर टीम में उन्हें कमान सौंपे जाने की संभावना बन रही है हालांकि वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे।
तीस वर्ष के अय्यर ने हाल ही में बीसीसीआई चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते।

### अभिषके , तिलक राणा खेलेंगे मैच

भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह दूसरे (तीन अक्टूबर) और तीसरे मैच (पांच अक्टूबर) के लिए भारत ए टीम से जुड़ेंगे। रजत पाटीदार को विदर्भ के खिलाफ नागपुर में एक अक्टूबर से होने वाले ईरानी कप मैच के लिए शेष भारत का कप्तान बनाया गया है।

### लाल गेंद से अय्यर ने लिया 6 महीने का ब्रेक

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा,' श्रेयस अय्यर ने बीसीसीआई को लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने के अपने फैसले की जानकारी दी है। ब्रिटेन में पीठ की सर्जरी कराने और अच्छी तरह से ठीक होने के बाद हाल ही में लंबे प्रारुप में खेलते समय उन्हें बार-बार पीठ में ऐंठन और जकड़न का अनुभव हुआ है।'' उन्होंने कहा,'वह इस समय का उपयोग अपनी सहनशक्ति, शरीर की लचीलापन और अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए करना चाहते हैं। उनके इस निर्णय के कारण, ईरानी कप के लिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया।'

## वुमेन आईपीएल

# लीसा नाइटली बनीं मुंबई इंडियंस की महिला कोच



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आस्ट्रेलिया की पूर्व क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विजेता लीसा नाइटली को अपनी महिला टीम का मुख्य कोच बनाया। नाइटली 1997 और 2005 में आस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थी और अब महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं । उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दुनिया की शीर्ष लीगों में कोचिंग की है। मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग की सबसे कामयाब टीम है, जिसने तीन सत्र में दो बार 2023 और 2025 में खिताब जीते हैं मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा,' हम मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा नाइटली का स्वागत करते हैं। महिला क्रिकेट की पुरोधा लीसा ने अपने जुनून, कौशल और जज्बे से उदीयमान क्रिकेटरों को प्रेरित किया है।' नाइटली ने कहा,' मुंबई इंडियंस से जुड़ना फख्र की बात है। इस टीम ने डब्ल्यूपीएल में नए मानदंड कायम किए हैं। इस प्रतिभाशाली समूह के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं ।' नाइटली आस्ट्रेलिया के लिए नौ टेस्ट, 82 वनडे और एक टी20 खेल चुकी है।

### भारत को करनी चाहिए दमदार प्रदर्शन की कोशिश : लैनिंग



**दुबई।** आस्ट्रेलिया की क्रिकेटर मेग लैनिंग का मानना है कि भारत को श्रीलंका के खिलाफ महिला विश्व कप के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन की पूरी कोशिश करनी चाहिए ताकि घरेलू हालात में खेलने का अपेक्षाओं का दबाव हटा सके और आगे की कठिन चुनौती के लिए भी तैयार हो पाए। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम को विश्व कप से ठीक पहले आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में हराया है। भारत के लिए हालांकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने लगातार दो शतक लगाए और दीप्ति शर्मा की अगुवाई में स्पिनरों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8000 से अधिक रन बनने के बाद दो साल पहले विदा लेने वाली 31 वर्ष की लैनिंग ने कहा कि बड़े टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा,' श्रीलंका के खिलाफ मैच भारत के लिए अहम होगा क्योंकि इससे दबाव कम हो जाएगा।'

# भारत-पाकिस्तान के बीच होगा एशिया कप का फाइनल, बांग्लादेश की उम्मीदें ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 के मैच नंबर-17 में 25 सितंबर (गुरुवार) को बांग्लादेश और पाकिस्तान की टक्कर हुई। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए सुपर-चार के इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने बांग्लादेश पर 11 रनों से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

अब 28 सितंबर (रविवार) को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान का सामना भारत से होगा। एशिया कप के 41 सालों के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। मुकाबले में बांग्लादेश को जीत के लिए 136 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी टीम 20 ओवर्स में 9 विकेट पर 124 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से शमीम हुसैन ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। वहीं सैफ हसन (18 रन), रिशाद हुसैन (नाबाद 16 रन) और नुरुल हसन (16 रन) ने भी क्रीज पर जमने की कोशिश की। पाकिस्तान की ओर से शाहीन आफरीदी और हारिस रऊफ ने तीन-तीन विकेट झटके। वहीं सैम अयूब ने दो विकेट चटकाए। मोहम्मद नवाज को भी एक विकेट मिला। पाकिस्तानी टीम ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 135 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद हारिस ने 2 चौके और एक छक्के की मदद से 23 बॉल पर सबसे ज्यादा 31 रनों का योगदान दिया। वहीं मोहम्मद नवाज ने 15 गेंदों का सामना करते हुए 25 रन बनाए, जिसमें दो छक्के के अलावा एक चौका शामिल रहा।



सलमान अली आगा (19 रन), शाहीन आफरीदी (19 रन) और फखर जमां (13 रन) भी दोहरे अंकों तक पहुंचने में सफल रहे। बांग्लादेश की ओर से तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। स्पिन गेंदबाजों रिशाद हुसैन और महेदी हसन को भी दो-दो सफलताएं प्राप्त कीं। मुस्ताफिजुर रहमान को एक विकेट मिला।

# शिकायतें लेकर आईसीसी के द्वार पहुंचे, बीसीसीआई और पीसीबी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ आईसीसी के पास आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बुधवार को दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को ईमेल भेजा है।आईसीसी इस मामले में सुनवाई करेगी क्योंकि साहिबजादा और रऊफ ने लिखित में इन आरोपों का खंडन किया है। उन्हें सुनवाई के लिए आईसीसी एलीट पेनल के रैफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है।

### सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक : पीसीबी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जवाबी कार्रवाई में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की आधिकारिक शिकायत की है, जिन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को आपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई थी। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार की टिप्पणी राजनीतिक थी। अभी तकनीकी तौर पर यह देखना होगा कि शिकायत कब दर्ज कराई गई है।

# बीबीएल में खेलने वाले पहले बड़े क्रिकेटर बने अश्विन

**सिडनी।** आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर से जुड़ गए और इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारत के पहले बड़े क्रिकेटर बने। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अलविदा कहने वाले 39 वर्ष के अश्विन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होने वाले बीबीएल के दूसरे हाफ में उपलब्ध होंगे। अश्विन ने कहा, 'सिडनी थंडर मेरे इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट थे। उनके साथ मेरी बातचीत बहुत अच्छी रही, और हम मेरी भूमिका को लेकर पूरी तरह सहमत हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे डेव वार्नर का खेल बहुत पसंद है। मैं टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए बेताब हूं।' सिडनी थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने इसे बीबीएल के इतिहास में सबसे बड़ा करार बताया। कोपलैंड ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह बीबीएल के इतिहास में यकीनन सबसे बड़ा करार है, पहला भारतीय और खेल का आइकॉन। वह बहुत प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी है।' अश्विन बीबीएल में खेलने वाले पहले भारतीय पुरुष क्रिकेटर होंगे। भारत में जन्में उन्मुक्त चंद और निखिल चौधरी विदेश में प्रवास के बाद बीबीएल में खेले थे।




बिहार सरकार

**अधीक्षक मद्यनिषेध कार्यालय, औरंगाबाद**

अति आवश्यक सूचना

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों से संबंधित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जप्त किया गया है जिसे नीलामी से पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से वाहन मालिकों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवगत कराने का प्रावधान है। वाहन मालिकों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु दिनांक– 07.10.2025 को निर्धारित की गयी है।

यदि निर्धारित तिथि तक वाहन मालिक उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं तो एकपक्षीय विधि सम्मत निर्णय लिया जाएगा एवं नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

**वाहन एवं वाहन मालिकों की विवरणी निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 | थाना/थाना काण्ड सं0 | वाहन प्रकार/निबंधन सं0/ चेसिस सं0/ईंजन सं0 | अधिहरणवाद सं0 | अधिहरण आदेश तिथि | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | वाहन का मॉडल | वाहन का निर्माण वर्ष | वाहन मालिक को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Excise Sadar 34/2025 09.01.2025 | Hero Passion Pro Motorcycle, Reg. No.- MP09VC3147, Che. No.. MBLHAR185HHH50339, Eng. No._ HA10ACHHH48787 | 76/25 | 332/ 28.06.25 | ताराचन्द, पिता– मिश्रीलाल, ग्राम–65 राद्र मुंडला, तिल्लौर खुर्द, मध्यप्रदेश पिन–452001 | Passion Pro | 2017 | 07.10.2025 |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

अधीक्षक मद्यनिषेध
औरंगाबाद

PR- 015877 (Excise) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# 68वीं फिल्म दायरा की शुरू की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान, जो 25 साल से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने अपनी 68वीं फिल्म 'दायरा' की शूटिंग शुरू कर दी है। जिसकी एक खास झलक करीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। करीना कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' के पहले दिन की शूटिंग की झलक शेयर की। फिल्म 'दायरा' का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हैं। इस फिल्म में करीना के अलावा साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगे। 'दायरा' एक क्राइम-ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जो आज के समाज की जटिलताओं को दिखाती है। यह अपराध, सजा और न्याय के बीच के संघर्ष को उजागर करती है। इस साल की शुरुआत में करीना ने फिल्म को लेकर इंस्टाग्राम पर लिखा था कि वह मेघना गुलजार के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं, जिनकी फिल्में जैसे 'तलवार' और 'राजी' उनकी पसंदीदा हैं। उन्होंने पृथ्वीराज के साथ काम करने को भी एक बड़ी उपलब्धि बताया। करीना ने 2000 में जेपी दत्ता की फिल्म 'रिफ्यूजी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें अभिषेक बच्चन भी थे।

# उज्जैन में भस्म आरती में शामिल हुए संजय



**मुंबई।** गुरुवार सुबह बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में नवरात्रि उत्सव के दौरान भस्म आरती में भाग लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। संजय दत्त ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए। जहां वे साधारण पारंपरिक पोशाक में अन्य भक्तों के साथ भक्ति में डूबे दिखे। संजय को मंदिर के नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती करते हुए देखा गया। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'बागी 4' में नजर आए, जिसमें टाइगर श्रॉफ, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अहम भूमिका में थे। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' होगी, जिसमें रणवीर सिंह, आर. माधवन और अक्षय खन्ना जैसे सितारे हैं। यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जो एक गुप्त एजेंट की कहानी पर आधारित है। इसके अलावा संजय 'द राजा साब' और 'केडी - द डेविल' में भी नजर आएंगे। महाकालेश्वर मंदिर मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में है और यह भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि यहां का शिवलिंग स्वयंभू है, जो अपनी शक्ति से प्रकट हुआ है। मध्य प्रदेश में एक और ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर भी है, जो महाकालेश्वर से करीब 140 किमी दूर है।

# एलिस इन बॉर्डरलैंड का तीसरा सीजन रिलीज

**मुंबई।** जापानी सीरीज 'एलिस इन बॉर्डरलैंड'का तीसरा सीजन गुरुवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुका है। फैंस के लिए सबसे ज्यादा खुशी की बात ये है कि इस हिट जापानी साइंस-फिक्शन सीरीज के सभी एपिसोड एकसाथ रिलीज हुए हैं। यानी गुरुवार से सारे एपिसोड नेटफ्लिक्स पर मौजूद हैं। अब फैंस को इस शो के अलग-अलग एपिसोड के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इस सीजन में कुछ छह एपिसोड हैं। दिसंबर 2022 में रिलीज होने वाली इस सीरीज का दूसरा सीजन एक रोमांचक मोड़ पर खत्म हुआ था। जब उसागी (ताओ त्सुचिया) और अरिसु किसी तरह वास्तविक दुनिया में वापस आने में कामयाब रहे।






# जान्हवी ने वरुण, सान्या के साथ संस्कारी अंदाज में मनाई नवरात्रि



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने नवरात्रि का उत्सव पारंपरिक अंदाज में शुरू किया और इसकी तस्वीरें साझा कीं। उनके साथ उनकी आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के सह-कलाकार वरुण धवन, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ और मनीष पॉल भी नजर आए। जान्हवी कपूर ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के अपने को-स्टार्स के साथ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में वरुण, रोहित, सान्या और खुद जान्हवी पारंपरिक स्टाइलिश कपड़ों में नजर आ रहे हैं। जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'हैप्पी नवरात्रि संस्कारी स्टाइल।' पहली तस्वीर में सभी साथ में पोज देते दिखे। बाती तस्वीरों में जान्हवी अकेले और वरुण और सान्या के साथ मुस्कुराते हुए नजर आईं। हाल ही में फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का रोमांटिक गाना 'तू है मेरी' रिलीज हुआ, जिसे सचेत-परंपरा ने गाया और बनाया, जबकि बोल कौसर मुनीर ने लिखे। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# नवरात्रि में 45 सालों से इस देवी गीत की रहती है धूम...



**मुंबई।** 80 के दशक की ब्लॉकबस्टर फिल्म आशा के भजन 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिये' के बिना नवरात्रि फीकी लगती है। 21 मार्च 1980 में नवरात्रि के मौके पर रिलीज की गई इस फिल्म में यूं तो जितेंद्र -रीना रॉय की जोड़ी थी, लेकिन इस भजन को जितेंद्र और टी रामेश्वरी पर फिल्माया गया था। इस फिल्म में रामेश्वरी ने जितेंद्र की ऑनस्क्रीन वाइफ की भूमिका निभाई थी, लेकिन जितेंद्र और रीना रॉय की जोड़ी हिट हो गई थी। जे ओम प्रकाश के निर्देशन में 1980 में बनी फिल्म आशा को लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने संगीत से सजाया था। प्रसिद्ध भजन को एक बार मोहम्मद रफी ने तो एक बार नरेंद्र चंचल ने गाया था। माता रानी पर बनाए गए इस भजन की कशिश 45 साल भी बरकरार है।

# श्रीराम पर बनेगी एनिमिटेड फिल्म कुणाल-मौनी देंगे आवाज



**मुंबई।** भगवान श्रीराम पर बन रही एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम का निर्माताओं ने एलान कर दिया है। साथ ही घोषणा की गई है कि कुणाल कपूर और मौनी रॉय इसमें अपनी आवाज देंगे। इतना ही नहीं, मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। मेकर्स ने गुरुवार के दिन एनिमेटेड फिल्म 'महायोद्धा राम' का ऐलान किया है। इस फिल्म में कई दिग्गज एक्टर्स अपनी आवाज देंगे। फिल्म में श्रीराम की आवाज कुणाल कपूर बनेंगे, तो जिमी शेरगिल भगवान लक्ष्मण की आवाज देंगे। इसके अलावा माता सीता की आवाज मौनी रॉय बनेंगी और लंकाधिपति रावण की दमदार आवाज को गुलशन ग्रोवर देंगे। ये कलाकार अपनी वॉइस से दर्शकों को मोहित कर सकते हैं। यह फिल्म इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज किया जाएगी, जब भगवान श्रीराम के रंग में पूरा देश रंगा होता है। 'महायोद्धा राम' फिल्म 17 अक्टूबर को रिलीज की जाएगी। बता दे ये फिल्म 3 डी वर्जन में दर्शकों को देखने को मिलेगी, जो शानदार अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। 'महायोद्धा राम' फिल्म का निर्देशन रायजादा रोहित जयसिंह वैद द्वारा किया गया है। इसके अलावा फिल्म को अभिमन्यु सिंह और रुपाली सिंह द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। वहीं फिल्म का संगीत आदेश श्रीवास्तव और सौविक चक्रवर्ती द्वारा तैयार किया गया है।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. **66 km/l with E5 petrol under standard tests; mileage may vary. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price and GST benefits are applicable in Madhya Pradesh. Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

**अधिकृत डीलर:** भोपाल: साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलर:** आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइजेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुक्ममणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

SAATCHI & SAATCHI


हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930